e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 86

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
30.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
सोच अच्छी होनी चाहिए क्योंकि नजर का, इलाज तो मुमकिन है लेकिन नजरिए का नहीं।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**

इफ्तार (30/03/23) 06:05
सेहरी (31/03/23) 04:20

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## हर तरफ एक ही नाम, एक ही नारा : जय श्री राम

# रामनवमी आज राम भक्तों में उल्लास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रामनवमी को लेकर पूरे राज्य में भक्ति का माहौल है। आज गुरुवार को रामनवमी है। राज्य की राजधानी सहित सभी जिलों में विभिन्न अखाड़ों के द्वारा आज भव्य झांकी और शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रामनवमी को लेकर पूरी रांची महावीरी झंडा से पट चुका है। वहीं सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रामनवमी पर रांची में भव्य, नयनाभिराम शोभायात्रा वर्षों से निकाली जाती है।लाखों लोग जुलूस को देखने रांची के मुख्य मार्गों पर उमड़ पड़ते हैं। खास कर रांची शहर का रामनवमी का शोभायात्रा विभिन्न गली मोहल्ले से होते हुए शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचता हैं। यहां हर हाथ में महावीरी झंडा, तलवार, शस्त्र प्रदर्शन और उद्घोष करते रामभक्त हनुमान सेवक पदयात्रा करते हुए निवारनपुर के तपोवन मंदिर पहुंचते हैं। यहां पर विधिवत भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की जाती है। बताया जाता है कि यहां 1929 में पहली बार रामनवमी के अवसर पर एक छोटा सा जुलूस निकला था। इस जुलूस में केवल दो महावीरी झंडे थे। इस शोभायात्रा को संभव बनाने वाले व्यक्तियों में रामपदारथ वर्मा, नन्हकू राम, राम बड़ाइक राम,कृष्णलाल साहू, जगदीश नारायण शर्मा, लक्ष्मण राम मोची, जगन्नाथ साहू, गुलाब नारायण तिवारी आदि नामों का उल्लेख मिलता है। लेकिन अगले साल ही 1930 में जो शोभायात्रा निकाली गई थी,उसमें महावीरी झंडों की संख्या बढ़ गई। इधर पलामू में रामनवमी के एक दिन पूर्व बुधवार को मेदिनीनगर शहर थाना में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा एक मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महावीर नवयुवक दल जेनरल और पलामू जिला प्रशासन के लोगों को सम्मानित किया गया। मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के द्वारा इस अवसर पर सबसे पहले श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर को मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान के द्वारा पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया गया। इसके बाद एक-एक कर जनरल के सभी पदाधिकारियों को माला, पगड़ी, मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस तरह गंगा जमुना की तहजीब को पलामू में बरकरार रखा गया। मेदिनीनगर शहर थाना परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान ने की।इस अवसर पर उपायुक्त पलामू आंजनेयुलू दोड्डे, आरक्षी अधीक्षक चंदन सिन्हा, एसडीओ राजेश शाह पलामू डीएसपी ऋषभ गर्ग समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य के हर गांव-हर शहर में आज निकलेगी भव्य शोभा यात्रा



पलामू में मुहर्रम इंतजामिया कमिटी ने महावीर नवयुवक दल जेनरल व प्रशासन को किया सम्मानित

### नौ दिनों तक भक्ति पूर्ण रहा माहौल

नवरात्रि के अवसर पर हर जगह माहौल भक्तिपूर्ण बना रहा। भक्त जन नौ दिनों तक श्री राम और मां की भक्ति में लगे रहे। इतने दिनों तक रामचरितमानस और देवी पाठ से गांव और शहर गूंजता रहा। कई जगहों पर नवाहपरायण पाठ और दुर्गा सप्तशती का पाठ होता रहा। कई जगहों पर अखंड कीर्तन भी हुआ। राम भक्त पूरे नौ दिनों तक भक्ति रस में डूबे रहे।


## सरकार के निर्देश पर पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना की रूपरेखा हुआ तैयार

# आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा 4345 पंचायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। ताकि ग्रामीण जनता को सरकार द्वारा प्रदत्त सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए ग्राम पंचायत सचिवालय भवन को आधुनिक तकनीक एवं न्यूनतम आधारभूत संरचना और सेवा से आच्छादित किया जायेगा। इस योजना को गति देने के लिए पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण की मंजूरी मंत्रिपरिषद से विगत दिनों मिल चुकी है। अब राज्य के 4345 पंचायतों के सुदृढ़ीकरण का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को वित्तीय संसाधन हेतु 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा से प्राप्त अनुदान की राशि उपलब्ध करायी जाती है, परंतु केन्द्रीय वित्त आयोग की राशि का व्यय भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा निदेशों के अधीन किया जाता है। फलस्वरूप वित्त आयोग की अनुदान राशि से सेवाओं एवं सुविधाओं की सतत् उपलब्धता सुनिश्चित करना कठिन है। अतः ग्रामीणों को ग्राम पंचायत सचिवालय भवन में आधारभूत संरचना एवं न्यूनतम सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार अतिरिक्त राशि का व्यय नूतन दायित्वों एवं आधुनिक तकनीकों के प्रयोग के माध्यम से ग्रामीणों को उनके निवास स्थान पर ही समुचित जीवन स्तर एवं सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए करेगी।

**पंचायत सचिवालय में स्थापित होगा प्रज्ञा केंद्रः** पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य सरकार सभी ग्राम पंचायत सचिवालय भवन से पक्की सड़क तक पहुंच पथ सुनिश्चित करेगी। पंचायत सचिवालय में एक प्रज्ञा केन्द्र स्थापित किया जाएगा। सभी पंचायत सचिवालय में बैंक शाखा, एटीएम, पेमेंट बैंक, इंडियन पोस्टल बैंक की शाखा की स्थापना करायी जायेगी। सभी पंचायत सचिवालय में लगभग 100 एमबीपीएस गति का पोस्टपेड नेट कनेक्शन केबल एवं वाईफाई के माध्यम से इंटरनेट सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। वैध विद्युत कनेक्शन, पेयजल, साफ-सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था, स्मार्ट एलईडी टीवी, कंप्यूटर, इन्वर्टर अधिष्ठापित किया जाएगा।



## सिद्धिदात्री



सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यामाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

मां दुर्गा की नौवीं शक्ति को सिद्धिदात्री कहते हैं। जैसा कि नाम से प्रकट है ये सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करने वाली हैं। नव दुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। इनकी उपासना के बाद भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। देवी के लिए बनाए नैवेद्य की थाली में भोग का सामान रखकर प्रार्थना करनी चाहिए।

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक विस चुनाव का बज गया बिगुल

**नई दिल्ली :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 का बिगुल बज गया. चुनाव आयोग ने चुनाव तारीखों की घोषणा कर दी. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉफ्रेंस करते हुए कहा कि राज्य में बुधवार 10 मई को वोटिंग होंगी. वहीं, शनिवार 13 मई को काउंटिंग होगी. चुनाव तारीखों की घोषणा होते ही राज्य में आचार संहिता लागू हो गई है. उन्होंने बताया कि कर्नाटक में पहली बार 80 साल से अधिक उम्र के लोग घर से ही वोट कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि आयोग का जोर रहा है कि ज्यादा से ज्यादा युवा मतदान कर सकें. उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2023 तक 18 साल के होने वाले युवा भी वोट कर सकते हैं.

# फेक न्यूज से निपटना बड़ी चुनौती : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**एजेंसी**


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के दौर में सूचनाओं के व्यापक और त्वरित प्रसार के साथ तेजी से फैलने वाली फेक न्यूज की चुनौती भी सामने आई है। आईआईएस अधिकारियों को फेक न्यूज से निपटने की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने अधिकारियों से तकनीक का उपयोग करने और फेक नैरेटिव बनाने के लिए मीडिया, विशेष रूप से सोशल मीडिया के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा, संयुक्त सचिव संजीव शंकर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और इसके कामकाज के बारे में नागरिकों को जागरूक बनाने में कम्युनिकेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रभावी संचार के माध्यम से और सही जानकारी के साथ, आईआईएस अधिकारी नागरिकों को देश की प्रगति में भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की छवि को निखारने में आईआईएस अधिकारियों की अहम भूमिका है। भारत ने हमेशा दुनिया को शांति और भाईचारे का संदेश दिया है। संपूर्ण मानवता के लिए सांस्कृतिक संदेशों के माध्यम से भारत की सॉफ्ट पावर को फैलाना एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां हम बड़ा बदलाव ला सकते हैं। राष्ट्रपति के अनुसार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सही जानकारी ऑक्सीजन का काम करती है। तकनीक का सही प्रयोग कर हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सही जानकारी पहुंचा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सामने एक और चुनौती ये है कि नई तकनीकों का उपयोग वे लोग भी करेंगे, जो फेक न्यूज का व्यापार करते हैं। अधिकारियों को इस तरह के दुष्प्रचार का मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से तैयार होना चाहिए और गलत सूचनाओं के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

# महिला ने रेलवे ट्रैक पर अपने तीन बच्चों के साथ की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू):** शहर थाना क्षेत्र के बीस फूटा पुल रेलवे ट्रैक पर एक महिला ने तीन बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली. महिला और बच्चों के शव ट्रैक पर पड़े हुए मिले. सभी बच्चों की उम्र 3 वर्ष से 6 वर्ष के बीच की थी. घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू एसपी चंदन सिन्हा,टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा और टीओपी के प्रभारी मंटूस्ट कुमार महतो मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गए। जानकारी के अनुसार मृतक महिला की पहचान मनीता देवी के रूप में हुई है. मृतक महिला मनीता देवी की शादी हरिहरगंज थाना क्षेत्र एक रवि सिंह के साथ हुई थी. जानकारी के अनुसार महिला 20 दिनों पहले अपने घर से बाहर निकली थी. आज अपने बच्चों के साथ कहीं जा रही थी. पुलिस ने मौके से एक मोबाइल बरामद किया है और मोबाइल के आधार पर अन्य बिंदु पर भी जांच की जा रही है।आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है. मृतक महिला ने अपने दो बेटी और एक बेटे के साथ आत्महत्या की है. मृतक मनीता देवी का मायके पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के एकता गांव में है. घटनास्थल पर महिला और उसके बच्चों का शव काफी देर तक पड़ा हुआ था. शवों के पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया गया. महिला ने आत्महत्या से पहले कुछ नमकीन खाया था, जो घटनास्थल पर पड़ा हुआ है।टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान कर रही है. घटना के बाद रेलवे ने लाइन पर परिचालन को बंद कर दिया गया था. शव उठने ने के बाद रेलवे का परिचालन सामान्य किया गया. एक घंटे से अधिक तक अप लाइन पर रेलवे का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा. पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को दे दी है. घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके के लिए रवाना हो गए है।





**संक्षिप्त खबरे**

## रमजान रहमतों, बरकतों और इबादत का महीना है : समीम अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रमजान का पवित्र महीना चल रहा है यह महीना मुसलमानों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है उक्त बातें कुशडंड गांव के पूर्व सदर एवं समाजसेवी समीम अंसारी ने कही.उन्होंने कहा कि माह ए रमजान सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इस पूरे महीने में मुसलमान रोजा रखते हैं और खुदा की इबादत करते हैं। मुस्लिम समुदाय का मानना है कि इस महीने में खुदा की इबादत करने से बाकी महीनों से ज्यादा नेकियां मिलती हैं, जिससे जन्नत का दरवाजा खुल जाता है। वहीं, रमजान के महीने में रोजा रखने से सबसे ज्यादा नेकियां मिलती हैं। उन्होंने कहा कि रोजा रखना हर मुसलमान के लिए जरूरी बताया गया है। रोजा सिर्फ भूखे, प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि अश्लील या गलत काम से बचना है. इसका मतलब हमें हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों के कामों को नियंत्रण में रखना है।

# मोहर्रम इंतजामिया कमिटी ने महावीर नवयुवक दल जेनरल व प्रशासन को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कुछ घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो पलामू जिला शुरू से ही सांप्रदायिक सौहार्द के लिए पूरे देश में जाना जाता है। इस बार भी रामनवमी के अवसर पर गंगा जमुना तहजीब को पलामू वासियों ने धरातल पर उतार दिखाया है। बुधवार को अष्टमी के जुलूस निकलने के बाद शाम चार बजे से मेदिनीनगर शहर थाना में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा एक मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महावीर नवयुवक दल जेनरल और पलामू जिला प्रशासन के लोगों को सम्मानित किया गया। मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के द्वारा इस अवसर पर सबसे पहले श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर को मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान के द्वारा पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया गया। इसके बाद एक-एक कर जनरल के सभी पदाधिकारियों को माला, पगड़ी, मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस तरह गंगा जमुना की तहजीब को पलामू में बरकरार रखा गया। मेदिनीनगर शहर थाना परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान ने की। इस अवसर पर पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, आरक्षी अधीक्षक पलामू चंदन सिन्हा मेदिनीनगर के विधायक आलोक चौरसिया एसडीओ राजेश शाह पलामू डीएसपी ऋ षभ गर्ग सीओ जेके मिश्रा, थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, TOP 1 प्रभारी रेवा शंकर राणा TOP 2 रुद्रानंद सरस ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के पदाधिकारियों में गणेश गिरी विजय ओझा, मनोज सिंह मंगल सिंह, बबलू गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, नागेंद्र नागिन, मुकेश अग्रवाल, राजू चंद्रवंशी, दीपू चौरसिया सुरेश टॉम, रंजीत चन्वंशी, अभिषेक राज, प्रभात अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, छोटू अग्रवाल,सुरेश चंद्रवंशी, संजय सिंह उमेश, सोमेश सिंह समेत जेनरल कब कई पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुहर्रम इंतजाम या कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों में मुमताज खान पलामू सदर मुस्तफा कमाल इसराइल आजाद कमाल खान, सन्नू सिद्धकी पप्पू अजहर इमामुद्दीन खान आदिल गनी, शाहिद खान नफीस खान असफर रब्बानी, जियाउद्दीन अंसारी, असगर हुसैन, इमरान कुरेशी अकबर कुरेशी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आज राम नवमी के अवसर पर निकलेगी भव्य झांकी व जुलूस



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राम नवमी के अवसर पर गुरुवार की दोपहर ब्रहमोरिया मोड़ से भव्य झांकी व जुलूस का आयोजन किया गया है। जो ब्रहमोरिया मोड़ से पूजा अर्चना के साथ निकाली जाएगी। जो एनएच 39 सड़क मार्ग से पड़वा मोड़ तक जाएगी। जहां आसपास के गांव से जुलूस में पहुंचे लोगों के साथ मिलान होगा। इसकी जानकारी देते हुए राजबली राम ने बताया कि जुलूस व झांकियों की सारी तैयारी कर ली गई है। ब्रहमोरिया मोड़ पर 100 से अधिक श्रद्धालुओं को जुलूस निकालने के पूर्व सम्मानित किया जाएगा। निकलने वाले जुलूस व झांकी में ब्रहमोरिया, चेचरिया, बरिगावां, बसना, राजहरा, भंडार सहित एक दर्जन से अधिक गांव के लोग शामिल होंगे। बताया कि रामनवमी के दिन जुलूस व झांकी निकालने की परंपरा बरसों से चली आ रही है। कमेटी के हरि शंकर दुबे उर्फ देवगोड़ा ने कहा कि जुलूस व झांकी को आकर्षक बनाने के लिए स्थानीय युवाओं की टीम लगातार काम कर रहे हैं। उनकी मनोबल को बढ़ाने के लिए गांव के अभिभावक ही मिलकर उनका सहयोग कर रहे हैं। देवड़ा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर भारतीय संस्कृति व सनातन की परंपरा को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। महेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र दुबे, पंकज पांडेय आदि लोग शामिल थे।

# रामनवमी के उपलक्ष में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** उंटारी रोड बाजार परिसर से रामनवमी के उपलक्ष में बुधवार को अष्ठमी के दिन भव्य बाइक जुलूस निकली गई। जुलूस में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शामिल हुए। जुलूस की शुरुआत बाजार प्रांगण से हुई जो लहरबंजारी, सतबहिनी, नौगढ़, गवरलेटवा होते हुए शिव संपत धाम, चेचरिया, कुटमू, करकट्टा, जोगा, डेवडर होते हुए मुरमा खुर्द के महावीर मंदिर के प्रांगण में पहुंची जहां जुलूस की समाप्ति की गई। जुलूस में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, पूर्व जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, पूर्व विहिप अध्यक्ष अरबिंद मेहता, ओमप्रकाश मेहता, बजरंग दल के सह संयोजक ओमप्रकाश गुप्ता, संरक्षक सुरेन्द्र नाथ तिवारी, संतोष पाण्डेय, पूर्व प्रमुख रामसेवक राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, रघुवीर चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, डॉ योगी सिंह, कैप्टन आरसी यादव, बजरंगी साह, सुरज विश्वकर्मा, अजीत चंद्रवंशी, सतेश्व मेहता, मुरमा खुर्द मुखिया रामबचन राम सहित हजारों रामभक्त शामिल हुए।

# बजरंग दल ने निकाली विशाल बाइक रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड में बुधवार के दिन बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विशाल बाइक रैली निकाली. ईस बाइक रैली की शुरुवात कजरुकला सीताराम नगर के रामनवमी मैदान से बिश्रामपुर मझियांव विधानसभा प्रत्यासी डॉ ईस्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चन्द्रवंशी ने भगवा झंडा दिखाकर किया. रैली में शामिल युवा जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे. जुलूस में शामिल होने के लिए पांडू प्रखंड के कई गांव से राम भक्त कजरू कला स्थित सीताराम नगर के रामनवमी मैदान में पहुंचे। भगवा वस्त्र पहने हाथों में झंडे लिए जय श्री राम का नारा लगाते लगभग 200 की संख्या में मोटरसाइकिल जुलूस में शामिल राम भक्त पूर्वी पांडू की ओर निकले। बेलहारा बगीचे में रतांग मुखिया शशि भूषण पाल के द्वारा जुलूस में शामिल राम भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। वहां से जुलूस गोलपा, रतनाग, कजरू कला, सीवनडीह, कजरु खुर्द, सीलदिली, करमडीह,मुसिखाप, पांडू पहुंचे. वहीं पांडू प्रखंड मुख्यालय में जिप सदस्य मीना देवी के द्वारा सभी बजरंगी भाईयो को प्रसाद व अंग वस्त्र दे कर स्मानित किया, वहीं महुगावां बजरंगबली के पास पहुंचा जुलूस को भोजन, प्रसाद की व्यवस्था की गई। इसके बाद जुलूस पश्चिमी पांडू की ओर बढ़ा। भटवालिया, बसडीहा, लोटरा, चनोखर, झरना,डाला कला होते हुए बृद्धखैरा के भगवान वेणुगोपाल मंदिर पर पहुंचा। वहां जलपान के बाद मुरमा खुर्द के बजरंगबली, तीसीबार के झारखंड विश्वनाथ मंदिर, चपिया के बजरंगबली, फुलिया के नागेश्वर पंचमुखी विश्वनाथ मंदिर होते हुए सदाशिव मंदिर ओरडीहा पहुंचे यहां ग्रामीणों ने हर्षोल्लास के साथ जुलूस में शामिल राम भक्तों का स्वागत किया। एवं उन्हें जलपान कराया। पुनः यहां से कूटमूँ, बरवाही, बूढ़ीखाँड़ होते हुए जुलूस पांडू के महावीर मंदिर पहुंचा जहां जुलूस का समापन किया गया। मौके पर पांडू बजरंग दल के संयोजक गोपाल जी, पूर्व बजरंग दल अध्यक्ष दामोदर यादव,विहिप व बजरंग दल गढ़वा के संयोजक पुष्प रंजन जी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, पांडू प्रमुख पति सिंटू सिंह, तीसीबार मुखिया पूनम देवी, रामनवमी पूजा महासमिति के सचिव जवाहर पासवान, छोटन सिंह, लव कुमार विश्कर्मा, सहित कई गणमान्य लोग जुलूस की देखरेख में लगे रह।

## महावीर मंडल ने निकाली मंगळवारी शोभायात्रा




**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी के महावीर पाताको से पटा है इस अवसर पर छतरपुर में धूम देखने को मिल रही है पूरा शहर। छतरपुर में परंपरागत तरीके से पहली बार मंगळवारी भव्य शोभायात्रा निकाला गया जो ठाकुरबाड़ी मंदिर से गाजे-बाजे एवं महावीरी झंडे के साथ शोभायात्रा गौलक्ष्मी, जपला मोड़, सरैडीह रोड, ब्लॉक रोड होते हुए वापस ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान महावीर मंदिर और ठाकुरबाड़ी मंदिर में हनुमान चालीस का भी पाठ किया गया। शोभायात्रा लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। झाल मंजीरे एवं ढोलक की थाप पर नाचते थिरकते लोगों का उत्साह इस दौरान देखते बन रहा था शोभायात्रा का नेतृत्व युवा समाजसेवी सह महावीर मंडल के सरंक्षक अरविंद गुप्ता (चुनमुन) कुंदन पाठक, मनोज जायसवल, आकाश चन्द्रा, रितेश सोनी, मृणाल गुप्ता ने किया वही महावीर मंडल के अध्यक्ष आयुष चन्द्रा, सचिव छोटू सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, राजन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मोहित सोनी, प्रीतम गुप्ता, सोनू कुमार, दीपक यादव, आकाश कुमार, रितेश कुमार टुन्नू, अंकित दास, विशाल कुमार, साजन कुमार, नन्दन कुमार, नयन कुमार, सन्नी कुमार, गिरिजा चंद्रवंशी, सुरेंद्र चंद्रवंशी, मंजुल गुप्ता, राकेश चन्द्रा, डब्लू, चन्द्रा, गोपाल चंद्रवंशी, रिशु गुप्ता, सोनू सिंह, टोन वर्मा, उपेंद्र जायसवाल सहित बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू सेवा समिति के दर्जनों लोगों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रामचरितमानस वह दर्पण है जो शरीर नही बल्कि चरित्र की कमियों को दूर करता है



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के चितविश्राम ग्राम में वासंतिक नवरात्र के अवसर पर आयोजित श्री रामकथा के सातवें दिन कथा वाचिका मानस प्रिया सुमित्रा देवी ने कहा कि रामचरितमानस वह दर्पण है जो शरीर नही बल्कि चरित्र के कमियों को दूर करता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने समाज मे फैली कई कुरीतियों को समाप्त कर जीवन का आदर्श प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने राजाओं के बीच अनेकों विवाह अर्थात बहु पत्नी प्रथा की फैली हुई कुरीति को समाप्त कर केवल एक माँ सीता को पत्नी के रूप में स्वीकार कर एक आदर्श प्रस्तुत किया.उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने समाज के लिये आदर्श का, मर्यादाओं का बिंब खींचा है, जिसे आज हर घर मे चेहरा देखने के लिये दर्पण के साथ जीवन जीने के आदर्श के लिये रामचरितमानस रूपी दर्पण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस समाज को जीवन जीने का रास्ता दिखाता है। यह न हिंदुओ का ग्रंथ है और ना मुसलमानों का यह तो इंसान का ग्रंथ है, क्योंकि यह मनुष्य को इंसान बनाता है.मानस कथा में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# रामनवमी पूजा महोत्सव को ले रामभक्तों ने निकाला बाइक जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** मेन बाजार रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में बुधवार को बाइक जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर हाथों में तिरंगा व भगवा झंडा लिए जय श्रीराम भारत माता की जय के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। इससे शहर सहित आसपास का क्षेत्र गुंजायमान रहा। जुलूस स्थानीय महावीर मंदिर से शुरू होकर मुख्य सड़क, अररूआ मोड़, मेन बाजार आदि स्थानों का भ्रमण किया। बाद में पुनः महावीर स्थान पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। जहां राम भक्तों ने मंदिर में माथा टेककर भगवान से आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद देखी गई। जुलूस को सफल बनाने में रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष सनी गुप्ता, सचिव चंदन जायसवाल, दिलीप स्वर्णकार, रामजी सिंह, निरंजन प्रसाद, अशोक सिंह, पवन कुमार, सीताराम कुमार, उदय कुमार, संजीव कुमार, करन राजवीर, प्रेमगौरव कुमार, बिट्टू गुप्ता, विकास कुमार, शिवम कुमार, शिवम पाठक, मुन्ना कुमार, पंकज मौर्या समेत सैकड़ों रामभक्त शामिल थे।

# भव्य भगवा तिरंगा यात्रा के साथ रामजी की निकली सवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** हिंदू नव वर्ष के पहले महीने चैत्र के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को होने वाले रामनवमी पर्व के अवसर पर भव्य व ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से शहर के बस स्टैंड स्थित निर्माणाधीन श्री राधा कृष्ण मंदिर के श्रीराम सेना कमिटी के तत्वधान में बुधवार को राम जी की भव्य भगवा तिरंगा शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल सवार राम भक्तों ने अपने-अपने बाइक पर भगवा ध्वज लहराया और बाइक पर सवार होकर गोसाईबाग स्थित लाला बागी मैदान से मुख्य बाजार, हेन्हों मोड, हनुमान चौक, जंगीपुर होते हुए पाल्हे कला स्थित आशुतोष महादेव मंदिर तक पहुंचे। पुनः वापसी में बस स्टैंड स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा संपन्न हुआ। यहां पहुंचने के बाद राम भक्तों ने रामनवमी के गीतों पर डीजे के धुन पर थिरकते हुए जय श्रीराम जय श्रीराम के नारों से पूरा नगर गुंजायमान होता रहा। शोभायात्रा में शामिल राम भक्त हाथ में भगवा झंडा, महावीरी पताका और माथे पर भगवा गमछा बांधकर निकले थे, खासकर युवाओं का उत्साह एवं जोश देखते बनता था। शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों ने पूरे जोश उमंग के साथ भगवा व तिरंगा ध्वज को लहराते हुए जय श्री राम, जय हनुमान, हर-हर महादेव, भारत माता की जय के नारे लगाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क से गुजर रहे थे। जय जय सियाराम के नारों के साथ वाहन रैली जब नगर के मुख्य सड़कों पर निकली तो पूरा नगर भगवा मय हो गया। इधर शोभायात्रा को शांतिपूर्ण से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों के साथ कड़ी मुस्तैदी के साथ जुलूस की मॉनिटरिंग कर रहे थे।इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार हर वर्ष आपसी भाईचारे के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। आज बाइक जुलूस में बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल होकर शोभा यात्रा को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि भगवा हमारे सनातन धर्म का प्रतीक है तो तिरंगा हमारे राष्ट्र का स्वाभिमान है हम दोनों को साथ लेकर चलना है सनातन धर्म की भी रक्षा करनी है और राष्ट्र सेवा में किसी तरह की कमी ना हो इसका भी पूरा ध्यान रखना है।शोभायात्रा में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, श्रीराम सेना अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, संरक्षक कामेश्वर प्रसाद, मुक्तेश्वर पांडे, रूपेश कुमार पप्पू अनमोल, विरेंद्र अग्रहरि, अजय प्रसाद मुखिया, शंभूनाथ सौदागर, आनंद जायसवाल, संजीत कुमार छोटू, हृदयानंद कमलापुरी, आशीष लाल अग्रवाल, संजय कसेरा, कमलेश मेहता, अमित कुमार गुड्डु, आनंद जयसवाल, नित्यानंद कुमार, ऋतुराज जयसवाल, अजीत कुमार केसरी, रंजन कुमार छोटू, सूरज कुमार, उमेश कुमार चाहत, अनिल कुमार, आशीष कुमार, अक्षय कुमार, कृष, शिवम, सत्य प्रकाश, अविनाश कुमार, हिमांशु रंजन, अनूप निराला, अभिषेक जायसवाल, बॉबी जायसवाल, आनंद कमलापुरी सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्त जुलूस में शामिल थे।

# पूर्व विधायक सतगांवा में महाष्टमी पूजा में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पूर्व विधायक सह राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव बुधवार को शहरी क्षेत्र के सतगावां स्थित पीपल चौक के समीप निर्मित शिव मंदिर में चैत नवरात्र के महाअष्टमी पूजन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए सभी के लिए सुख शांति की कामना की। वहीं लोगों से रामनवमी पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। इस अवसर पर राजद के प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव नाई संघ के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अरुणजय ठाकुर, समाजसेवी अनुज कुमार, जिला महासचिव राजेंद्र यादव, उमा यादव, पूर्व पंसस राजकुमार पासवान, अशोक यादव, सतेंद्र भुईयां, विनोद यादव, बिरेन्द्र यादव, दीपक यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आवासीय ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम को जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह किया घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** आवासीय ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल गणेशपुरी ब्लॉक रोड जपला मैं आज वार्षिक परीक्षा फल जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ,स्कूल के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति के द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर छात्र , छात्राओं के अभिभावकों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया । इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह एवम स्कूल निदेशक मनोज कुमार प्रजापति ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वार्षिक परीक्षा फल का घोषणा कर छात्र छात्राओं को मेडल और प्रस्तिपत्र प्रदान किया एवम अभिभावकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह को विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति ने पुष्प व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि शिक्षा एक अमूल्य धन है जिसे कोई बांट नहीं सकता है , सोना चांदी या अन्य किसी प्रकार का वास्तु अर्जित किया है वह चोरी हो सकता है बटवारा हो सकता है पर शिक्षा एक ऐसा अमूल्य रत्न है जिसे न कोई चुरा सकता है और न हीं कोई बांट सकता है , इसलिए मैं सभी अभिभावकों से अपील किया बच्चे एक कच्चे मिट्टी के बर्तन है इसलिए अभिभावक इन्हे संवारने में शिक्षको को सहयोग करते रहे विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि शिक्षक जितनी जिम्मेवारी से छात्र छात्राओं पर ध्यान केंद्रित कर शिक्षा का उचित वातावरण उचित व्यवस्था , गुणवातपूर्ण शिक्षक के साथ बच्चो के देश के लिए योग्य व्यक्ति का निर्माण करने का कार्य करते हैं इस लिए सभी अभिभावकों से अपील किया की आप भी योग नागररिक बनाने में महती भूमिका निभाएं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति ने किया और संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य विनायन कुमार सिंह एवम धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक नीतीश कुमार ने किया इस कार्यक्रम में अभिभावकों में कन्हैया मेहता, दीपू देवी, गुड्डी देवी, संगीता देवी, (नीतू) पूजा देवी , संध्या देवी, छात्र छात्राओं में हर्षिता कुमारी, प्रीति कुमारी, अंकित आनंद, सोनाक्षी कुमारी, जानू कुमारी, आदित्य कुमार, अनिल कुमार, महिमा कुमारी, दुर्गेश कुमार, प्रयांशु कुमार आरोही कुमारी, अंचला कुमारी, सनी कुमार, तूलिका रानी, सविता कुमारी, प्रियांशु कुमारी, अजीत कुमार, पंकजकुमार, सचिन कुमार के अलाव विद्यालय के शिक्षको में नीतीश कुमार , राहुल कुमार, शिखा कुमारी ,प्रमिला देवी,हिमांशु कुमार , हेमंत कुमार एवम गोलू कुमार उपस्थित थे

## विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ मेला का उद्घाटन प्रमुख रंभा देवी,बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय व प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया?। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि सरकार का स्वास्थ सेवा आम लोगों तक पहुंचाना चाहिए। डॉ लीली एस्टेला पूर्ति ने कहा कि स्वास्थ सेवा को गांव गांव तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। आम लोगो को स्वास्थ सेवा का भरपूर लाभ सुगमता के साथ मिले, इसीलिए इस प्रखंड स्तरीय मेला का आयोजन किया गया है। प्रमुख रंभा देवी ने कहा कि वृद्ध और दिब्यंग मरीज जो चलने में असमर्थ हैं,उनको लाने ले जाने हेतु विभाग द्वारा वाहन का व्यवस्था किया जाना चाहिए था.अगर इसका व्यवस्था होता तो और भी ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिलता। मेला में जांच और उपचार हेतु नेत्र, शुगर, मलेरिया, यक्ष्मा,परिवार नियोजन सहित दर्जन भर विभागवार स्टॉल लगाया गया था। जिसमे 300 मरीजों का जांचोपरांत उपचार किया गया। मौके पर डॉ एम एम प्रसाद , डॉ सलमान अहमद, बीपीएम पंकज पांडेय, लेखापाल पंकज सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मार्च तक बची राशि करें सरेंडर : प्रधान सचिव

**रांची।** वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने सारे विभागों से 31 मार्च तक योजना और स्थापना मद की बची हुई राशि के सरेंडर करने का आग्रह किया है।उन्होंने सारे विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों को इस संबंध में पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि वर्ष 2022-23 के बजट में उपबंधित राशि में से जितनी राशि का व्यय 31 मार्च तक संभव नहीं है, उसे ऑनलाइन सरेंडर कर दें। राशि सरेंडर के कारणों का स्पष्ट उल्लेख करने को भी कहा है। उन्होंने लिखा है कि 31 मार्च जो राशि सरेंडर नहीं की जायेगी, उसे लैप्स माना जायेगा। सरेंडर के लिए संचिका में वित्त विभाग की सहमति आवश्यक नहीं है।

### अधिवक्ता के घर चोरी, दस्तावेजों को किया आग के हवाले

**रांची।** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता नितिन भेंगरा के घर में अज्ञात चोर घुसे और मनचाहा सामान चोरी किया फिर घर में रखे दस्तावेज और सामान में आग लगाकर चंपत हो गए। अगलगी की घटना में नुकसान ज्यादा हुआ है और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जलकर खाक हो गए हैं। इस घटना के बाद पीड़ित अधिवक्ता नितिन भेंगरा ने सदर थाना में लिखित आवेदन दिया है। वकील की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सदर थाना में दर्ज करवाई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि इस घटना के बाद वकील और उनका परिवार खुद को भयभीत महसूस कर रहे हैं। वकील के घर को आग लगाए जाने की घटना सामने आने के बाद रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता आक्रोशित दिख रहे हैं। हालांकि जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि वकील के घर में आग लगाई गई या इस घटना के पीछे कोई और वजह है।

# रामनवमी पर रांची में 31 मार्च तक बदली ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन लेकर नहीं निकले बाहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रामनवमी पर्व को लेकर भगवान श्रीराम के भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं रांची में भी रामनवमी को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन अलर्ट है और काफी संख्या में जगह जगह पुलिस बल का तैनाती कर दी गई है। साथ ही शहर में ट्रैफिक पुलिस ने रूट तय कर दिया है।

**एक बजे से वाहनों के प्रवेश पर रोक है:**30 मार्च को मेन रोड में दिन के एक बजे से सभी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इस दौरान 30 मार्च सुबह आठ बजे से 31 मार्च सुबह छह बजे तक बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश बंद रहेगा।

**क्या है रांची का ट्रैफिक प्लान:**रामनवमी की पूर्व संध्या पर शहर में विभिन्न अखाड़ों द्वारा झांकी निकाली जाती है और अगले दिन



चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन भी होता है। इसलिए 29 मार्च को ही झांकी के कारण शाम चार बजे से तीस मार्च की सुबह छह बजे तक शहीद चौक की ओर से महावीर मंदिर चौक व अपर बाजार महावीर चौक तक तथा किशोरी यादव चौक से महावीर मंदिर चौक की ओर सामान्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। साथ ही शाम चार बजे से सुबह छह बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश बंद कर दिया जायेगा।

**सामान्य वाहनों के लिए रूट:** 30 मार्च को सामान्य वाहनों के लिए एसएसपी आवास से कचहरी चौक, शहीद चौक, अपर बाजार से शहीद चौक, जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, चडरी तालाब से शहीद अलबर्ट एक्का चौक, चर्च रोड से सुजाता चौक की ओर, पटेल चौक से सिरम टोली चौक की ओर,

**29 मार्च को ही झांकी के कारण शाम चार बजे से तीस मार्च की सुबह छह बजे तक शहीद चौक की ओर से महावीर मंदिर चौक व अपर बाजार महावीर चौक तक तथा किशोरी यादव चौक से महावीर मंदिर चौक की ओर सामान्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।**

चुटिया बाजार रोड में दोनों ओर से वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा, पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट चौक तक प्रवेश बंद रहेगा।

# हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा हैदर नगर में एक लड़के की हत्या कर दी गई। मारे गये लड़के की पहचान मोहन यादव के रूप में की गई। वह रांची के खिजुर टोला का रहने वाला था। ओरमांझी में एक खटाल में काम करता था। मोहन के दो दोस्त भी साथ काम करते थे। उनका नाम विक्की यादव और सरवन यादव है। इल्जाम है कि बीती रात दोनों दोस्तों ने पीट-पीट कर मोहन की जान ले ली। दोनों ने सरेंडर कर दिया है। सरेंडर कर चुके विक्की और सरवन ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस को दिये अपने बयान में बताया कि बीती रात करीब दस बजे खटाल में बैठ कर खा-पी रहे थे। किसी बात को लेकर उनके बीच झगडा हो गया। नोक-झोंक से शुरू हुई लड़ाई मारपीट तक पहुंच गई। आपसी मारपीट के दौरान मोहन के सांसों की डोर टूट गई। मोहन की मौत के बाद उसकी डेड बॉडी को कमरे में रख विक्की और सरवन वहीं सो गये। सुबह में खटाल के मालिक और आसापस के लोगों को मामले की भनक लगी। सूचना पुलिस तक पहुंची। मौके पर पहुंची ओरमांझी पुलिस और हुटुप टीओपी की पुलिस ने मोहन की डॉड बॉडी को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राज्यपाल से मिले अपर मुख्य सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार तथा विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि गरीबों, अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों व पिछड़ों सहित समाज के सभी वर्गों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हों। उन्होंने राज्य में 'आयुष्मान योजना' के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिया तथा कहा कि इससे समाज के अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो। साथ ही कहा कि इस योजना के अंतर्गत संबंधित अस्पतालों का ससमय भुगतान पर भी ध्यान दिया जाय।

# रांची डीसी और एसएसपी ने अखाड़ाधारियों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** सनातन महापंचायत के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में बुधवार को श्री सनातन महापंचायत एवं श्री महावीर मंडल के साथ डीसी और एसएसपी साथ समन्वय बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से संजय कुमार जयसवाल, संजय मिनोचा, शशांक राज, संजय महतो, अमित चौधरी सहित विभिन्न क्षेत्र से आए अखाड़ाधारियों एवं राम के भक्तों का परिचय के बाद सभी को सम्मानित भी किया गया ।

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी अखाड़ाधारी राम भक्तों से आग्रह किए प्रमुख शोभायात्रा जो



बजरा पंडरा होते हुए पिस्का मोड से निकलती है वह समय पर निकल जाए, ताकि समय पर तपोवन पहुंच जाए जुलूस में शामिल लोग नशा का सेवन ना करें संयमित होकर चलें। एसएसपी कौशल किशोर ने कहा कि राम के भक्तों अखाड़ाधारी युवा साथी अपना झंडा और जुलूस की भीड़ को संयमित हो कर निकले। उन्होंने उत्साह और खुशी के साथ रामनवमी झंडे लेकर तपोवन मंदिर पहुंचने का आग्रह किया।

# रामभक्तो को अपने गंतव्य स्थान तक निशुल्क पहुचाएगी सिटी बसः संजीव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर रांचीवासियों को आवागमन मे दिक्कतो का समाना ना करना पड़े इसके लिए रांची नगर निगम द्वारा 30 मार्च 2023 दिन गुरूवार रामनवमी के दिन 20 बसो से राचीवासियो को निशुल्क सेवा देगी।

रामनवमी त्योहार मे रांची एवं रांची के आस पास के क्षेत्रो से भारी संख्या मे श्रद्धालुगण तपोवन मंदिर निवारणपूर स्थित राम मंदिर झांकी एवं झंडे के साथ आते है।

चुकी रामनवमी के दिन वाहनों की आवागमन कम होती है, जिससे श्रद्धालुगण को वापस अपने गन्तव्य स्थान जाने मे काफी परिशानियों का सामना करना पड़ता है ।इस विषय को संज्ञान मे लेते हुए संजीव विजयवर्गीय उपमहापौर रांची ने तपोवन मंदिर निवारणपूर आए हुए श्रद्धालुगण को वापस अपने गन्तव्य पहुचाने के लिए 20 बसों को निशुल्क सेवा देने का निर्देश संबंधित विभाग को दिए।

उपमहापौर ने कहा कि 20 बसो मे 5 बसे बीएमपी मैदान में एवं 15 बसे पटेल चौक स्थित पुराना बस स्टैंड से सेवा देगी। तपोवन मंदिर से श्रद्धालुगण अपने घर जाने के लिए रांची नगर निगम की बसो का उपयोग कर सकते है और यह पूरी तरह निशुल्क होगी।

# रांची और पटना के बीच 25 अप्रैल से दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड और बिहार के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 25 अप्रैल से रांची से सुबह 7:30 बजे रवाना होगी। इसकी घोषणा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की है। रेल मंत्री ने कहा है कि 25 अप्रैल से झारखंड की राजधानी रांची और बिहार की राजधानी पटना के बीच देश की सबसे अत्याधुनिक ट्रेन वंदे भारत दौड़ने लगेगी। रेलवे के अनुसार रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन चलने वाली यह ट्रेन टाटीसिल्वे,



बड़काकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा, गया, जहानाबाद होते हुए पटना पहुंचेगी। दूसरी तरफ, पटना से यह ट्रेन सुबह 6:45 बजे रवाना होगी और जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बड़काकाना, टाटीसिल्वे के रास्ते रांची आयेगी। दिन में 1:45 बजे यह ट्रेन हटिया पहुंच जायेगी। हालांकि, अभी यह संभावित समय है। यह ट्रेन पटना स्टेशन से जनशताब्दी के खुलने के बाद रवाना होगी। दिन में रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस की तरह ही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी दोपहर 2:30 बजे हटिया से रवाना होगी और रात के करीब 9 बजे पटना पहुंच जायेगी। वंदे भारत ट्रेन में रांची से पटना के बीच कितना किराया देना होगा, इसके बारे में अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं बताया गया है। इस रूट पर वंदे भारत ट्रेन शुरू किये जाने से पहले लोको पायलट और क्रू मेंबर्स का प्रशिक्षण जारी है।

# रामनवमी पर्व में 8500 सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे : एडीजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रामनवमी को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए हैं । समूचे झारखंड में करीब 8500 सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। जिसमें एटीएस, बीडीएस, स्वयं दस्ता सहित अन्य बटालियन को शामिल किया गया है। वहीं 500 के करीब होमगार्ड हैं। आरपीएफ ,रैपिडेक्स ,सीआरपीएफ, सीआइएसएफ सहित सात कंपनियां तैनात रहेगी । इन सबके अलावा 1000 जवान रिजर्व रखा गया है ,जो जिला मुख्यालय एवं सभी पदाधिकारियों के साथ रहेंगे। उक्त जानकारी एडीजी लॉ एंड ऑर्डर आनंद लठकर ने दी। उन्होंने फोन कर कर बताया कि झारखंड में रामनवमी और रमजान के महीने को देखते हुए किसी भी तरह का कोई चूक नहीं हो इसको लेकर झारखंड के सभी जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं । ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी । संबंधित जिलों के एसपी को भी सख्त निर्देश दिया गया है कि वह अपने संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ बैठक करें , शांति समिति की बैठक कराया गया। फ्लैग मार्च निकाला गया । साथ ही यह भी कहा गया है कि भीड़भाड़ वाले इलाके में सिविल में भी पुलिस के जवान तैनात रहेंगे और पूर्व में भी बताया गया था कि जो भी पुराने वारंटी हैं, उपद्रव करने वाले, असामाजिक तत्व हैं ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए नोटिस भेजा जा रहा है ,थाना में हाजिरी लगवाई जा रही है, संभवत जेल भेजने की भी नौबत आए तो उसे को जेल भेजा जाएगा। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी । उम्मीद है कि रामनवमी पर्व सौहार्द एकता



भाईचारे जैसे वातावरण में संपन्न होगा। किसी को भी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दिया जाएगा। आम जनता के लिए पुलिस प्रशासन 24 घंटे उसकी सुरक्षा में है।

# तपोवन मंदिर में चल रही तैयारियों का डीसी और एसएसपी ने लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रामनवमी को लेकर डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। यहां मंदिर समिति के सदस्यों से मिलकर आला अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी ली। बेहतर व्यवस्था के लिए पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस सिटी एसपी, ट्रैफिक एसपी, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), जिला नजारत उप समाहर्ता सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। मंदिर परिसर क्षेत्र में चल रही तैयारियों का जायजा लेने के बाद जुलूस के रूट में चल रहे निर्माण कार्य का भी डीसी और एसएसपी किशोर कौशल ने जायजा लिया । अधिकारियों को जुलूस के आगमन और प्रस्थान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### पंचायतों को यक्ष्मा मुक्त करने के लिए हुई बैठक

**रांची :** राज्य नोडल पदाधिकारी यक्ष्मा डॉ. रंजीत प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य यक्ष्मा कार्यालय में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सभी पंचायतों को टीवी मुक्त करने के लिए डेवलपमेंट पार्टनर एवं पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सभी पंचायतों को यक्ष्मा मुक्त करने के लिए योजना तैयार की गयी। निर्देश दिया गया कि सभी जिला पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। उल्लेखनीय है कि टीवी उन्मूलन का लक्ष्य 2025 तक प्राप्त करना है। इसके लिए टीवी मुक्त पंचायत को सम्मानित किया जाएगा।

# स्वच्छ उत्सव-2023 को लेकर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तैयार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को नगर विकास विभाग भारत सरकार की ओर से नई दिल्ली में स्वच्छ उत्सव-2023 को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा, सूडा के निदेशक अमित कुमार व रांची नगर निगम के नगर आयुक्त शशि रंजन शामिल हुए।इस अवसर पर बताया गया कि स्वच्छ उत्सव-2023 को लेकर स्वयं सहायता समूह के कुछ सदस्यों को एक्सपोजर विजिट के लिए राज्य से बाहर के शहरों में भेजा जाएगा, जिसे स्वच्छता यात्रा के रूप




में नामित किया गया है। स्वच्छ उत्सव-2023 के तहत जीएफसी नेटवर्क भी तैयार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सकें और इससे जुड़ सकें। इस कार्यक्रम के तहत स्वच्छ मशाल यात्रा व स्वच्छता शपथ का भी आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ उत्सव को बढ़ावा देने के लिए जीरो बेस्ट इवेंट इत्यादि भी आयोजित किए जाएंगे।

स्वच्छ उत्सव-2023 के तहत महिला आइकन अग्रणी स्वच्छता पुरस्कार- 2023 दिया जाना है, जिसे भारत सरकार की ओर से प्रदान किया जाएगा। महिला आइकन अग्रणी स्वच्छता पुरस्कार-2023 का उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठनों व व्यक्तियों को पहचानना और सम्मानित करना है, जो विभिन्न पहलों के माध्यम से शहरी स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन में बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं। इसके लिए निम्नलिखित व्यक्ति या समूह आवेदन कर सकता है।

# रामनवमी को लेकर हिंदपीढ़ी और लेक रोड पर पुलिस की पैनी नजर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को रामनवमी महापर्व मनाया जाएगा। सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। मुख्य रूप से रांची शहर के सबसे महत्वपूर्ण हिंद पीढ़ी और लेक रोड पर पुलिस की पैनी नजर है ।

पुलिस को इन दो क्षेत्रों पर पुलिस फोर्स ,बैरिकेडिंग और ड्रोन से निगरानी करने का सख्त निर्देश दिया गया है।

बताया जा रहा है कि रामनवमी के मद्देनजर रांची पुलिस विभिन्न इलाकों में ड्रोन कैमरा से नज़र रखी जा रही है।

इस मौके पर हिंदपीढ़ी, लेक रोड में रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय और हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी विनय के नेतृत्व में ड्रोन कैमरा से इन इलाके में नजर रखी जा रहा है। हिंदपीढ़ी और लेक रोड पर पुलिस इसलिए सतर्क है कि 2009-10 में रमजान और कृष्ण जन्माष्टमी के दौरान लेक रोड और के पास दो समुदाय आपस में भिड़ गए थे । इस दौरान लाउडस्पीकर बजाने के कारण मामला तूल पकड़ लिया था,



लेकिन समय रहते ही कंट्रोल कर लिया गया था। वही 10 जून 2022 को डेली मार्केट थाना क्षेत्र भी जुलूस निकालने के दौरान पुलिस और कुछ असामाजिक तत्वों के बीच में झड़प हुई थी , गोलीबारी हुई थी और उसमें हिंदपीढ़ी का एक और लोअर बाजार थाना क्षेत्र से युवक को गोली लगने से मौत हो गई थी। इसलिए पुलिस इन 2 क्षेत्रों पर पूरी तरह से सतर्क है और साथ ही बरियातू थाना क्षेत्र के में भी पुलिस सुरक्षा को लेकर फोर्स तैनात कर रखी। पुलिस का एक ही उद्देश्य रामनवमी शांतिपूर्ण और पुरे सौहार्द के साथ संपन्न कराती जाए।

# आदर्श दंपत्ति सम्मेलन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल रांची में आदर्श दंपत्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी 14 प्रखंड से एक-एक योग्य दंपति को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य परिवार नियोजन व इससे होने वाले लाभ के बारे में लोगों को जागरूक करना एवं इसे बढ़ावा देना है। इससे मां एवं बच्चा दोनों दोनों स्वस्थ रहेंगे। पुरुष नसबंदी अभियान के दौरान दो बच्चों पर महिला अथवा पुरुष नसबंदी अपनाने वाले एवं दो बच्चों के बीच 3 साल के अंतर रखने




वाले सभी योग्य दंपति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन रांची डॉक्टर विनोद कुमार, राज्य नोडल पदाधिकारी परिवार नियोजन कोषांग डॉ लाल मांझी , अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि भूषण खलखो समेत अन्य कर्मचारी एवं स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए ।

# जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** घर-घर जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन और प्रखंड के सभी गांव को फाइव स्टार रेटिंग करने के निमित्त बड़ों प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो डा. प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में बैठक किया गया जिसमें उप प्रमुख बेड़ो मुदस्सिर हक, कार्यपालक अभियंता रांची पूर्वी अनिल गुप्ता ,यूनिसेफ के पदाधिकारी ,सहायक अभियंता, कनीय अभियंता बेड़ो, प्रखंड के सभी मुखिया ,सभी जलसहिया और जेएसएलपीएस की दीदीयों के साथ बैठक किया गया ,ताकि उपरोक्त दोनों उद्देश्यों को समय तरीके से क्रियान्वित की जा सके। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो, गांव का स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्टार रेटिंग सिंगल स्टार, ट्रिपल स्टार तथा 5 स्टार मानक की विस्तृत चर्चा की गई। सिंगल स्टार गांव के लिए सभी गांव में शौचालय चालू हालत में हो,स्कूल ,आंगनबाड़ी केंद्र ,पंचायत भवन आदि में महिला पुरुषों के लिए अलग अलग शौचालय का होना और ठोस या तरल कचरा का प्रबंधन की व्यवस्था हो तो वैसे गांव सिंगल स्टार मानक में रखे जा सकते हैं । ट्रिपल स्टार श्रेणी के लिए सभी गांव में के घरों में शौचालय चालू हालत में हो ,स्कूल आंगनबाड़ी पंचायत भवन सामुदायिक भवनों में महिला पुरुष के अलग-अलग शौचालय और गांव में ठोस तथा तरल कचरा का प्रबंधन की व्यवस्था हो। 5 स्टार रेटिंग के गांव के लिए सभी घरों में शौचालय चालू हालत में हो, सभी सामुदायिक भवन में महिला एवं पुरुष की अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था हो ,ठोस तरल एवं प्लास्टिक कचरा का प्रबंधन की व्यवस्था हो और पूरे गांव में स्वच्छता के संदर्भ में दीवाल में तथा प्रचार प्रसार किया गया हो तो उन्हें फाइव स्टार मानक में रखा जाएगा। सभी मुखिया एवं जलसहिया को लक्ष्य दिया गया कि अगले 45 दिनों में बेड़ो प्रखंड के सभी 84 गांवों को फाइव स्टार मानक स्तर पर अपने गांव को बनाएं। जिला स्तरीय टीम के द्वारा स्वच्छ भारत के स्टार रेटिंग को प्रोजेक्टर के माध्यम से सरल प्रक्रिया द्वारा सभी लोग को समझाया गया । कार्यपालक अभियंता ,रांची पूर्वी अनिल गुप्ता ने भी कहा कि बेड़ों में क्षमता है कि वह उक्त उद्देश्य को वीडियो के द्वारा निर्धारित दिनों के पहले ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। यहां बहुत अच्छी टीम है । उपप्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हम लोग बेड़ों को स्वच्छ भारत मिशन में आव्वल प्रखंड बनाएंगे। बैठक में मुखिया नीरज कुजूर, सुशांति भगत ,रमेश उरांव, लक्ष्मी कोया आदि सभी मुखिया और प्रखंड के सभी जलसहिया ,मतिया महतो सुनीता कुमारी आदि उपस्थित थे।



## डीएवी स्कूल के बच्चों ने डाकघर एवं सिल्ली थाना का भ्रमण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** डीएवी पब्लिक स्कूल सिल्ली के शिक्षकों द्वारा बुधवार को स्कूल के छोटे छोटे बच्चों को डाकघर एवं सिल्ली थाना का भ्रमण करवाया एवं सभी की जानकारियां दी ! बच्चों ने भी बहुत ही उत्सुकता के साथ भ्रमण किया एवं जानकारियां हासिल किया ! डाकघर मे बच्चों ने लेटर बॉक्स देखा और सभी चीजों के बारे मे समझा !उसके बाद सिल्ली थाना भ्रमण करने के दौरान सर्व प्रथम थाना प्रभारी द्वारा बच्चों के बीच चॉकलेट का वितरण किया ! बच्चे एक एक कर लाइन बनाकर थाना के अन्दर प्रवेश किया और एक एक चीजों को बारिकी से देखा ! कंप्यूटर लैब, कैदी रूम, स्टाफ रूम, प्रभारी कार्यालय को देखा, एवं प्रशासन द्वारा बच्चों को सभी चीजों की जानकारी दिया गया। बच्चे बहुत ही खुश हुए और कहा की हम भी बड़े होकर पुलिस ही बनेगें।भ्रमण करवाने मे बच्चों के साथ शिक्षक भी मौजूद थे।



## चार टीवी मरीजों को गोद लिया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे बुधवार को भाजपा के कार्यकर्ता ने चार टीवी मरीजों को गोद लिया! सभी को एक महीने का मुफ्त राशन और दवाई दिया गया! और कहा की किसी भी चीज की जरूरत हो तो हमलोग हर समय आप की सेवा मे है! इस मौके पर अस्पताल के कर्मचारी समेत भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे!

## मांडर में निकाली गई बाइक शोभायात्रा

**मांडर/चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल चान्हो के द्वारा ब्रांबे से मदरसा पतरातु तक बाइक शोभायात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व मांडर बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण रॉय जी के द्वारा किया गया,पानी टंकी ब्राम्बे से मुख्य अतिथि श्री सन्नी टोप्पो व गंगोत्री कुजूर ने झंडा दिखाकर सभी शोभा यात्रियों को रवाना किया शोभायात्रा के सफल संचालन में परवीन रोए ,बाबू पाठक अविनाश गुप्ता, राजकुमार सिंह,बजरंग सिंह,राजीव गुप्ता, उत्कर्ष आनंद तिवारी, सहित पवन नीरज पवन सुमित आदर्श प्रीतम राजवीर महादेव सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्तों उपस्थित रहे हजारों की संख्या में राम भक्तों उपस्थित रहे।

## सिकिदिरी थाना ने फ्लैग मार्च किया

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को सिकीदिरी थाना क्षेत्र में रामनवमी की त्योहार को लेकर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च करने के पूर्व पंचायत सचिवालय कुटे में ग्रामीणों के साथ बैठक किया। और लोगों से अपील किया की रामनवमी का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। एवं अफवाहों पर ध्यान केंद्रित नहीं करना है। और किसी भी मामले पर पुलिस को जानकारी दें। अफवाह फैलाने वालों के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही थाना प्रभारी ने कुटे खुदिया सांडी आदि क्षेत्रों में दल बल के साथ फ्लैग मार्च किया। सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने फ्लैग मार्च करते हुए कहा कि रामनवमी का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। मौके पर मुख्य रूप से एसआई अरुण कुमार सिंह, एएसआई धर्मानंद राम, एएसआई बासिल केरकेट्टा के अलावा दर्जनों पुलिस बल उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में सीआईएसएफ के सेवानिवृत्त की मौत

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के असरो पेट्रोल पंप के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बुधवार को ट्रक के चपेट में आने से 74वर्षीय बाइक सवार जेवियर तिग्गा की घटना स्थल पर मौत हो गई। मृत्यक जेवियर तिग्गा सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त थे। वर्त्तमान में गायत्री नगर,साई मंदीर रोड बेड़ो में रहते थे। परिजनो ने बताया कि घर से भरनो जाने की बोल कर निकले थे। मृत्यक के दो बेटा देवनिश तिग्गा-समाजसेवी व राकेश तिग्गा- शिक्षक, दो बेटी लुसी तिग्गा-जज बोकारो सिबिल कोर्ट, सुषमा तिग्गा - शिक्षक है। घटना के बाद से परिजिन का रो-रो के बुरा हाल है। प्रत्याशियो ने बताया कि सड़क निर्माण कंपनी का ट्रक नं ओडी 14 एन 3409 तैज गति में था। जो मोटर साईकिल सहित चपेट में ले लिया। जिससे घटना स्थल पर ही ददनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर एएसआई प्रवीण कुमार तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे। शव, मोटरसाईकिल व ट्रक को कब्जे में लेकर बेड़ो थाना ले लाई। शव को पोस्टर्मटम के लिये रिम्स भेज दी। वही देर रात अंतिम संस्कार पैतृक गांव मुड़ामु के कब्रस्थान मे किया गया।

## अनगड़ा थाना ने फ्लैग मार्च किया

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को अनगड़ा थाना क्षेत्र में रामनवमी की त्योहार को लेकर थाना प्रभारी बर्जेश कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया । और लोगों से अपील किया की रामनवमी का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। एवं अफवाहों पर ध्यान केंद्रित नहीं करना है। और किसी भी मामले पर पुलिस को जानकारी दें। अफवाह फैलाने वालों के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही थाना प्रभारी ने अनगड़ा गोंदलीपोखर हेसल मिलनचौक सिरका महेसपुर गेतलसूद बिसा जोन्हा आदि क्षेत्रों में दल बल के साथ फ्लैग मार्च किया। अनगड़ा थाना प्रभारी बर्जेश कुमार ने फ्लैग मार्च करते हुए कहा कि रामनवमी का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। मौके पर मुख्य रूप से सचिन लकड़ा अमर सिंह मुख्तार अंसारी के अलावा दर्जनों पुलिस बल उपस्थित थे।

## रामनवमी को देखते हुए फ्लैग मार्च किया गया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी थाना के द्वारा बुधवार को थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में रामनवमी को शांति सौहार्द में संपन्न कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च इटकी थाना से निकलकर बारी तलाब होते हुए बाजार टांड़, गुलजार रोड, मदरसा रोड, एकता नगर, बनिया टोली होते हुए पूरा क्षेत्र का भ्रमण कर वापस थाना आकर समापन किया गया. मौके पर एसआई करण महतो, एएसआई हेमरोम थाना रिजर्व बल के जवान, आईआरबी के जवान सहित अन्य शामिल थे

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमाड़ में लगा स्वास्थ्य मेला

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमाड़ के प्रांगण में प्रखण्ड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में बी पी, शुगर, एच आई भी, एच बी, मलेरिया एवं अन्य जांच की सुविधा उपलब्ध थी। और सभी तरह के बीमारियों का ईलाज एवं परामर्श दिया गया । स्वास्थ्य मेला में 311 मरीजों की जांच की गई जिसमें 163 महिला एवं 148 पुरुष मरीज शामिल थे। सभी मरीजों के बीच दवा का वितरण किया गया ।मेले में डॉक्टर आशुतोष कुमार त्रिपाठी, डॉक्टर अनुजा साधना कच्छप, डॉक्टर अमरीश कुमार, डॉक्टर जफर इकबाल, डॉक्टर सुषमा खलखो, डॉक्टर सुशीला सुंडी, डॉक्टर निखत परवीन, बी ए एम विश्वनाथ तिवारी, एम टी एस हरेन्द्र कटियार, ए एम ललित स्वांसी, एम पी डब्लू जयकुमार महतो एल टी रूपेश प्रामाणिक और ए एन एम, जी एन एम, सी एच ओ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के बीच सामानों का वितरण

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के एफ कंपनी हूट के द्वारा जन कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत केर गांव के लोगों के बीच व स्कूल के बच्चे के बीच सामानों का वितरण किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों को नोटबुक गांव के लोगों को छाता स्प्रे मशीन सोलर लाइट बर्तन वाह हॉकी सेट का वितरण किया गया इस कार्यक्रम मे 26 वी वाहनी के पदाधिकारी डिप्टी कमांडेंट अनुराग सिंह के द्वारा गांव के लोगों व स्कूली बच्चों को यह सब समान दिया गया पदाधिकारी द्वारा बताया गया की यह जो स्प्रे मशीन दिया जा रहा है इससे आप लोग फसल में छिड़काव कर सकते हैं गांव के प्रत्येक व्यक्ति जो की खेती करता है वह इस स्प्रे मशीन से लाभ ले सकता है ।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । इस मेले का उद्घाटन श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की माननीय विधायक के द्वारा फीता काटकर किया गया जहां 18 विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी काउंटर बनाए गए थे जिनमें विभिन्न तरह की बीमारियों एवं उसके परामर्श हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , बेड़ों एवं रांची से डॉक्टर आए हुए थे। इसमें मुफ्त दवाएं एवं चिकित्सा सुविधाएं दी गई। विधायक मांडर श्रीमती शिल्पी ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य मेला राज्य के सभी प्रखंडों में सरकार के निर्देश पर लगाए जा रहे हैं ताकि गांव के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिल सके और उनको जो भी चिकित्सा संबंधित समस्या है उनको दूर हो सके।आवश्यकता है कि इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार हो ताकि आम ग्रामीण इन सुविधाओं का लाभ ले सके। स्वास्थ्य मेला में बेड़ो प्रखंड में सड़क दुर्घटना में मारे गए 05 लोगों के परिजनों को एक-एक लाख का चेक भी विधायक महोदया के द्वारा प्रदान किया गया। जिनका प्यारा इस प्रकार है



## तमाड़ वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का तांडव बदस्तूर जारी

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक दिन ब दिन बढता ही जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की देर रात चार हाथियों के झुंड ने एक मजदूर रहीम अंसारी को पटक कर घायल कर दिया। मजदूर मूल रूप से गोड्डा जिला का रहने वाला है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चालाडीह में हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइन का कार्य चल रहा है। गोड्डा से आये मजदूरों ने प्राथमिक विद्यालय चालाडीह में अपना डेरा जमाये थे। देर रात को अचानक से चार हाथियों का झुंड जिसमें दो बच्चे भी शामिल है। विद्यालय के गेट को तोड़ क्षतिग्रस्त कर दिया। मजदूर कुछ समझ पाते इससे पहले हाथी का बच्चा स्कूल में घुस गया। मजदूर डर से स्कूल से बाहर की तरफ भागने लगे। इतने में ही एक विशालकाय हाथी ने रहीम अंसारी को अपने सुढ पर जकड़ कर दूर फेंक दिया। रहीम अंसारी एक जगह जमा कीचड़ पर जा गिरे। जिसमें रहीम अंसारी के एक पैर टूट गया और शरीर के अन्य हिस्सों पर काफी चोटे आई। बताया जाता है की रहीम अंसारी घंटो तक कीचड़ में ही बेसुद पड़े रहे। वहीं सुबह एंबुलेंस से घायल रहीम अंसारी को हॉस्पिटल ले जाया गया।




**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e- Procurement Notice (1st Call)**

Tender reference:- DWSD/STATE_PLAN/UWSS/HZB/23/2022-23 (1st Call) Date :- 28.03.2023

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost of BOQ (in rupees) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual Operation and Maintenance of Old & New Urban Water Supply Scheme, Hazaribagh under Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh on Turn Key Basis for the year 2022-23 | 68.83 | 01.40 | 10,000/- | 365 Days |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 03.04.2023 at 03.00 PM | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 10.04.2023 upto 05.00 PM | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 11.04.2023 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W. & S . Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 12.04.2023 at 04:30 PM | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

1) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
2) Tender is being invited in anticipation of carrying the acceptance order issued from the department sanction order. As a result of any change in the tender, the invited tender will also be required to be changed.p
3) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 293982 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

**ई–अल्पकालीन पुर्नानिविदा आमंत्रण सूचना PR-290147**

पत्रांकः– दिनांक–

ई–निविदा संख्याः– 07/2022-23/RWD/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि / अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/ RANCHI/ 13/2022-23 | रॉंची पुरूलिया रोड (हेसल रोड बेरवारी) से हेसल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–0.720 कि0मी0) | 9773500.00 | सन्तानबे लाख तिहत्तर हजार पाँच सौ मात्र। | 6 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/EE/ RANCHI/ 14/2022-23 | कस्तूरबा स्कूल से पतरातू मुख्य पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–1.200 कि0मी0) | 4867431.00 | अड़तालीस लाख सरसठ हजार चार सौ एकतीस मात्र। | 6 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–31.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 11.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष में, रॉंची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 12.04.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्ड, रॉंची, दीनदयाल नगर, बूटी रोड, मोरहाबादी, रॉंची, पिन–834008 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (12.04.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 13.04.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:– 0651–2360137
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य के अधीन भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/ अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रॉंची के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. संवेदक को UCAN Registration की छाया प्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।
11. संवेदक को GST निबंधन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
12. समान दर होने पर निविदा निष्पादन लॉटरी के माध्यम से कराया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 293965 Rural Development(22-23)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/26/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत हरहे एवं चटकमान के बीच हाथु नदी पर पुल निर्माण। | 3,21,51,000.00 | 6,43,100.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 31.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक–31.03.2023 से दिनांक–18.04.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–19.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने करने का स्थान :–
   1. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
   2. ग्रामीण विकास विशेष अंचल, पलामू।
   3. e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ एफ.पी. भवन, रॉंची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान –मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, रॉंची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR293838 (Rural Development)22-23*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०-02, गढ़वा**

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या– RWD/SD/GARHWA/24/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला अंतर्गत केतार प्रखण्ड के ग्राम सिंहपुर में पण्डा नदी (देवी धाम) के पास पुल निर्माण। | 4,93,15,500.00 | 9,86,500.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 31.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक–31.03.2023 से दिनांक–18.04.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–19.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने करने का स्थान :–
   1. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
   2. ग्रामीण विकास विशेष अंचल, पलामू।
   3. e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ एफ.पी. भवन, रॉंची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान –मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, रॉंची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

PR 293835 Rural Development (22-23)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/21/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टिफिकेसन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के गढ़वा सदर प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-1 |
| 2 | गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-2 |
| 3 | गढ़वा जिला के भवनाथपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-3 |
| 4 | गढ़वा जिला के नगरउंटारी प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-4 |
| 5 | गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-5 |
| 6 | गढ़वा जिला के डंडई प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-6 |
| 7 | गढ़वा जिला के रमना प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-7 |
| 8 | गढ़वा जिला के बड़गड़ प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-8 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 31.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक–31.03.2023 से दिनांक–18.04.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–19.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने करने का स्थान :–
   1. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
   2. ग्रामीण विकास विशेष अंचल, पलामू।
   3. e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, रॉंची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, रॉंची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR 293827 Rural Development(22-23)D

## संपादकीय

# भाजपा का विश्वास

इस वर्ष के आखिर में मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव है। यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस, दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण है। पिछली बार दोनों दलों के बीच कांटे का मुकाबला हुआ था, दोनों ही दलों को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। हालांकि कांग्रेस ने सपा-बसपा और निर्दलीय विधायकों को लेकर एक अस्थिर सरकार बना ली थी, जिसका गिरना तय ही माना जा रहा था। सपा-बसपा और निर्दलियों ने तो नहीं लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत में कांग्रेस की सरकार धराशाही हो गई। पंद्रह साल के वनवास के बाद मिले सत्ता सुख का यूँ छिटक जाना, कांग्रेस के नेताओं को अब तक सता रहा है। इसलिए जहाँ कहीं भी उन्हें भाजपा और सरकार के प्रति थोड़ा भी असंतोष दिख रहा है, उसे और बढ़ाने की मेहनत कांग्रेसी कर रहे हैं। परंतु भाजपा सरकार ने पिछले तीन वर्षों में जिस प्रकार से लोकहितैषी एवं लोकलुभावन योजनाएं शुरू करके मतदाताओं के विभिन्न वर्गों को साधने का प्रयास किया है, उससे भाजपा संगठन का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भोपाल में भाजपा के प्रदेश कार्यालय की नींव रखने के लिए आए भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा ने जिस तरह 'अबकी बार 200 पार' का नारा दिया है, उससे एक बड़ा संदेश निकलता है कि भाजपा को एक बार फिर सरकार में लौटने का पूर्ण विश्वास है। संभव है कि भाजपा ने कोई सर्वेक्षण कराया हो, जिसके आधार पर उसको इतना तो विश्वास हो गया है कि वह सरकार में लौटेगी। अब उसके नेता इस बात की तैयारी कर रहे हैं कि अपनी जीत को बड़ा कैसे बनाया जाए। कार्यकर्ताओं के विश्वास को पक्का करने और उन्हें सक्रिय करने के लिए भाजपा अध्यक्ष ने अबकी बार 200 पार का नारा दिया है। भाजपा की तैयारी इस बार 51 प्रतिशत मत प्राप्त करने की है। भाजपा का नेतृत्व जब यह लक्ष्य ले रहा है तब उसे अपने असंतुष्ट नेताओं/कार्यकर्ताओं एवं संभावित असंतुष्ट नेताओं/कार्यकर्ताओं को मनाने की तैयारी अवश्य करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्हें यह भी सावधानी बरतनी होगी की यह आत्मविश्वास कार्यकर्ताओं में अति-आत्मविश्वास में न बदल जाए। नगर निगम और नगर पालिका के चुनाव में दिखायी दिया था कि कार्यकर्ताओं के अति-आत्मविश्वास के कारण भाजपा अपने गढ़ हार गई थी। बहरहाल, भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा के आत्मविश्वास की तीन बड़ी वजहें हैं। चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद से शिवराज सिंह चौहान लगातार सभी वर्गों को साधने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग समुदाय को भाजपा के पाले में करने के लिए वो हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा के पिछड़ने का सबसे बड़ा कारण अनुसूचित जनजाति वोट बैंक का छिटकना था। बीते तीन वर्षों में मुख्यमंत्री चौहान ने जनजातीय वर्गों के हित के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। पेसा कानून के जरिए जहां उन्हें जल, जंगल और जमीन पर मालिकाना हक दिया गया है, वहीं जनजातीय प्रतीकों और महापुरुषों का सम्मान कर यह भरोसा दिलाया गया है कि भाजपा ही उनकी शुभचिंतक है। महिलाओं एवं युवाओं को भी अपने पक्ष में करने में भाजपा सरकार बहुत हद तक सफल होती दिख रही है। यह भी देखने की बात है कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर सड़क पर उतरने की जगह अपने नेता को स्थापित करने के लिए जोर लगा रही है। दिग्भ्रमित कांग्रेस, स्पष्ट सोच के साथ जनहितैषी योजनाओं पर काम कर रही भाजपा सरकार का कितना मुकाबला कर पाएगी, यह भी विचारणीय प्रश्न है।

> भाजपा की तैयारी इस बार 51 प्रतिशत मत प्राप्त करने की है। भाजपा का नेतृत्व जब यह लक्ष्य ले रहा है तब उसे अपने असंतुष्ट नेताओं/कार्यकर्ताओं एवं संभावित असंतुष्ट नेताओं/कार्यकर्ताओं को मनाने की तैयारी अवश्य करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्हें यह भी सावधानी बरतनी होगी की यह आत्मविश्वास कार्यकर्ताओं में अति-आत्मविश्वास में न बदल जाए। नगर निगम और नगर पालिका के चुनाव में दिखायी दिया था कि कार्यकर्ताओं के अति-आत्मविश्वास के कारण भाजपा अपने गढ़ हार गई थी। इसके साथ ही उन्हें यह भी सावधानी बरतनी होगी की यह आत्मविश्वास कार्यकर्ताओं में अति-आत्मविश्वास में न बदल जाए। नगर निगम और नगर पालिका के चुनाव में दिखायी दिया था कि कार्यकर्ताओं के अति-आत्मविश्वास के कारण भाजपा अपने गढ़ हार गई थी।

## बोध कथा

# मौत का नहीं, भय का डर

**एक** बहुत पुरानी तिब्बती कथा है कि एक बार दो उल्लू एक वृक्ष पर आ कर बैठे। एक ने साँप अपने मुँह में पकड़ रखा था। वही उसका भोजन था, एक तरह से सुबह के नाश्ते की तैयारी थी। दूसरा एक चूहा पकड़ लाया था। दोनों जैसे ही वृक्ष पर लगभग पास-पास आ कर बैठे। एक के मुँह में साँप, दूसरे के मुँह में चूहा ! साँप ने चूहे को देखा तो वह यह भूल ही गया कि वह उल्लू के मुँह में है और मौत के करीब है। चूहे को देख कर उसके मुँह में रसधार बहने लगी। वह भूल ही गया कि मौत के मुँह में है। उसको अपनी जीवेषणा ने पकड़ लिया। और चूहे ने जैसे ही देखा साँप को, वह भयभीत हो गया, वह कँपने लगा। ऐसे मौत के मुँह में बैठा है, मगर साँप को देख कर कँपने लगा। वे दोनों उल्लू बड़े हैरान हुए। एक उल्लू ने दूसरे उल्लू से पूछा कि भाई, इसका कुछ राज समझे? दूसरे ने कहा, बिलकुल समझ में आया। जीभ की, रस की, स्वाद की, भोग की इच्छा इतनी प्रबल है कि सामने मृत्यु खड़ी हो तो भी दिखाई नहीं पड़ती। और यह बात भी समझ में आ गई कि 'भय' मौत से भी बड़ा डर है। मौत सामने खड़ी है, मौत के मुँह में है, उससे भयभीत नहीं है चूहा; लेकिन डर से भयभीत है कि कहीं साँप हमला न कर दे। बात पकड़ में आ गई होगी। मौत से हम भयभीत नहीं हैं, हम भय से, डर से ज्यादा भयभीत हैं।

## अमृत कलश

# तीन बाधाएं, तीन सुख

**हमारी** मुख्य बाधाएं तीन हैं--बाहर के जगत में सुख की आशा, शरीर के जगत में अमृतत्व की आशा, मन के जगत में सत्य की आशा। तीन बाधाएं हैं। फिर ये तीन बाधाएं प्रत्येक तल पर वापस पुनरुक्त होती हैं। लेकिन आपको उससे बहुत लेना-देना नहीं है। इन तीन बाधाओं को पार कीजिए तो परमात्मा आपको नई तीन बाधाएं दे देगा। उनको पार कीजिए तो और गहरे तल पर नई बाधाएं होंगी। बाधाएं यही होंगी, सिर्फ उनका रूप और तल बदलता जाएगा। और यह अंत तक पीछा करेंगी। और जब कोई भी बाधा न रह जाये, जब लगे कि अब कुछ बचा ही नहीं, तभी आप जानना कि जाना उसे, जिसे जानने को उपनिषद के ऋषि प्यासे हैं; जाना उसे, जिसे जानने को कृष्ण गीता में कहते हैं; जाना उसे, जिसके लिए जीसस सूली पर लटक जाते हैं; जाना उसे, जिसके लिए चालीस वर्ष तक बुद्ध और महावीर गांव-गांव एक-एक आदमी का द्वार खटकाते फिरते हैं। लेकिन इसे जानने के लिए स्वयं को बिलकुल ही मिट जाना पड़ता है। शरीर की तरह, आत्मा की तरह, ईश्वर की तरह, ब्रह्म की तरह भी स्वयं को मिट जाना पड़ता है। जीसस के एक वचन से मैं इस बात को पूरा करूं। जीसस ने कहा है, धन्य हैं वे जो अपने को खोने में समर्थ हैं, क्योंकि केवल वे ही उसे पा सकेंगे जो स्वयं को खो सकते हैं। और अभागे हैं वे जो अपने को बचाने में लगे हैं, क्योंकि जो अपने को बचायेगा, वह सब कुछ खो देता है। ये तीन सूत्र, आप जहां हैं वहां से शुरू करें और आगे की यात्रा अपने आप खुलती चली जाएगी। ये ही तीन सूत्र निरंतर प्रयोग करने पड़ेंगे उस समय तक, जब तक कि कुछ भी बाकी रहे। और जब कुछ भी बाकी न रह जाये, आप भी बाकी न रह जायें और सूत्र भी खो जायें। कोई वक्तव्य देने का उपाय न रह जाये। मेहर बाबा की तरह कहने की जगह न रहे कि मैं ईश्वर हूं। रामतीर्थ की तरह कहने की जगह न रहे कि चांदतारे मुझमें घूमते हैं। अहं ब्रह्मास्मि की घोषणा की भी जगह न रह जाये। क्योंकि किसको घोषणा करनी? कौन घोषणा करेगा? जब सब शब्द शून्य हो जायें, सब वाणी गिर जाये, सब व्यक्तित्व खो जाये, तब जो शेष रह जाता है वही परम, वही द अल्टीमेट, वही सब धर्मों की खोज, वही सब प्राणों की प्यास, वही सब आत्माओं की आकांक्षा है।

## सड़कों पर पशुओं की वाहनों से टक्कर के कारण बड़ी दुर्घटनायें हो रही

# इंसानों की नहीं पशुओं की अधिक चिंता ?

तनवीर जाफ़री

> तमाम किसानों ने तो इन जानवरों से दुखी होकर अपना मुख्य व्यवसाय खेती ही त्याग दिया है। दूसरी ओर आवारा कुत्ते आये दिन अनेक लोगों को अपनी क्रूरता का शिकार बना रहे हैं। झारखण्ड, आसाम व केरल जैसे कई राज्यों में हाथियों के झुण्ड कभी किसी की फ़सल तबाह कर देते हैं कभी लोगों के मकान ढहा देते हैं कभी फलदार दरख़्त गिरा देते हैं तो कभी किसी की जान ले लेते हैं। हाथियों की दहशत से तो कई जगह लोग इनके प्रकोप से बचने के लिये इनकी पूजा भी करते हैं। निश्चित रूप से ऐसे बेलगाम जंगली व आवारा पशुओं की क्रूरता से पहुँचने वाली पीड़ा को वही किसान, आम लोग या उनके परिवार समझ सकते हैं जो ऐसे पशुओं के प्रकोप से पीड़ित व प्रभावित हैं।

**देश** भर में बेलगाम आवारा पशुओं के कारण रोज़ाना सैकड़ों हादसे हो रहे हैं। कहीं सड़कों पर पशुओं की वाहनों से टक्कर के कारण बड़ी दुर्घटनायें हो रही हैं। कहीं बिगड़ैल सांड लोगों को अपने कोप का शिकार बना रहे हैं। पूरे देश का किसान कहीं आवारा पशुओं द्वारा उनकी फ़सल तबाह किये जाने से दुखी है तो कहीं नील गाय ( रोज़ ) उसकी फ़सल तबाह कर रही है। हिमाचल व उत्तराखंड जैसे राज्यों में बंदरों के प्रकोप से किसान व फल उत्पादक परेशान हैं। तमाम किसानों ने तो इन जानवरों से दुखी होकर अपना मुख्य व्यवसाय खेती ही त्याग दिया है। दूसरी ओर आवारा कुत्ते आये दिन अनेक लोगों को अपनी क्रूरता का शिकार बना रहे हैं। झारखण्ड, आसाम व केरल जैसे कई राज्यों में हाथियों के झुण्ड कभी किसी की फ़सल तबाह कर देते हैं कभी लोगों के मकान ढहा देते हैं कभी फलदार दरख़्त गिरा देते हैं तो कभी किसी की जान ले लेते हैं। हाथियों की दहशत से तो कई जगह लोग इनके प्रकोप से बचने के लिये इनकी पूजा भी करते हैं। निश्चित रूप से ऐसे बेलगाम जंगली व आवारा पशुओं की क्रूरता से पहुँचने वाली पीड़ा को वही किसान, आम लोग या उनके परिवार समझ सकते हैं जो ऐसे पशुओं के प्रकोप से पीड़ित व प्रभावित हैं। ऐसे प्रभावित लोगों के समर्थन व हमदर्दी में कभी कोई आवाज़ नहीं उठती जबकि आवारा पशुओं व गली के कुत्तों तक के समर्थन में उठने वाले स्वर काफ़ी बुलंद होते हैं। अनेक ग़ैर सरकारी संगठन ( एन जी ओ ) इन्हीं पशुओं से प्रेम करने का पाठ भी पढ़ाते हैं। जबकि सच तो यह है कि जो लोग अपने घरों में पक्षियों द्वारा घोंसले बनाया जाना पसंद नहीं करते, जिन्हें चिड़ियों की चहचहाना नहीं भाता बल्कि उन्हें चिड़ियों की बीट, उनके द्वारा अपने मकान में घोंसले हेतु इकट्ठे किये जाने वाली सामग्री खर-पतवार से नफ़रत है वह लोग गलियों के आवारा कुत्तों से प्यार करने का पाठ पढ़ाते हैं। और स्वयं को 'संभ्रांत ' एवं पशु प्रेमी के रूप में पेश करते हैं । इन्हीं कुत्ता व आवारा पशु प्रेमियों ने यदि पक्षियों से प्रेम किया होता तो आज गोरैया जैसा हर परिवार का प्रिय पक्षी विलुप्त होने की कगार पर न पहुँचता। प्रायः देखा जाता है कि कुछ लोग बिस्कुट या रोटी आदि लेकर गलियों के कुत्तों को खिलाने निकल पड़ते हैं। पशुओं से प्रेम करना निःसंदेह बहुत अच्छी बात है। कोई भी कोमल सहृदयी व्यक्ति पशु पक्षियों व पेड़ पौधों यानी कि प्रकृति से प्रेम भाव अवश्य



रखेगा। गत दिनों हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी चरख़ी दादरी में आयोजितराज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी मेले में अपने सम्बोधन में कहा है कि -'पशुओं के साथ कदापि हिंसात्मक व्यवहार न करने, पशुओं के साथ प्रेमवत रवैया अपनाने पर ज़ोर दिया और कहा कि पशुओं में भी संवेदनाएं होती हैं।' परन्तु इंसान तो पशुओं से भी संवेदनशील होता है ? अतः प्रत्येक प्रकृति व पशु पक्षी प्रेमी का सर्वप्रथम मानव प्रेमी होना भी तो ज़रूरी ज़रूरी है? इंसानों से भेद ,बैर या नफ़रत अथवा उपेक्षा की शर्त पर बेलगाम आवारा पशुओं की हिमायत करना यह आख़िर मानवता की कौन सी श्रेणी है ? राह चलते किसी व्यक्ति को पीछे से सांड़ आकर सींग मारकर घायल कर दे या जान ले ले ,या किसी बड़ी दुर्घटना का कारक बन जाये इसमें इंसान का आख़िर क्या दोष है ? रास्ता चलते लोगों को यहां तक कि छोटे छोटे बच्चों को कुत्ते काट लेते हैं, प्रायः स्कूटर, बाइक या साइकिल सवार के पीछे कुत्ते भौंकते हुये दौड़ने लगते हैं। लोग अपनी जान बचाने के लिये अपने वाहन की गति अचानक तेज़ कर देते हैं जिससे कई बार दुर्घटना भी हो जाती है। परन्तु समाज का कोई भी वर्ग या संगठन इन बेलगाम आवारा पशुओं के प्रकोप के शिकार लोगों के पक्ष में खड़ा होता नज़र नहीं आता। जबकि इन जानवरों से हमदर्दी दिखने इन्हें रोटी, चारा, बिस्कुट आदि डालने वाले लोग ज़रूर नज़र आ जाते हैं। दरअसल हमारे समाज में सस्ते में पुण्य अर्जित करने का एक रिवाज सा बन चुका है। चिड़ियों को दाना-पानी डालना, मछलियों को आटा खिलाना, चीटियों को चीनी या आटा डालना, आवारा पशुओं को चारा, रोटी व अन्य पशु खाद्य सामग्री डालना लोग पुण्य का काम समझते हैं। प्रायः रिहाइशी इलाक़ों में मोहल्लों व कालोनियों में यही कथित 'पुण्यार्थीजन' बेलगाम व आवारा पशुओं को अपने अपने दरवाज़ों पर रोटी देते हैं। इस तरह रोज़ाना रोटी मिलने से वे पशु उन दरवाज़ों पर प्रतिदिन दस्तक देने के अभ्यस्त हो जाते हैं। और जब तक इन जानवरों को उस दरवाज़े से कुछ मिल नहीं जाता वे उसी जगह अपना डेरा जमाये रखते हैं। यदि उस मकान में कोई नहीं है तो भी वे उसका गेट हिलाते रहते हैं। उधर उसी गली से निकलने वाले अन्य लोग भयवश उधर से गुज़रने से कतराते हैं। बच्चे तो विशेषकर डर से या तो देर तक खड़े रहते हैं या अपना रास्ता बदल देते हैं। गोया एक ' स्वयंभू पुण्यार्थी' के 'तथाकथित सद्कर्मों ' का ख़ामियाज़ा आम राहगीरों को भुगतना पड़ता है। पशु प्रेम के मामले में प्रायः हम पश्चिमी देशों के लोगों की नक़ल भी करने लगते हैं। बेशक वे पशुओं से बेहद प्रेम करते हैं। परन्तु इसी के साथ वे पहले इंसानों से भी प्रेम करते हैं। मिलावटख़ोरी, कम तौलना इंसानों को इंसानों द्वारा ही ठगना उन पश्चिमी देशों की संस्कृति का हिस्सा नहीं। वहां उपभोक्ता हो या बाज़ार, अस्पताल से लेकर स्कूल सड़क हो या यातायात, न्याय हो या प्रशासनिक निर्णय हर जगह मानव व मानवीय मूल्यों की क़द्र होते देखी जा सकती है। वहां पशु प्रेम तो है परन्तु हमारे देश की तरह वृन्दावन अयोध्या व हरिद्वार जैसे धर्मस्थलों पर इकट्ठे होने वाले लाखों उपेक्षित वृद्धों व विधवाओं की भीड़ नहीं। मंदिरों दरगाहों पर बैठे भिखारी बने असहाय लोग उस समाज में नहीं बल्कि हमारे तथाकथित 'पशु प्रेमी 'समाज के लोग हैं। वहां लोग खुले बोरवेल के गड्ढे या खुले मेन होल के ढक्कन में गिर कर जान नहीं गंवाते। हमारे देश की कड़वी सच्चाई तो यही है कि उदाहरणार्थ जो डॉक्टर बिना पैसे लिये किसी ग़रीब इंसान का इलाज करना गवारा नहीं करता वही 'संभ्रांत डॉक्टर ' मॉर्निंग वाक पर अपने कुत्ते के साथ घूमता और दूसरों के घरों के सामने या किसी के ख़ाली प्लाट पर या पार्क में अपने कुत्ते को 'पॉटी ' कराता नज़र आयेगा और समाज में स्वयं को 'कुत्ता प्रेमी ' बतायेगा। ऐसे सैकड़ों सच्चे व कड़वे उदाहरण हैं जो इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि हमारे दिखावा करने दोहरा मापदण्ड अपनाने व सस्ते में पुण्य कमाने की चाहत रखने वाले समाज में एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जिसे इंसानों से ज़्यादा पशुओं की कथित चिंता सताये रहती है। यह बात कितनी उचित व प्रासंगिक है यह तय करना भी समग्र भारतीय समाज की ही ज़िम्मेदारी है।

# क्रेडिट एजेंसियों की प्रासंगिकता

> हालांकि वर्ष 2007-08 का यह संकट अमरीकी सरकार द्वारा 3 खरब डालर (3000 अरब डालर) की सहायता उस समय तो टल गया, लेकिन जानकारों का कहना है कि उस संकट के बाद अमरीकी अर्थव्यवस्था कमजोर जरूर हुई। लेकिन दिलचस्प बात यह रही कि दुनिया और महत्वपूर्ण संस्थाओं पर 'पैनी' नजर रखने वाली रेटिंग एजेंसियों की भूमिका इस संकट के पहले और इसके दौरान ही नहीं, उसके बाद भी अत्यंत पंगु और संदेहास्पद बनी रही। मार्च के दूसरे सप्ताह में अमरीकी टैक स्टार्टअप की फंडिंग करने वाला सिलिकॉन वैली बैंक अचानक बंद हो गया और उसका अधिग्रहण अमरीकी सरकार ने कर लिया। जानकारों का मानना है कि सिलिकॉन वैली बैंक का डूबना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए 'लेहमन ब्रदर्स' के डूबने सरीखा है। लेकिन 2023 में फिर से सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के साथ ही अमरीकी वित्तीय संकट फिर से गहराने लगा है। उधर अमरीका में बढ़ती ब्याज दरों के चलते अमरीकी सरकार समर्थित मोर्टगेज प्रतिभूतियां और यहां तक कि अमरीकी ट्रेजरी बिल जो अत्यंत सुरक्षित माने जाते थे, उनकी कीमत में भी नाटकीय ढंग से गिरावट आई। सिलिकॉन वैली बैंक के बाद 167 साल पुराना स्विटजरलैंड का दूसरा सबसे बड़ा बैंक और वैश्विक इतिहास में सबसे अधिक प्रभावशाली बैंक 'क्रेडिट सूशे' स्विटजरलैंड के सबसे बड़े बैंक 'यूबीएस' के हाथों बिक गया।

**वर्ष** 2007-08 के दौरान अमरीकी अर्थव्यवस्था एक भयंकर त्रासदी से गुजरी और लेहमन ब्रदर्स के साथ-साथ सैकड़ों अमरीकी बैंक दिवालिया हो गए थे। जैसा कि होता रहा है अमरीका के वित्तीय संकट के कारण पूरे यूरोप के बैंकों पर भी भारी संकट आया और इस वित्तीय संकट ने दुनिया भर के देशों पर भी कुछ न कुछ प्रभाव छोड़ा। उस समय भारत के प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने कहा था कि भारत इस संकट से अछूता है क्योंकि भारतीय बैंकों का कोई विशेष एक्सपोजर पश्चिम के इन बैंकों के साथ नहीं है। हालांकि अमरीकी और यूरोपीय देशों पर आए इस संकट की वजह से भारत के निर्यातों पर कुछ न कुछ असर जरूर हुआ, लेकिन भारत की ग्रोथ की यात्रा बदस्तूर जारी रही और भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढने वाले मुल्कों में बना रहा। हालांकि वर्ष 2007-08 का यह संकट अमरीकी सरकार द्वारा 3 खरब डालर (3000 अरब डालर) की सहायता उस समय तो टल गया, लेकिन जानकारों का कहना है कि उस संकट के बाद अमरीकी अर्थव्यवस्था कमजोर जरूर हुई। लेकिन दिलचस्प बात यह रही कि दुनिया और महत्वपूर्ण संस्थाओं पर 'पैनी' नजर रखने वाली रेटिंग एजेंसियों की भूमिका इस संकट के पहले और इसके दौरान ही नहीं, उसके बाद भी अत्यंत पंगु और संदेहास्पद बनी रही। मार्च के दूसरे सप्ताह में अमरीकी टैक स्टार्टअप की फंडिंग करने वाला सिलिकॉन वैली बैंक अचानक बंद हो गया और उसका अधिग्रहण अमरीकी सरकार ने कर लिया। जानकारों का मानना है कि सिलिकॉन वैली बैंक का डूबना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए 'लेहमन ब्रदर्स' के डूबने सरीखा है। लेकिन 2023 में फिर से सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के साथ ही अमरीकी वित्तीय संकट फिर से गहराने लगा है। उधर अमरीका में बढ़ती ब्याज दरों के चलते अमरीकी सरकार समर्थित मोर्टगेज प्रतिभूतियां और यहां तक कि अमरीकी ट्रेजरी बिल जो अत्यंत सुरक्षित माने जाते थे, उनकी कीमत में भी नाटकीय ढंग से गिरावट आई। सिलिकॉन वैली बैंक के बाद 167 साल पुराना स्विटजरलैंड का दूसरा सबसे बड़ा बैंक और वैश्विक इतिहास में सबसे अधिक प्रभावशाली बैंक 'क्रेडिट सूशे' स्विटजरलैंड के सबसे बड़े बैंक 'यूबीएस' के हाथों बिक गया। जब इस बैंक से पिछले हफ्ते जमाकर्ताओं द्वारा 10 अरब डालर निकाल लिए गए तो स्विटजरलैंड सरकार ने आनन-फानन में यूबीएस द्वारा 'क्रेडिट सूशे' को खरीदने को कहा है। लेकिन इतिहास ने फिर एक बार अपने को दोहराया है और दुनिया की बड़ी रेटिंग एजेंसियां एक बार फिर निवेशकों को जोखिम के बारे में आगाह करने में पूरी तरह से असफल रही हैं। यदि हम देखें तो 8 मार्च, जिस दिन सिलिकॉन वैली बैंक डूबा, से पहले, मूडीज ने इस पर ए-3 की रेटिंग बनाए रखी, जो इसके पैमाने पर सातवीं उच्चतम रेटिंग है। और उससे ज्यादा दिलचस्प बात यह रही कि उस दिन भी मूडीज ने उसे मात्र एक पायदान नीचे करते हुए बीएए-1 तक ही गिराया था। गौरतलब है कि ए-3 हो या बीएए-1, दोनों रेटिंग 'जंक' के पास भी नहीं और निवेशकों को रत्ती भर भी आगाह नहीं करती कि इस संस्था में निवेश हेतु कोई जोखिम है। यही बात 'क्रेडिट सूशे' के संबंध में भी लागू होती है। 'क्रेडिट सूशे' की वेबसाइट पर ही लिखा है कि उसकी क्रेडिट रेटिंग 20 मार्च तक बरकरार रही। यह बात अलग है कि 'क्रेडिट सूशे' के डूबने के बाद रेटिंग को थोड़ा गिराया गया है। लेकिन यह बात उजागर हो चुकी है कि रेटिंग एजेंसियां निवेशकों को समय पर चेतावनी देने में बुरी तरह से असफल रही हैं। दुनिया में तीन प्रमुख रेटिंग एजेंसियों- स्टैंडर्ड एंड पुअर्स, मूडीज और फिच- की महत्वपूर्ण उपस्थिति है। स्टैंडर्ड एंड पुअर्स और मूडीज का मुख्यालय अमेरिका में है, जबकि फिच का मुख्यालय न्यूयॉर्क और लंदन दोनों में है। वे दुनिया भर के देशों और वित्तीय संस्थानों की रेटिंग करती हैं। उनकी रेटिंग के आधार पर इन देशों द्वारा लिए गए ऋणों पर ब्याज दरें निर्धारित की जाती हैं। विभिन्न वित्तीय संस्थानों पर लोगों का भरोसा भी इन्हीं रेटिंग्स पर निर्भर करता है। जबकि ये एजेंसियां दुनिया भर के संस्थानों और देशों की विश्वसनीयता का मूल्यांकन करती हैं, वे स्वयं संदेह के घेरे में हैं। यही एजेंसियां जो अमरीका और यूरोप के मुल्कों पर संकट के बावजूद कुंभकर्णीय निद्रा में रहती हैं, भारत जैसे देशों के बारे में जरूरत से ज्यादा संवेदनशील हो जाती हैं, जिसका फायदा फिर उन्हीं के आका देशों को ही होता है। भारत जैसे देशों पर इतनी तल्खी और अमरीकी और यूरोपीय देशों पर मेहरबानी इन एजेंसियों पर सवालिया निशान लगाती है। तीन साल पहले यस बैंक पर आए संकट के बाद एक मूडीज ने भारतीय बैंकों का आउटलुक स्टेबल से घटाकर निगेटिव कर दिया था। इसमें कहा गया था कि भारतीय बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता कोरोना वायरस के कारण हुए नुकसान के कारण बिगड़ी है और इसका असर कॉर्पोरेट, मध्यम और लघु उद्योगों और खुदरा सहित सभी क्षेत्रों में होने की उम्मीद है। इससे बैंकों की पूंजी और तरलता दोनों पर असर पड़ेगा। मूडीज ने यह भी कहा था कि निजी क्षेत्र के बैंक ( यस बैंक ) में हालिया गड़बड़ी के कारण छोटे कर्जदाताओं को लिक्विडिटी के संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस घोषणा के बाद भारतीय बैंकों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। गौरतलब है उसके बाद भारतीय बैंकों का ही नहीं, भारतीय अर्थव्यवस्था का भी आगे बढ़ना बदस्तूर जारी है, लेकिन ये एजेंसियां अभी भी भारत की क्रेडिट रेटिंग में कंजूसी ही बरत रही हैं। यह समझना होगा कि भारतीय बैंकों की रेटिंग में गिरावट से न केवल शेयर बाजार में उथल-पुथल मची, बल्कि उस समय चल रही एनपीए समस्या से उबरने वाले बैंकों के लिए और भी बाधाएं पैदा हो गईं। गौरतलब है कि चारों बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडस बैंक, आईडीबीआई बैंक और एक्सिस बैंक, अभी भी भली-भांति चल ही नहीं रहे बल्कि तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह भी माना जाता है कि निवेशक अपने निवेश के फैसले ऐसी एजेंसियों की रेटिंग के आधार पर लेते हैं। अब स्थिति बदल रही है और निवेशकों ने खुद भी अन्य मापदंडों पर जांच शुरू कर दी है। लेकिन रेटिंग एजेंसियां अभी भी एक प्रमुख भूमिका निभाती हैं। आज जरूरत इस बात की है कि इन रेटिंग एजेंसियों की एकाधिकारवादी शक्तियों पर अंकुश लगाया जाए, ताकि हितों के टकराव को रोकते हुए कंपनियों की विश्वसनीयता का सही आकलन किया जा सके। आज दुनिया भर के निवेशक झूठी क्रेडिट रेटिंग के कारण नुकसान उठा रहे हैं, लेकिन इन कंपनियों पर जुर्माना उससे कहीं कम होता है। यह सच है कि कई मामलों में रेटिंग एजेंसियों के लिए पूरी जानकारी रखना संभव नहीं होता है। लेकिन प्राप्त जानकारी को छुपाना भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। इन रेटिंग एजेंसियों का पूरी दुनिया में एकाधिकार है, और वे ज्यादातर अमरीका आधारित हैं। इसी वजह से यह भी देखा गया है कि अमेरिका और उसकी कंपनियों को बेहतर रेटिंग मिलती है। इतना ही नहीं, चूंकि रेटिंग का पूरा कारोबार केवल तीन कंपनियों के हाथ में है, इसलिए एकाधिकारिक शक्तियों के दुरुपयोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इन रेटिंग कंपनियों को प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़े। अधिक से अधिक रेटिंग एजेंसियों को मान्यता मिलनी चाहिए। विभिन्न देशों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

## देश दुनीया से

# महिला हक-कत्र्तव्यों की बात साथ-साथ हो

**अभी** हाल ही में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बड़ी-बड़ी संगोष्ठियां और भव्य आयोजन किए गए और इन नवरात्रों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जा रही है, लेकिन ये आयोजन क्या सिर्फ एक दिन और कुछ विशेष दिनों के ही मोहताज हैं? एक महिला होने के नाते मुझे लगता है कि काश हर दिन महिला व पुरुष की समानता के रूप में मनाया जाता। समाज की मूल समस्या ही यही है कि किसी वर्ग विशेष को एक दिन में समेटकर पूजनीय बना दिया जाए और शेष दिन उन्हें स्वयं अपने अस्तित्व व सम्मान के लिए समाज से ही लडना पड़ता है। जब भी कोई महिला हिम्मत कर दबी जुबान से अपने खिलाफ हुई हिंसा की बात करती है तो उसी के चरित्र पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। अभी हाल ही में दक्षिण भारत की जानी-मानी अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने कहा कि जब वह 8 वर्ष की थी तब पिता ने यौन शोषण करना शुरू किया था। मुझे इस बारे में बात करने में कई साल लग गए। शायद आज वो समाज में इस स्थिति में है कि अपनी बात बिना किसी संकोच के सबके सामने रख सकती है। लेकिन न जाने कितनी बच्चियां हमारे आसपास, कितनी तरह की ज्यादतियों का शिकार हो रही हैं। उन बच्चियों की आवाज या तो दबा दी जाती है और कुछ की तो स्वयं ही खामोश हो जाती है।

> समाज की मूल समस्या ही यही है कि किसी वर्ग विशेष को एक दिन में समेटकर पूजनीय बना दिया जाए और शेष दिन उन्हें स्वयं अपने अस्तित्व व सम्मान के लिए समाज से ही लडना पड़ता है। जब भी कोई महिला हिम्मत कर दबी जुबान से अपने खिलाफ हुई हिंसा की बात करती है तो उसी के चरित्र पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। अभी हाल ही में दक्षिण भारत की जानी-मानी अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने कहा कि जब वह 8 वर्ष की थी तब पिता ने यौन शोषण करना शुरू किया था। मुझे इस बारे में बात करने में कई साल लग गए।

एक शिक्षिका होने के नाते मैं हर रोज़ कई बच्चियों से मिलती हूं और एक बच्ची की मानसिकता की व्यथा, अपने आप में एक पाठशाला है। विशेषकर ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली बच्चियों के लिए कक्षा तक पहुंचने की जद्दोजहद और उसके पीछे का संघर्ष समाज की संकुचित मानसिकता को दर्शाता है। यहां तक कि उनकी यात्रा में कई सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक पाबंदियां उन्हें मानसिक तौर पर शोषित कर चुकी होती हैं। इस मानसिक शोषण से बाहर निकल कर जब कुछ शिक्षित महिलाएं किसी भी व्यवसाय की तरफ अग्रसर होती हैं तो समाज फिर उनके आचरण से उसके चरित्र का प्रमाण पत्र देना शुरू कर देता है। इस संदर्भ में कृपया करके लिंग आधारित संकुचित सोच से बाहर निकलिए। आधी आबादी को सीमाओं में न बांधकर उनकी प्रगतिशील उड़ान में सहायक बनिए। एक अन्य पहलू यह भी है कि परिवार का पढने वाली लड़कियों के प्रति और कामकाज़ी महिला के प्रति असुरक्षा की भावना का डर भी उन्हें सताता है। न जाने कितनी बच्चियों व महिलाओं के साथ रेप जैसी घिनौनी वारदात, उन्हें फिर बंद कमरे में रहने पर मजबूर कर देती है। मेरी कई छात्राओं के माता-पिता जब मुझसे अपनी बच्चियों की सुरक्षा के बारे में बात करते हैं तो मेरे पास भी आश्वासन के अलावा और कोई जवाब नहीं होता। क्या सरकार के कड़े कानून इस हिंसा को रोक सकते हैं? शायद नहीं । समाज को ही अपना नज़रिया बदल कर महिलाओं को उनकी सुरक्षा की गारंटी देनी होगी। इस गारंटी के लिए व्यक्तिगत विचार रखने वाले पुरुष, सामूहिक तौर पर उनकी सुरक्षा के लिए आवाज़ उठाएं तो कुछ बात बन सकती है। ये आवाज सिर्फ घिनौनी वारदात होने के बाद तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जब निर्णय लेने के पदों व पक्षों की बात आती है तब निम्न स्तर तक महिलाओं की स्थिति में कुछ सकारात्मकता है। लेकिन उच्च स्तर तक उनकी स्थिति में समाज के अन्य पक्षों द्वारा स्वयं ही प्रश्न चिन्ह लगा दिए जाते हैं । जब तक समानता के आधार पर अवसर नहीं मिलेंगे तब तक लिंग के आधार पर योग्यता देखना सरासर सही बात नहीं है। मेरी एक सहेली को सिर्फ इस बात से एक फर्म के उच्च पद से हटा दिया गया क्योंकि उसे शाम होते ही अपने परिवार की जिम्मेवारियों के लिए समय निकालना था। वो रात को नौ या दस बजे तक सिर्फ फर्म को समय नहीं दे सकती थी। इसी सामंजस्य के बीच उसकी योग्यता व दक्षता की अवहेलना कर दी गई। लेकिन सही मायने में आज प्रगतिशील समाज को आयना देखना है तो हमें पुरुष व महिला की कार्यस्थिति को बराबर बांटना होगा। इस विषय के बहुत से आयाम हैं, लेकिन आज की युवा लडक़ी अपने सपनों के लिए तेजी से भाग रही है, कभी-कभी पटरी से उतर कर, उस दिशा में चलने लग गई है जहां काले अंधेरे के अलावा कुछ भी नहीं है।

## नागरिक बोध

# उप्र के विकास की चमक ने देश में वाहवाही लूटी

**यूपी** के विकास की बात से यूपी ही नही देश मे भी चर्चा का विषय बन गया है। छह वर्षो के कार्यकाल में योगी ने विकासलक्षी कार्यो से जनता की परेशानियों को ही दूर नही किया है, बल्कि लोगो के स्वावलंबन की प्रक्रिया में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। योगी की देश मे राजनैतिक गलियारों में प्रशंसा हो रही है, वही सामाजिक स्तर भी वंचित नही है। यूपी में योगी के नेतृत्व में विकास हुआ है। वही कानून व्यवस्था का सुचारू रूप से पालन हो रहा है। यूपी में माफियो के लिए कोई जगह नही है। यूपी की कायापलट करने में योगी ने अपनी ताकत लगा दी है। यूपी महिला शशक्तिकरण करने और स्वावलंबन में सबसे अग्रणी राज्य की श्रेणी में आता है। जहाँ बेरोजगारी की त्रासदी से छुटकारा दिलाने के लिए दो करोड़ युवाओ को सक्षम बनाए है वही यूपी के पिछले छह वर्षो में बीस लाख युवाओ को लाभान्वित किया है। यूपी का कोई जनपद नही, वहां यूपी में युवाओ को नौकरी नही मिली है। पिछली सरकारों की बात करने और सुनने के लिए कोई तैयार नही है जिल्लत की जिंदगी देने वाली पूर्व की सरकारों में सुबह से शाम तक उपद्रवियों का ही बोलबाला था। आज योगी के राज में माफिया नही, महोत्सव बन चुके है। योगी के नेतृत्व में यूपी उत्तम प्रदेश बन गया है। शहरो की सड़कें और इंफ्रास्ट्रक्चर की बदलती तस्वीरों ने यूपी को मालामाल कर दिया है। माफियो का अब नामोनिशान नही है बहन, बेटियों के लिए भयमुक्त वातावरण है। योगी आदित्यनाथ ने छह वर्ष की उपलब्धि गिनाते हुए डबल इंजन सरकार के मायने बताते हुए कहा कि आज यूपी के विकास में बड़ा योगदान रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बरकरार है। महिलाओ को बाहर निकलने में परेशानी होती थी। महिलाओ के लिए शाम सात बजे घर से बाहर निकलना मुश्किल था। आज बिटिया देररात तक घर से बाहर कही भी घूम सकती है। यूपी माफियागिरी से मुक्त हुआ है। जिसका श्रेय वर्तमान योगी आदित्यनाथ की सरकार को जाता है।

# प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय के बजार टांड़ परिसर में झारखंड सरकार व उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखण्ड स्तरिय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ लातेहार चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,उप प्रमुख निशा शाहदेव, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, बालूमाथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने संयुक्त रूप से दिपप्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला के सम्बन्ध मे प्रखंड प्रमुख देवी ने कहा कि इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगने से गरीब मजदूर व किसानों के लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र मे रहने वाले गरीब, मजदूर, असहाय लोगों को जन कल्याणकारी स्वास्थ्य सुविधा पहुचाने के उद्देश्य से प्रखण्ड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। इस स्वास्थ्य मेला से आम जनता को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इसके पश्चात लातेहार चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा.उन्होंने सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड, गंभीर बीमारी से बचाव के लिए अनुदान राशि सहित अन्य सुविधा के बारे में जानकारी दी. साथ ही कहा की कोविड अभी गया नहीं है सावधानी बारतने की आवश्यकता है। सामूहिक स्थल मे मास्क का उपयोग जरूर करें।

## प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** रामनवमी महापर्व को लेकर प्रखंड प्रशासन ने बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च थाना से निकलकर सुभाष चौक के सभी मार्गो में भ्रमण किया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओ सुधीर कुमार दास ने किया जिसमें बीडीओ नीतू सिंह, सीओ छुटेश्वर कुमार दास व थाना प्रभारी विवेक कुमार और इंस्पेक्टर केपी चौधरी मुख्य रूप से शामिल थे। प्रशासन ने फ्लैग मार्च के दौरान लोगो को शांति व्यवस्था बनाये रखने व सौहार्द्र बिगाड़ने वालों की सूचना पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की। बताया गया की संवेदनशील जगहों पर ड्रोन कैमरा से नजर रखी जायेगी। आगे कहा कि ट्रायल कर प्रक्षेत्र की नजर रखी जा रही है। पदाधिकारी ने लोगों से रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण मनाने की अपील की है।साथ ही लोगो से किसी भी अफवाह की चपेट में नही आने व इससे बचने की भी अपील किया है। चौक चौराहों के अलावे गांवो में भी फ्लैग मार्च निकालकर शांति व्यवस्था कायम रखने की भी अपील किया है। फ्लैग मार्च में सैकड़ो पुलिस जवान शामिल थे।

## महुआडांड़ में चैत्र शुक्ल सप्तमी की संध्या निकाला गया भव्य मंगला जुलूस

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड में दिन मंगलवार को चैत्र शुक्ल सप्तमी की संध्या में बजरंग दल पलामू विभाग सह संयोजक सूरज साहू के नेतृत्व में दुर्गाबाड़ी मंदिर परिसर से भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के साथ जुलूस शास्त्री चौक होते हुए महावीर मंदिर पहुंचा जहां सप्तमी झंडा पूजन के बाद आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य रूप से विहिप संरक्षक प्रदीप जायसवाल, खंड कार्यवाह राजन साहू, विहिप नगर मंत्री नितिश साहू, अभाविप के जिला सहसंयोजक उज्जवल धनुष, आयुष जायसवाल, दीपक गुप्ता, राजाराम रवि, शुभम गुप्ता, विक्की गुप्ता, पवन गुप्ता, समेत सैकड़ों बजरंगी भक्तगण मौजूद थे। इस मंगला यात्रा में दुर्गा वाहिनी की बहनें भी हाथो में भगवा ध्वजा लिए प्रभु श्री राम का जयकारा लगाते हुए जुलूस की शोभा को बढ़ाया। कार्यक्रम किस शांति व्यवस्था एवं सफल संचालन को लेकर थाना प्रभारी आशुतोष यादव पु0अनी0 संजय रतन, रतन टूडू, पुलिस बल के जवान सभी चौक चौराहों पर मुस्तैद नजर आए।

## नक्सलियों ने लेवी के लिए सड़क निर्माण कार्य को कराया बंद, मुंशी को पीटा

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेतरहाट थाना क्षेत्र के बांसकरचा से कूडो मोड तक सड़क निर्माण कार्य को नक्सलियों ने बीती रात बंद करा दिया। इस दौरान काम की देखरेख कर रहे मुंशी को जमकर पीटा। यह काम मिनी कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बराही गांव के समीप बराही नदी पर पुल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में लेवी नहीं मिलने से नाराज नक्सलियों ने बीती रात निर्माण स्थल पर पहुंचकर मुंशी संजू पांडेय के साथ मारपीट करने लगे। नक्सलियों ने मुंशी को इतना पीटा की उसका बाया पैर फ्रैक्चर हो गया। नक्सलियों ने मुंशी से काम बंद करने और 2 दिनों के अंदर लेवी की राशि नहीं देने पर बड़ी घटना को अंजाम देने की चेतावनी दी है। मुंशी संजू पांडेय ने बताया कि वह साइट से दूर बराही गांव के अनिल मिंज के घर में डेरा लेकर रह रहा है। पहले भी लेवी के लिए कंपनी में नक्सली आगजनी कर चुके हैं। मारपीट की घटना से क्षेत्र में भय का माहौल है। वहीं घटना के बाद साइट पर काम पूरी तरह से बंद है। यह निर्माण कुल 99 करोड़ की लगत से की जा रही है, जिसमें पुल ,पुलिया,सड़क और गार्डवाल बनाना हैं

# सिमरिया रामनवमी महासमिति के द्वारा झांकियों का समय सीमा तय

➲सभी अखाड़े के तय समय सीमा पर हीं झांकियों का आवागमन करेंगे : अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया रामनवमी महासमिति के चयनित पदाधिकारियों की बैठक किसान भवन परिसर में की गयी। जिसमें सर्व समिति से तय किया गया कि सभी अखाड़े महासमिति द्वारा तय किया गया समय सारणी के अनुशार सिमरिया चौक पर पहुंचेगे और अपना झांकी के साथ कर्तव्य दिखाते हुए चौक से प्रस्थान करेंगे। जिसमें सर्वप्रथम बानासांडी गाँव का झांकी का चौक पर आगमन रात्रि 10:15 बजे प्रस्थान 11 बजे, रोल गाँव झांकी का आगमन 11 बजे रात्रि प्रस्थान 11:45 बजे, हर्षनाथपुर गाँव का झांकी का आगमन 11:45 बजे प्रस्थान 12:30 बजे रात्रि, सिमरिया गाँव का झांकी आगमन 12:30 बजे प्रस्थान 1:15 बजे रात्रि, सबानो गाँव का झांकी आगमन 1:15 बजे प्रस्थान 2 बजे, डाड़ी गाँव का झांकी आगमन 2 बजे प्रस्थान 2:45 बजे रात्रि, खपिया गाँव का झांकी आगमन 2:45 बजे प्रस्थान 3:30 बजे होगा। सभी झांकी के अध्यक्ष अपने तय समय पर चौक पहुंचेगे साथ हीं तय समय पर प्रस्थान कर जाना है। जिससे अगला झांकी का कर्तव्य दिखाने का मौका मिलेगा। निर्धारित समय पर प्रवेश या प्रस्थान नहीं करने वालों पर महासमिति जिम्मेवार नहीं होगी। मौके पर महासमिति अध्यक्ष सुबोध पांडेय, मुखिया सुधीर सिंह, करम साहू, आलोक रंजन, जवाहर यादव, मनोरंजन महाजन, रणजीत सिंह, आनन्द पांडेय, शिबू यादव, नितेश सिंह, माधो सिंह, लक्ष्मण यादव, अमित साहू, अशोक कुमार, बिष्णु कुमार के अलावे सभी अखाड़े के चयनित अध्यक्ष व सचिव मौजूद थे।

# दहेज नहीं देने पर विवाहिता की हत्या, थाना में दिया आवेदन

**संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के सीसी पंचायत अंतर्गत बारियातू गांव से दहेज नहीं देने पर विवाहिता हेमा कुमारी उम्र 20 वर्ष की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। मृतिका की मां फूलमती कुंवर ग्राम बारह लोटा ,थाना मेदनीनगर निवासी ने बताया कि वर्ष 2021 में मेरी पुत्री का शादी लातेहार के ग्राम बरियातू निवासी कैलाश प्रजापति के पुत्र राहुल प्रजापति के साथ हुई थी। परंतु शादी के बाद मेरे बेटी के ससुराल वाले दहेज और एक मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। ससुराल वाले की मांग पूरी नहीं होने पर उसके पति राहुल प्रजापति ने हेमा को मायके भेज दिया। जिसके बाद मामला मुखिया तक पहुंचा। मुखिया ने दोनों पक्षों से एक बॉन्ड लिखा कर मामले को शांत करा दिया।



वहीं मृतीका का भाई शशिकांत कुमार ने बताया कि मेरी बहन को शराब बेचने और बनाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था, और दहेज मांगा जाता था। विरोध करने पर ससुराल वाले मारपीट भी करते थे। उसने बताया कि बीती रात्रि बहन से बात किया तो उसने कहा कि सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है ।परंतु ससुराल वालों द्वारा सुबह फोन पर यह जानकारी दी गई कि मेरी बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इधर मृतिका के परिजनों ने लातेहार थाना को आवेदन देकर मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मृतिका के मां ने कहा मेरे बेटी के ससुराल वालों ने साजिश रच कर मेरी पुत्री की हत्या कर डाला। उधर मृतिका के पति से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नही लग पाया।थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## पागल कुत्ता नें आधा दर्जन लोगों को काट कर किया घायल



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव में 29 मार्च बुधवार सुबह करीब 9:00 बजे एक पागल कुत्ता ने आधा दर्जन लोगों को काट कर घायल कर दिया। सभी जख्मी लोगों को 108 एंबुलेंस के सहारे कटकमसांडी अस्पताल में इलाज द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव के निगरानी में करवाया गया। बताते चलें कि घायल व्यक्ति रामविलास राणा 36 वर्ष पिता स्वर्ग़हेमराज राणा,सोनू कुमार यादव 26 वर्ष पिता शुक्र गोप, प्रिया कुमारी 9 वर्ष पिता धर्म यादव, रिशु कुमार यादव 4 वर्ष पिता गोरी यादव, मोज़अत्ताउल्लाह अंसारी12 वर्ष पिता अहमद अंसारी पांचो दुआरी गांव निवासी एवं शेखर कुमार भुइंया 8 वर्ष पिता भीमा भुइयां ग्राम जबेर इटखोरी थाना जो ग्राम बाय में नाना रोशन भुइंया के यहां आया था? इन सभी लोगों को पागल कुत्ता ने काट लिया जिनको बेहतरीन इलाज कटकमसांडी सदर अस्पताल में करवाया गया है।

## 500 खाद्य व्यापारियों को एफओएस टीएएस का प्रशिक्षण देने का है लक्ष्य : एसडीएम



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुराना कोर्ट स्थित अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में एफओएस टीएसी सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर एसडीएम सह अभिहित अधिकारी मो मुमताज अंसारी उपस्थित थे।ज्ञात हो कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 60 खाद्य व्यवसायियों को एफओएस टीएसी प्रमाण पत्र वितरित किया गया। झारखंड सरकार के स्वास्थ शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव के निर्देशानुसार चतरा संभाग के अंतर्गत शहर के 60 खाद्य व्यवसायों को एफओएस टीएसी (खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक) का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी खाद्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित समुचि जानकारी दी गई। सभी खाद्य व्यवसायों के लिए एफ.एस.एस.ए.आई लाइसेंस / पंजीकरण प्राप्त करने के लिए एवं सभी मिठाई प्रतिष्ठानों,बेकरी केक की दुकानों, रेस्तरां, ढाबों, होटलों, मांस की दुकानों के लिए स्वच्छता रेटिंग प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक बताया गया है।साथ ही यह भी कहा गया है की जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला,पेयजल और स्वच्छता द्वारा पानी का परीक्षण और लेखा परीक्षा करने के लिए विभाग को भी हिदायत दी गई है। एफओएस टीएसी प्रशिक्षण का आगामी बैच अप्रैल के प्रथम सप्ताह में शुरू किया जाएगा। जिसकी जानकारी संबंधित एजेंसी द्वारा दी जाएगी। 500 खाद्य व्यापारियों को एफओएस टीएसी प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।ताकि अधिक लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज के उत्थान में महती भूमिका निभा सकते हैं। दिन चर्या और व्यापार करने की शैली।में एक परिवर्तन देखने को मिलेगा।गाईड लाइन के अनुसार किए जाने वाले कार्य बेहतर होंगे। व्यापारी जब पूर्ण रूप से प्रशिक्षित हो जायेंगे तब बाजारों,होटलों और पब्लिक प्लेस पर बहुत कुछ अलग दिखने लगे गा। उन्होंने आगे बताया की ज्ञानसिटी एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा विगत 16 फरवरी को साई रेजिडेंसी में एफओएस टीएएस ट्रेनिंग दी गई थी। जिसमें खाद्य सामग्री के उचित रख-रखाव,स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## रामनवमी को लेकर तैयारी पूरी झांकी और शस्त्र प्रदर्शन आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय में रामनवमी को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। आज दिन गुरुवार को शहर के विभिन्न अखाड़ों के पदधारियों के द्वारा मुख्य अखाड़ा थाना चौक से शोभा यात्रा और शस्त्र प्रदर्शन किया जाएगा। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि आज विभिन्न अखाड़ों के समितियों के द्वारा थाना चौक से शोभायात्रा झांकी और मुख्य चौक चौराहों में शस्त्र प्रदर्शन किया जाएगा । सभी अखाड़ों के समितियों को पूर्व में ही जनसंपर्क अभियान चलाकर आमंत्रित कर लिया गया है। शहर में रामनवमी का मुख्य कार्यक्रम थाना चौक अखाड़े के पास आयोजित है, जिसमें जिला के वरीय पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया है। इधर शहर में पुलिस प्रशासन गत दिनों फ्लैग मार्च और मॉक ड्रिल कर असामाजिक तत्व पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। रामनवमी के दौरान पुलीस ने सारे इंतजाम पूर्व में ही कर रखा है। उधर विभिन्न अखाड़ों के समित्यो ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम बाजारटाड़ में आयोजित की जाएगी जहां विभिन्न अखाड़ों के समिति झांकी और शस्त्र प्रदर्शन करेंगे जिन्हें मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## सीआरपीएफ 122 बटालियन ने शिला में शिविर आयोजित कर किया सामग्री वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना क्षेत्र के शीला ओपी स्थित सीआरपीएफ 122 बटालियन ने बुधवार को शिला बाजार टांड में शिविर लगाकर हरेक परिवार के बीच पानी टंकी, मच्छरदानी, इमरजेंसी लाइट का वितरण किया। यह कार्यक्रम सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन कमांडेड मोहित कपूर के निर्देशानुसार कमान अधिकारी निरीक्षक एजाज अंसारी ने वितरण किया। यह कार्यक्रम पुलिस एवं पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर किया जाता है। आपको बता दें कि 122 केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स द्वारा समय समय पर आम नागरिकों के बीच गाँव गाँव जाकर तथा कैम्प लगा घरेलू जरूरत का समान ग्रामीणों को मुहैया कराया जाता है। जिसमें खेल सामग्री से लेकर घर में नित्य प्रतिदिन प्रयोग में लाने वाला जरूरी सामान। शामिल है। जिससे आम नागरिकों को पुलिस और ग्रामीण के बीच नजदीकी बढ़ें। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह, उप कमांडेड मनमोहन ठाकुर, निरंजन सिंह, शिला ओपी थाना प्रभारी रामदेव वर्मा, इचाक मुखिया कविता देवी, सुरेश कुमार के अलावे समस्त अल्फा कम्पनी के जवान शामिल थे।

## जेएसएलपीएस एलएचसीआरपी का विदाई सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय में संचालित बीएमएमयू में जेएसएलपीएस के तहत कार्यरत एल एच सीआरपी ममता कुमारी का गिद्धौर ब्लॉक से ट्रांसफर हो गया। जिनका विदाई 29 मार्च को सम्मान पूर्वक किया गया। कार्यक्रम बीपीएम अभिषेक कुमार के अध्यक्षता में की गई। संचालन एफटीसी अनिल प्रजापति ने किया। तथा समूह से जुड़ी सभी महिलाओं ने बुके,गुलदस्ता, साल व अन्य सामान दे विदाई किया। इनके जगह नई एलएच सीआरपी सुमन वर्मा का स्वागत किया गया। ब्लॉक में ममता कुमारी का कार्यकाल बहुत सुंदर रहा जिसका अधिकारी से लेकर समूह के जुड़े सभी दीदी ने व्याख्या कीया। एवं खुब प्रशंसा की गई। इनका गिद्धौर से पत्थलगड़ा के लिए ट्रांसफर किया गया है। जहां 1 अप्रैल से अपना पद ग्रहण करेंगी। मौके पर उपस्थित कंप्यूटर ऑपरेटर अमरजीत सिन्हा सीसी अरुण कुमार दिलीप कुमार आइपिआरपी सुनीता देवी बिआरपी बिजय रजक युगेशवर कुमार महिला समूह के अध्यक्ष प्रतिमा देवी, बैंक सखी सरोज कुमारी, मनीषा कुमारी, गीता देवी, नीलम देवी, मालती देवी, रेखा देवी, नीतू कुमारी, सुजा कुमारी, उषा कुमारी, रजन्ती देवी, अंजू देवी, जयंती देवी वह दर्जनों महिला विदाई सम्मान समारोह में उपस्थिति थी।

## रामनवमी के अवसर पर चला साफ सफाई अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय में रामनवमी पर्व को लेकर बालूमाथ अनुमंडल पदाधिकारि अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व मे थाना पुलिस व आमजनों ने बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से प्रारंभ हो कर बस स्टैंड, दुर्गा बाडी, बाजार टांड, राम मंदिर, फुलसु चार मुहान,मध्य विधालय होते प्रखंड कार्यालय तक सड़क के दोनों ओर फैला कूड़ा कचरा को एकत्रित कर ट्रेक्टर के माध्यम से सुरक्षित स्थान पर फेंका गया। इस दौरान सभी अपने अपने हाथों में झाड़ू, फावड़ा, खुरपी लेकर सफाई करते नजर आए.एसडीपीओ सिंह ने कहा कि सभी को अपने आसपास के स्थान पर सफाई अभियान चलाना चाहिए, ताकि हम अपने आप को स्वच्छ और स्वस्थ रख सकें। आज के समय में जो भी बीमारियां पैदा हो रही हैं वह सिर्फ सफाई न रहने के कारण हो रही है। उन्होंने कहा कि बहुत सा पैसा हमारा इन बीमारियों में लग जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी लोग समझ नहीं रहे कि सफाई इंसान के जीवन के लिए कितनी जरूरी है जो उनको अनेक बीमारियों से बचा सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वे सफाई के महत्व को समझें और उसे अपने जीवन में एक आदत की तरह अपनाएं। अंत में सभी सदस्यों ने अपने आसपास सफाई करने की शपथ ली।इस सफाई अभियान में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी,राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, पुलिस अवर निरिक्षक दीपक नारायण सिंह, बिंदेश्वर महतो, महिला पुलिस कर्मी, समाज सेवी शैलेस सिंह, लाल आशिस,पवन कुमार, फुलचंद गंझु, महेश प्रसाद, टिंकु प्रसाद, जुगेन्दर पासवान सहित कई पुलिस कर्मी व आमजनों का सराहनीय योगदान रहा।

# आंगनबाड़ी केंद्र में पंचायत स्तरीय पोषण पखवाड़ा सप्ताह मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चंदवा :** लातेहार कामता पंचायत में पंचायत स्तरीय पोषण पखवाड़ा सप्ताह पतराटोली (कामता) आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया।कार्यक्रम में शामिल पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने पोषण पखवाड़ा को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम से बच्चों और महिलाएं जागरूक होंगी। उन्होंने आगे कहा कि आज सबसे ज्यादा मक्का, महुआ, राहरदाल के अहार में पॉष्टिक तत्व पाए जाते हैं, इसके खाने पीने से शरीर में जो पॉष्टिक की कमी है,उसे पूरा किया जा सकता है।समय से भोजन करने से शरीर को स्वस्थ्य रखा जा सकता है।आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पॉष्टिक आहार वितरण किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा का



आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। पौष्टिक लाभ के लिए जनजागरूकता लाया जाना एवं बच्चों महिलाओं को कुपोषण मुक्त करना है। महिला और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार करना है। इसके साथ ही पोषण पखवाड़ा कुपोषण मुक्त करने के लिए भी मनाया जाता है।सेविका पद्मावती देवी, सुषमा वैद्य, नैयर सुलताना, मीना देवी, देवंती देवी, सरोज देवी, शनिचरीया देवी, जोलजेन मिंज, ने कहा कि कुपोषण को दूर करने के लिए किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं पर विशेष ध्यान है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष के बच्चों को कुपोषण से रोकना और बच्चों के कुपोषण लेवल में सुधार करना है।युवाओं में खून की कमी की समस्या को दूर करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इसके साथ ही 15-49 वर्ष की आयु की महिलाओं और लड़कियों में एनीमिया के प्रसार को रोकना भी पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य है।पोषण पखवाड़ा में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, सेविका पद्मावती देवी, सुषमा वैद्य, मीना देवी, देवंती देवी, सरोज देवी, शनिचरीया देवी, जोलजेन मिंज, नैयर सुलताना, सहायिका रीता मिंज, मीना देवी, रौशन बीवी, मदीना बीवी, हलीमा बीवी, बेबीनाज, फुलो देवी, गुलाबी देवी, परमीला देवी, रेखा देवी, मनीषा देवी, गीता देवी, शिमली देवी, किशोरी चांदनी कुमारी, किरण कुमारी, रुपा कुमारी, महिमा कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, संजना कुमारी, सुषमा कुमारी, सुलेखा कुमारी, सोनी कुमारी, छोटी कुमारी, सरीता कुमारी, रुपा कुमारी, पुजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अंशु कुमार, रविन्द्र कुमार, मनोज कुमार, राहुल कुमार, राज कुमार, रवि कुमार, राजन कुमार, रिसेत कुमार, बिजेंद्र कुमार सहित कई बच्चे महिलाएं शामिल थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### सरगडीह में मधुरास मेले का बजरंग महतो ने किया उद्घाटन

**रामगढ़** (प्रभात मंत्र संवाददाता): गोला प्रखंड के बरलंगा थाना अंतर्गत सरगडीह प्रचांडू पहाड़ स्थित तीन दिवसीय श्री श्री प्रचांडू मधुरास मेले का उद्घाटन बुधवार को महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने किया। उद्घाटन के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मन्नते मांगी गई। बताया जाता है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पहाड़ की तलहटी पर भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।मेले में प्रथम दिन भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। दूसरे व तीसरे दिन बंगाल के कलाकारों के द्वारा छऊ नृत्य प्रस्तुति की जाएगी। बजरंग महतो ने बताया कि प्रचांडू बाबा की महिमा अपरंपार है यहां जो भी मन्नते मांगी जाती है वह पूर्ण होती है। वहीं मेला आपसी भाईचारे प्रेम को बढ़ाता है।इससे पूर्व कमेटी के लोगों ने बजरंग महतो को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।मौके पर कमेटी के संरक्षक मान सिंह मुंडा, पूर्व मुखिया कपलेश्वर महतो,प्रदीप महतो,बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज कोटवार,सहदेव सिंह,मिथुन महतो कमलेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

### अरगड्डा में भक्तों ने चैती दुर्गा महाष्टमी पर गांव व परिवार के लिए मांगा खुशहाली का वरदान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां बिमला मंदिर अरगड्डा के प्रांगण में बुधवार को महाअष्टमी पर मां चैती दुर्गा की पूजा भक्तों ने बांग्ला रीति रिवाज के साथ हर्षोल्लास के साथ किया। अवसर पर ब्राह्मण लखन बनर्जी, पुजारी गौरांग बनर्जी ने वेद मंत्रों के साथ नियम पूर्वक पूजन किया। पुष्पांजलि, आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण हुआ। पारंपरिक ढ़ोल के ध्वनि से मां दुर्गा का अनुष्ठान पूर्ण किया गया। सभी भक्तों ने अपने गांव अरगड्डा समेत परिवार के लिए माता आदिशक्ति से खुशहाली, निरोगी जीवन, हरियाली का वरदान मांगा। संधी पूजा रात्रि 9:55 और बलिदान 10:19 में संपन्न हुआ। जबकि मां दुर्गा की नवमीं पूजा गुरुवार प्रातः 9-40, पुष्पांजलि 10-30, आरती संध्या 7-30 बजे पूरी होगी। मौके पर भक्तों में दुर्गेश मिश्रा, बाबू दास गुप्ता, नवीन गुप्ता, कृष्णा चंद्रवंशी, जय दत्ता, शंभू सागर, रितेश सिंह, शंकर, आदर्श मिश्रा, संटू कपूर, रितिक साव, अंशु, मनोज प्रधान, रोहित पासवान आदि उपस्थित थे।

### महावीरी पताकों से सजा बाजार

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत पास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को भक्तों के द्वारा रामनवमी का जुलूस केसरिया ध्वजा को लहराते हुए निकालेंगे। इससे पूर्व सभी भगवान श्री राम अनन्य सेवक वीर हनुमान की पूजा आराधना भक्ति भाव के साथ करेंगे। इसे लेकर दुकानों में महावीरी पताको भी लोग खरीदने पहुंच रहे हैं। यहां 50 रुपये से लेकर 500 तक के महावीरी पता के मिल रहे हैं। इस बार केसरिया पताको पर बजरंगबली के चित्र सभी भक्तों को लुभा रहे हैं। मंदिरों को रंग रोगन कर विद्युत लाइटों से सजाया संवारा गया हैं। पूरा नगर राम हनुमान की भक्ति में लगा हुआ हैं।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में वार्षिक परीक्षा 2022-23 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। परीक्षाफल का प्रकाशन विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज के पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव और प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त भैया-बहनों को विद्यालय के प्रधानाचार्य और समिति सदस्यों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रत्येक कक्षा से सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले एक-एक भैया-बहन को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ आचार्य के रूप में धीरज कुमार, सर्वश्रेष्ठ आचार्या के रूप में नेहा मिश्रा, उत्कृष्ट आचार्य के रूप में अरुण कुमार झा और इस सत्र का सर्वाधिक उपस्थिति का पुरस्कार पुष्पलता कुमारी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि परीक्षा में कोई सफल या असफल नहीं होता बल्कि यह तो उसे अपनी गलतियों को सुधारने और अपने व्यक्तित्व को निखारने का एक नया अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन आचार्य धीरज कुमार और धन्यवाद ज्ञापन परीक्षा प्रमुख सुनील कुमार महतो के द्वारा किया गया।

### मां बाघेश्वरी बनासो में महासमिति एवं झांकी के अध्यक्षो ने की शस्त्र पूजा

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय सनातन परम्परा एवं संस्कृति के अनुसार हिन्दू धर्म मे शस्त्र एवं शास्त्र की पूजा की परम्परा रही है ।इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए आज महाष्टमी के सुअवसर पर विष्णुगढ़ रामनवमी महासमिति एवं झाँकी के सभी अखाड़ों के अध्यक्षो के सहयोग से महामाया माँ बाघेश्वरी बनासो हजारों की संख्या में जत्थे में जाकर शस्त्र पूजा की । माता बाघेश्वरी के दरबार मे रवाना होने के पूर्व बतौर मुख्यातिथि भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह हज़ारीबाग पूर्व साँसद प्रो0यदुनाथ पाण्डेय,विशिष्ट अथिति भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने महासमिति के तमाम सदस्यों के साथ रमुआँ दुर्गा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर जत्थे का नेतृत्व किया । जत्थे के आगे-आगे नवकन्या माता के नौ रूप धारण कर चल रही थी। जत्था हजारों की संख्या में रमुआँ दुर्गा मंदिर प्राँगण से जय श्रीराम, बजरंगबली की जय, जय भवानी,वन्दे मातरम,भारत माता की जय से गुंजायमान हो गया ।

# नमामि गंगे योजना के तहत हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नमामि गंगे योजना के तहत 16 मार्च से 31 मार्च तक की अवधि को स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न विद्यालयों द्वारा जिला स्तरीय वाद-विवाद व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से कक्षा 6th से 11th के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसी क्रम में कक्षा 6th से 8th के बीच हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्क्रमित हाई स्कूल मांडू से कक्षा 8th की खुशबू कुमारी प्रथम, मध्य विद्यालय रामगढ़ कक्षा 7th के प्रीतम कुमार द्वितीय, मध्य विद्यालय नयानगर पतरातू कक्षा 7th की रुखसाना परवीन तृतीय स्थान प्राप्त किये। कक्षा 9th से 11th के बीच हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में एस एस +2 हाई स्कूल गोल के कक्षा 9th प्रियांशु चंद्र पोद्दार प्रथम स्थान, के के सी +2 हाई स्कूल सयाल के कक्षा 9th के सन्नी कुमार मेहता द्वितीय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मांडू की कक्षा 9th की दीपिका कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त कीद्य 6th से 8th के बीच हुई वाद विवाद प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय कोइरिटोला की कक्षा 8th की कुसुम कुमारी ने प्रथम स्थान, राजकीय मध्य विद्यालय सौंदा की कक्षा 8th की पूजा मुखर्जी द्वितीय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोडाक़रम की कक्षा 7th के मदन हसदा तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य वही कक्षा 9th से 11th के बीच हुए वाद विवाद प्रतियोगिता में डॉ राममनोहर लोहिया उच्च विद्यालय बोंगाबार के कक्षा 9th की रिया कुमारी ने प्रथम स्थान, गांधी स्मारक +2 विद्यालय रामगढ़ के कक्षा 11th की अंशु कुमारी द्वितीय, के.के.सी. +2 विद्यालय सयाल के कक्षा 9th के सोहेल अंसारी तृतिय स्थान प्राप्त कियाद्य सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रस्सतिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में वार्षिक परीक्षा 2022-23 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। परीक्षाफल का प्रकाशन विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज के पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव और प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त भैया-बहनों को विद्यालय के प्रधानाचार्य और समिति सदस्यों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रत्येक कक्षा से सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले एक-एक भैया-बहन को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ आचार्य के रूप में धीरज कुमार, सर्वश्रेष्ठ आचार्या के रूप में नेहा मिश्रा, उत्कृष्ट आचार्य के रूप में अरुण कुमार झा और इस सत्र का सर्वाधिक उपस्थिति का पुरस्कार पुष्पलता कुमारी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## उत्पाद विभाग और पुलिस की कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध शराब और बीयर जब्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** उपायुक्त हजारीबाग, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग तथा सहायक आयुक्त उत्पाद हजारीबाग के निर्देशानुसार आगामी रामनवमी पर्व के मद्देनजर मंगलवार को उत्पाद विभाग, हजारीबाग तथा बड़कागांव थाना के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में बड़कागांव थाना अंतर्गत ग्राम सांढ में अवैध शराब और बीयर जप्त किया गया। छापामारी के क्रम में ग्राम सांढ में करण मेहता के घर से किंगफिशर बीयर की 650 एमएल का 54 बॉटल तथा हायवार्ड 5000 की 500 एमएल शराब का 6 बॉटल को बरामद कर जप्त कर लिया गया। सभी बीयर के बॉटल में ÷केवल पश्चिम बंगाल में बिक्री के लिए÷ अंकित है। अभियुक्त करण मेहता घटनास्थल से फरार हो गया जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत उत्पाद अभियोग दर्ज किया गया।

छापेमारी दल में बड़कागांव थाना के एसआई प्रकाश मिश्रा, एएसआई हादी खान, उत्पाद विभाग के कांस्टेबल, होमगार्ड के जवान सहित बड़कागांव थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## ट्रैक्टर मालिक संघ ने केरेडारी सीओ को लिखित ज्ञापन सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी ट्रैक्टर मालिक संघ ने केरेडारी सीओ को लिखित ज्ञापन सौंप कर बालू उठाव को लेकर दिशा निर्देश की मांग किया है! इस संदर्भ में ट्रैक्टर मालिकों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि अपने अपने क्षेत्र के नदियों से बालू का उठाव नही कर रहें हैं जिस कारण पी एम आवास कूप निर्माण पशु शेड चबूतरा नाली समेत केंद और राज्य सरकार द्वारा संचालित बिकास कार्यो में घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अंचल आधिकारी द्वारा जब तक बालू उठाव को लेकर जब तक कोई गाइड लाइन जारी नही किया जाता है तब तक बालू उठाव का कार्य बंद रहेगा ज्ञापन सौंपने वालों में अर्जुन कुमार बिरजू कुमार शिव नारायन कुमार समेत दर्जनों ट्रैक्टर मालिकों का नाम शामिल हैं। वहीं ज्ञापन की प्रतिलिपि केरेडारी बीडीओ थाना प्रभारी और स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद को भी सौंपा है।

## लोगों को जागरूक करने के लिए सेमिनार का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को चितरपुर प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर उदय कुमार एवं अंचल अधिकारी तृप्ति विजय कुजुर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। सेमिनार के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं सहित बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई वहीं सभी को कहीं पर भी बाल विवाह ना होने देने एवं कहीं से भी इसकी सूचना मिलने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन, प्रखंड प्रशासन, नजदीकी थाना आदि में देने की अपील की गई।

# सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है : सुनीता चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के हुहुआ के ऊपर टोला में आयोजित श्री श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सर दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन कलश यात्रा मंडप प्रवेश वेदी पूजन नगर भ्रमण आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलश यात्रा का जत्था मंदिर से बड़की नदी तक गया,जहां पुजारियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर एवं कलश में जल भरकर पुनः मंदिर की ओर प्रस्थान किए और कलश स्थापित किए इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,वार्ड पार्षद रोशन कुमार,समाजसेवी राजेंद्र महतो उपस्थित हुए।मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है।ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रम्हा,विष्णु व महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करता है वहीं की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। जिनके तमाम रोग दोष विकारों का भगवान हरण कर देते है।मौके पर बैजनाथ राम सपत्नी, कामेश्वर महतो,उमेश महतो, प्रदीप राम, सुनील राम, कुलदीप राम, अनिल राम,अरुण रविदास, प्रकाश रविदास,सन्नी कुशवाहा,आकाश राम आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सदस्यता अभियान को गति देने में जुटी जदयू की महिला ब्रिगेड

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को जनता दल यूनाइटेड के महिला प्रकोष्ठ के द्वारा पार्टी की सदस्यता अभियान को तीव्र गति देते हुए सैकड़ों की संख्या में प्रारंभिक एवं क्रियाशील सदस्य बनाया गया ।महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष खुशबू कुमारी की अगुवाई में सभी नए सदस्यों ने पार्टी में आस्था व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने कहा कि जदयू ही एक ऐसी पार्टी है जो महिलाओं के कल्याण के बारे में सोचती है ।आज प्रमुख रूप से पिंकी देवी, वीणा देवी,बबीता देवी, कंचन देवी, कविता कुमारी ,पार्वती देवी, अंजली देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, द्रौपदी देवी, गुजरी देवी, रेखा देवी और सुमन कुमारी को पार्टी की क्रियाशील सदस्य बनाया गया।

## विभावि में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. विकास का हुआ स्वागत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार को बुधवार को अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष इतिहास डॉ प्रदीप कुमार प्रधान ने बुके देकर अपनी शुभकामनाएं दी। डॉ प्रधान ने कहा कि डॉ विकास कुमार पठन-पाठन एवं शोध के क्षेत्र में सफलता के नए आयाम गढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस युवा शिक्षक के कई शोध पत्र राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके है। डॉ विकास ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि विभाग की सेवा के लिए वे सदैव समर्पित रहेंगे। मौके पर पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार मंडल एवं डॉ हितेंद्र अनुपम उपस्थित थे।

## लाखे में महिला के गले से झपट्टा मार चेन ले उड़े उचक्के

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लाखे में बुधवार को अपराह्न 2 बजे दिन में बाइक सवार दो उच्चके स्व प्रोफेसर भूपाल उपाध्याय की तीसरी बेटी रंजना पांडेय (60) पति बैजनाथ पांडेय से सोने की चेन झपट कर ले उड़े।उचक्के काले रंग की बाइक पर सवार थे। पीडिता ने बताया कि वह राणा अपार्टमेंट स्थित फ्लैट से अपने मायके की ओर आ रहीं थीं। पति की बीमारी के कारण वे लोग हाल में बोकारो स्टील सिटी से हजारीबाग शिफ्ट हुए हैं। अचानक पीछे से बाइक सवार युवक ने झपटा मारा। इससे उनकी गर्दन में जोर से चोट भी लगी है। हड़बड़ी में उच्चकों ने बाल भी कसकर खींचा। चेन झपटने के क्रम में टूट गयी। उचक्के जितिया की माला और लॉकेट भी ले भागे।

# माण्डू विधायक ने किया एकदिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विष्णुगढ़ में बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला आयोजित की गई ।

प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की अध्यक्षता में ,प्रमुख जैबुन निशा,बीडीओ संजय कुमार कोंगारी,जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ0कपिल मुनि,जिप सदस्य शेख तैयब,कोडरमा साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव,सीएचसी प्रभारी डॉ0अरुण कुमार समेत गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दीपप्रज्वलित कर की गई । कार्यक्रम के पूर्व माण्डु विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया ।

स्वास्थ्य मेला सुव्यवस्थित तरीके से सभी मरीजो को ध्यान में रखते हुए कुल 22 स्टॉल लगाए गये थे।सभी स्टालों में पूरी टीम के साथ मरीजो का इलाज किया जा रहा था। स्वास्थ्य मेले में कुल 678 मरीजो का आज इलाज किया गया।मेले में आँख के डॉ, दाँत के डॉ0,महिला चिकित्सक, योग, आयुर्वेदिक चिकित्सा के स्टालों काफी भीड़ देखी गई । माण्डू विधायक ने सभी स्टॉलों में पहुँचकर खुद से तैयारी का जायजा लेते हुए संतुष्ट हुए।

# रामनवमी को लेकर बड़कागांव पुलिस प्रशासन ने रैपिड एक्शन फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** रामनवमी पर्व को लेकर बड़कागांव पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पुलिस प्रशासन रामनवमी का त्यौहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तत्पर है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस प्रशासन का फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर नीरज कुमार, थाना प्रभारी विनोद तिर्की सहित दर्जनों की संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस बल के जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च में शामिल अधिकारी व जवानों ने शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण किया।

इस दौरान लोगों से शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्यौहार मनाने की अपील किया गया। बीडीओ और इंस्पेक्टर के नेतृत्व में शहर के सभी संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया गया। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। पुलिस इसकी तैयारी कई दिनों से जुटी हुई है। उन्होंने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्यौहार मनाने की अपील किया है।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में वार्षिक परीक्षा 2022-23 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। परीक्षाफल का प्रकाशन विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज के पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव और प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त भैया-बहनों को विद्यालय के प्रधानाचार्य और समिति सदस्यों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रत्येक कक्षा से सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले एक-एक भैया-बहन को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ आचार्य के रूप में धीरज कुमार, सर्वश्रेष्ठ आचार्या के रूप में नेहा मिश्रा, उत्कृष्ट आचार्य के रूप में अरुण कुमार झा और इस सत्र का सर्वाधिक उपस्थिति का पुरस्कार पुष्पलता कुमारी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि परीक्षा में कोई सफल या असफल नहीं होता बल्कि यह तो उसे अपनी गलतियों को सुधारने और अपने व्यक्तित्व को निखारने का एक नया अवसर प्रदान करता है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने मृतक के आश्रितों को खाद्यान्न सहयोग किया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने दिलीप बिरहोर(मृतक) के आश्रितों को खाद्यान्न सहयोग किये. ज्ञात हो कि 27 मार्च को ट्रैक्टर में फंस कर दबने से 27 वर्षीय दिलीप बिरहोर की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी थी. इस घटना के बाद मृतक की पत्नी सहित परिजन मर्माहत हैं. सूचना मिलने पर आदिम जनजाति समुदाय के आश्रित परिवार को थाना प्रभारी ने नगद दो हजार व खाद्यान्न सामग्री तत्काल दिया गया. इनके अलावे थाना प्रभारी ने मृतक आश्रित परिवार वालो को सरकार के तरफ से मुआवजा दिलाने का कार्य किया जायेगा. इस कार्य मे स्थानीय समाज सेवी बिजय गुप्ता मौजूद थे।

## थाना प्रभारी ने मृतक आश्रितों को खाद्यान्न सामग्री देकर सहयोग किया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने बीते कुछ दिन पहले लपरा निवासी सज्जाद आलम की मृत्यु ट्रैक्टर बनाने के क्रम में चंदवा थाना क्षेत्र के निंद्रा ग्राम में हो गया था. जिसे थाना प्रभारी ने आश्रित परिवार को तत्कालीन राहत खाद्यन्न सामग्री दिया गया. इसके अलावे प्रभारी ने आश्रित को दो हज़ार नगद देकर सहयोग किये।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी13

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोटोरोला ने अपनी जी सीरीज की फ्रेंचाइजी में अपने नये स्मार्टफोन मोटो जी13 को लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे बेहद किफ़ायती कीमत पर बेजोड़ एक्सपीरियंस के साथ प्रीमियम और मॉडर्न डिज़ाइन देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। स्मार्टफोन में ऐक्रेलिक ग्लास (पीएमएमए) की बॉडी तथा अल्ट्रा-थिन और प्रीमियम डिज़ाइन के फीचर्स मौजूद है। कैमरा हाउसिंग से शुरू करते हुए हर डिज़ाइन के डिटेल पर बड़ी ही बारीकी से ध्यान दिया गया है और बेहद सोच-समझकर तैयार किया गया है - एक्सपीरियंस करने को लेकर यह वाकई में बेहद आकर्षक है। इसकी स्लिम प्रोफाइल और लाइटवेट बॉडी इसे केरी करने में आसान बनाता है, साथ ही इसका वाइब्रेंट कलर भी इसे भीड़ से काफी अलग करता हैं। इसके अलावा, फ़िंगरप्रिंट सेंसर को फ़ोन के किनारे की तरफ पर रखा गया है जो कि इसे काफी एक्सेसिबल बनाने के साथ साथ इसे एक स्ट्रीमलाइन्ड लुक बनाए रखने में भी मदद करता है।मोटो जी13 में 4जीबी एलपीडीडीआर 4एक्स रैम के साथ मैसिव 128जीबी की स्टोरेज मौजूद है जो कि लेटेस्ट नियर स्टॉक एंड्रॉइड 13 के साथ आता है। मोटोरोला अपने सभी कंज्यूमर्स के लिए शानदार सॉफ्टवेयर एक्सपीरियंस करने को एंड्रॉइड 14 और 3 साल के सिक्योरिटी अपडेट के अपग्रेड का भी आश्वासन देता है। यह डिवाइस 64जीबी के स्टोरेज वैरिएंट में भी उपलब्ध है। मीडिया टेक हीलियो जी85 प्रोसेसर द्वारा संचालित, मोटो जी13 अपने पूर्ववर्तियों और सेगमेंट में मौजूद तमाम फोनों की तुलना में काफी फास्ट और अधिक एफिशिएंट है। इन सब के अलावा अब इसके गेमिंग या मल्टीटास्किंग के दौरान यूजर्स स्मूद और लैग-फ्री परफॉर्मेंस की उम्मीद कर सकते हैं।



## लपरा शिव मंदिर में दुर्गा पंडाल का उद्घाटन व भक्ति जागरण का आयोजन किया गया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लपरा शिव मंदिर परिसर में नवरात्रि के सप्तमी के दिन दूर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया. पुरोहित लल्लु पाठक व जय प्रकाश पान्डेय के वैदिक मंत्रोचारण कर लपरा मुखिया पुतुल देवी व मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया. इस चैती दुर्गा पूजा को लेकर लपरा शिव मंदिर प्रांगण में रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया. भक्ति जागरण के टीम जमशेदपुर से आए कलाकारों करिश्मा राठौर,स्वीटी, तरन्ना ने अपने भक्ति गीतों से अथवा भगवान के जयकारों से श्रद्धालुओं को रात भर खूब झुमाया. वही माता महाअष्टमी स दिन मंदिर परिसर में दुर्गा मंडप मां गौरी की आठवें दिन महाअष्टमी पूजन में पुष्पांजलि देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही. पूरे भक्ति भाव से श्रद्धालुओं ने माता के महागौरी स्वरूप की पूजा किये. वही संध्या में समिति के द्वारा भव्य रामनवमी शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर नगर भ्रमण किया. महाआरती का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया. रात्रि दस बजे संधि बलि का कार्यक्रम भक्तो के द्वारा मां अम्बे की जयकारों के बीच सम्पन्न हुआ।

## डंफर की चपेट में आने से सीसीएल कर्मी की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच परियोजना में कार्यरत कोयला कामगार 37वर्षीय मेराज खान की डंफर की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना मंगलवार की दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मेराज खान प्रथम पाली की ड्यूटी समाप्त कर दोपहर में अपने आवास बचरा जाने के लिए केडीएच ट्रांसपोर्टिंग सड़क से डंपर से जा रहा था। लायंस क्लब के पास डंपर से उतर के वह सड़क पार कर रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार हाईवा ने टक्कर मार दी। जिसके बाद मेराज खान घायल होकर सड़क किनारे जा गिरा। राहगीरों के द्वारा घायल के परिजन को सूचना दी गई। जिसके बाद घायल के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उठाकर बचरा अस्पताल ले गए। बचरा अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर घायल को वापस डकरा अस्पताल भेज दिया गया। जहां डकरा अस्पताल में घायल की मौत हो गई। सीसीएल कामगार की मौत की खबर सुनने के बाद डकरा अस्पताल में ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि और कामगारों की भीड़ जुट गई। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने केडीएच परियोजना पदाधिकारी को घटना की जानकारी लेकर तत्काल नियम संगत मृतक के आश्रित को जल्द से जल्द नौकरी देने की मांग की। जिसके बाद कृष्णा चौहान, प्रमोद पाठक, बीएन पांडे, दिनेश भर, अरविंद कुमार, विनोद सिंह विधायक सहित कई प्रतिनिधि ने भी नौकरी देने की मांग प्रबंधन से की। जिस पर केडीएच परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम ने कार्मिक विभाग के अधिकारियों को मृतक की पत्नी को नौकरी देखने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। मृतक मेराज खान बिहार के अरवल जिला का रहने वाला था, वह अपने पीछे बूढ़ी मां, भाई,पत्नी समेत तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया।



**मृतक की पत्नी को दिया गया नियुक्ति पत्र**

सड़क दुर्घटना में घायल सीसीएल कर्मी मेराज खान की पत्नी हसरत जहा को प्रबंधन की ओर से प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रबंधन की ओर से डकरा अस्पताल में ही नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर अब्दुला अंसारी, गोल्डन यादव, प्रमोद पाठक, डीपी सिंह, बीएन पांडे, अरविंद कुमार, दीप नारायण महतो, विनोद सिंह विधायक सहित कई लोग मौजूद थे। वही खलारी पुलिस भी डकरा अस्पताल पहुंची। बुधवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची भेजा जाएगा।

## मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने रामनवमी व रमजान को लेकर फ्लैग मार्च निकाला

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी पूजा को लेकर मैक्लुस्कीगंज पुलिस के द्वारा पूरे थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च मैक्लुस्कीगंज के संवेदनशील जगहों सहित गली मोहल्लों में शांति से रामनवमी चैती दुर्गा पूजा अथवा रोजा रमजान मनाने की अपील किया गया. माहौल खराब करने वालो को पुलिस की पहली नजर रहेगी, साथ उन लोगो को चिन्हित कर कार्रवाई करने की बात कही. फ्लैग मार्च मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह के अगुवाई में वरिय पदाधिकारी के निर्देष में निकाला गया।

## मृतक दिलीप बिरहोर के आश्रितों को खाद्यान्न देकर भाजपा विधायक प्रतिनिधि ने सहयोग किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** भाजपा विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने दिलीप बिरहोर(मृतक) के आश्रितों को खाद्यान्न सहयोग किया. ज्ञात हो कि 27 मार्च को ट्रैक्टर में फंस कर दबने से 27 वर्षीय दिलीप बिरहोर की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी थी. इस घटना के बाद मृतक की पत्नी सहित परिजन मर्माहत हैं. सूचना मिलने पर आदिम जनजाति समुदाय के आश्रित परिवार को खलारी अंचल कार्यालय से पांच हजार व खाद्यान्न तत्काल दिया गया. इनके अलावे भाजपा विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने पांच हजार नगद व खाद्यान्न सहयोग किया. मौके पर शशि प्रसाद साहू, प्रीतम कुमार साहू, शैलेन्द्र शर्मा, जितेन्द्रनाथ पांडेय, पंचायत सेवक परीक्षित महतो, अनिल साहू, राधेश्याम प्रसाद, अनिल तुरी, सहित अन्य मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–77/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 11.04.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 12.04.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.04.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Emergent Repair of Tal Restaurant Located at F.F. in the Campus of Jharkhand Tourism Development Corporation Ltd,Ranchi | 12,40,400.00 | 2500.00 | 25000.00 | Two Months |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। कार्यपालक अभियन्ता भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 293856 Building(22-23)D

## Government of Jharkhand
## Urban Development Department
## Medininagar Municipal Corporation

### e-Procurment Very Short Retender Notice (3rd. Call)

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/117/ 2022-23 | Construction of Strengthening for old Black topped station road in ward no. 23 Under Medininagar Municipal Corporation. | 6552800 | 131100 | 10000 | 8 माह |

| | **Part – B** | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender On Website | 31/03/2023 AT 10:00 AM |
| 2 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 3 | Date Start Of Submission Of Bids | 31/03/2023 AT 10:00 AM |
| 4 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 10/04/2023 AT 02:00 PM |
| 5 | Date Of Bid Opening | 11/04/2023 AT 02:00 PM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 11/04/2023 12.00 PM to 01:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9431105183 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9304883244 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 293837 (Urban Development) 22-23 (D)

## कार्यालय:राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, पलामू अंचल,डालटनगंज

Email: palamucircle05@yahoo.com/palamu@jharkhandcomtax.gov.in

### आवश्यक सूचना

एतद् द्वरा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2017–18 तक के मामलों में सन्निहित पुराने अधिनियमों यथा– Sales Tax, VAT, CST, ED, ENT, HLT आदि के बकाये राशि के समाधान हेतु कर समाधान योजना 2022 लागू।

**कर समाधान योजना के अंतर्गत–**

- 90% ब्याज एवं पेनाल्टी की मांफी; मात्र 10% का भुगतान।
- अतिरिक्त निर्धारित कर में 60% की मांफी; मात्र 40% का भुगतान।
- वैधानिक प्रपत्रों के समर्पण पर शेष कर की राशि के 50% का भुगतान।
- विभिन्न न्यायालयों में लम्बित अपीलीय मामलों से छूटकारा का अवसर।

**कर समाधान योजना सीमित अवधि के लिए लागू।**

कार्यालय, राज्य– कर संयुक्त आयुक्त, पलामू अंचल, डालटनगंज में कर समाधान योजना 2022 के सफल संचालन हेतु Help Desk गठित किया गया है। Help Desk के संचालन हेतु श्री राजेश कुमार सिंह, राज्य–कर सहायक आयुक्त, श्री अवनिन्द्र कुमार दिवाकर, राज्य–कर पदाधिकारी, श्री सूरज कुमार लिपिक, श्री हरिहर प्रसाद लिपिक, एवं श्री राकेश प्रसाद डॉटा इन्ट्री ऑपरेटर, को नामित किया जाता है। Help Desk अंचल कार्यालय में आज दिनांक 28.03.2023 से कार्यरत रहेगा। किसी भी कठिनाई के लिए नामित पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह, राज्य–कर सहायक आयुक्त का मोबाईल नं0 7544099424, श्री अवनिन्द्र कुमार दिवाकर, राज्य–कर पदाधिकारी का मोबाईल नं0 7903375724 एवं श्री राकेश प्रसाद डॉटा इन्ट्री ऑपरेटर का मोबाईल नं0 8298073772 से सम्पर्क कर सकते है।

राज्य–कर संयुक्त आयुक्त
पलामू अंचल, डालटनगंज

PR 293854 District(22-23).D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

### प्रथम् शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या– DWSD/KH-24/2022-23 (1st Call), Dt.- 23.03.2023 P.R.No.–293558 Drinking Water & Sanitation(22-23).D के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (Name of Work- Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Khunti And Arki Block under J.J.M) के तिथियों में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| Date Revision | Previous Date | Revised Date |
|---|---|---|
| Date of Tender Uploading on Website | 29.03.2023/05.00 PM | 05.04.2023/05.00 PM |
| Bid Submission End Date | 05.04.2023/05.00 PM. | 12.04.2023/05.00 PM |
| Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 06.04.2023/05.00 PM. | 13.04.2023/05.00 PM |
| Date of Opening of Tender | 08.04.2023/11.00 AM. | 15.04.2023/11.00 AM |

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 293969 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला नजारत शाखा)

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

श्री बंशीधर महोत्सव, (राज्यकीय) 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को नगर उटॉरी, गढ़वा में आयोजन के लिए कलाकारों के चयन हेतु कार्यक्रम प्रबंधक(Event Manager) से इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है।

1. मुहरबन्द निविदा आमंत्रित दिनांक–05.04.2023 को 12:00 अप0 बजे तक।
2. निविदा खोलने की तिथि दिनांक–05.04.2023 का 12:30 बजे अपराह्न में।
3. जमानत की राशि मो0–25,000.00(पचीस हजार) रूपये मात्र प्रत्यर्पणीय।
5. निविदा जमा करने का स्थान – जिला नजारत शाखा, गढ़वा ।
6. निविदा खोलने का स्थान – उपायुक्त, गढ़वा का प्रकोष्ठ।

इच्छुक कार्यक्रम प्रबंधकों(Event Manager) से अनुरोध है नियमानुसार निविदा में भाग लेने हेतु नियम एवं शर्तें **www.garhwa.nic.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।

जिला नजरत उप समाहर्त्ता,
गढ़वा।

PR 293892 (District) 22-23 (D)

## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

### शुद्धि–पत्र

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, रामगढ़ द्वारा प्रकाशित अति–अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- RGH/NP/ 13/2022-23 जिसका PR No.-293610 Ramgarh (22-23)_D के द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसमें क्रम सं0 2 में योजना का नाम – Renovation of Panchayat Bhawan for the opening of Urban Health and wellness centre in ward no – 04 में आंशिक संशोधन करते हुए वार्ड नं0 04 के स्थान पर परिर्वतन कर वार्ड नं0 05 किया जाता है।

| पूर्व में प्रकाशित योजना का नाम | संशोधित कर योजना का नाम |
|---|---|
| Renovation of Panchayat Bhawan for the opening of Urban Health and wellness centre in ward no - 04 | Renovation of Panchayat Bhawan for the opening of Urban Health and wellness centre in ward no - 05 |


▪निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्तें पूर्ववत् रहेंगे।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR293872 (District)22-23*D

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना



**नाम–हेवन्ती कुमारी ,उम्र–28 वर्ष, रंग–गोरा उँचाई– 5फीट, 3ईंच, पहनावा–किम रंग का सूट पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता हेवन्ती कुमारी, पति–विवके कुमार, पावर हाउस सारदा कॉलोनी, थाना–चुटिया, जिला–राँची, जो दिनांक 10.03.2023 को घर से बिना बताए कहीं चली गईं जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में चुटिया थाना सनहा संख्या–16/23 दिनांक–16.03.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,नगर, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी, चुटिया, राँची। –9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 293908 Police(22-23)#D

## कार्यालयः राँची नगर निगम, राँची
## (DAY-NULM CELL)

कचहरी रोड, रांची, पिन – 834001
e-mail :- support@ranchimunicipal.com

पत्रांक–1094/DAY-NULM दिनांक–28.03.2023

### आम–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डिस्टलरी पुल, लालपुल वेंडर मार्केट में स्थित नवनिर्मित मार्केट में मांस, मछली एवं मीट विक्रय करने वाले लाभुकों को स्थल/चबूतरा का स्थान निर्धारण लॉटरी के माध्यम से शनिवार, दिनांक–01.04. 2023 को 12:00 बजे अपराह्न निगम कार्यालय के आंठवें तल पर किया जायेगा। नगर विक्रय समिति द्वारा निरीक्षणोंपरांत एवं अनुशंसित कुल 74 मांस, मछली एवं मीट विक्रेताओं को अनुमोदित सूची से कुल विक्रेताओं को लॉटरी के माध्यम से स्थल/चबूतरा का स्थान निर्धारण किया जाना है।

अतः सभी संबंधित 74 मांस, मछली एवं मीट विक्रय करने वाले आधार कार्ड एवं सर्वेक्षण पावती के साथ उपरोक्त वर्णित तिथि को ससमय लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करेंगें। सूची राँची नगर निगम के वेबसाइट www.ranchimunicipal.com पर उपलब्ध है।

ह०/–
सहायक नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम,राँची

PR 293832 Ranchi Municipal Corporation(22-23)#D

## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला

एस.एस. +2 उच्च विद्यालय, गुमला परिसर, गुमला पिन : 835207

*Email ID :- rmsagumla@gmail.com*

### अत्यावश्यक सूचना

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर अवमाननावाद संख्या 612/2022 में दिनांक 15.12.2023 को पारित अन्तिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या–21/2016 के तहत् अनुसूचित जिलों में नियुक्ति हेतु **(19 सीधी नियुक्ति अन्तर्गत+01 PRT कोटि अन्तर्गत, कुल 20 अभ्यर्थियों)** लम्बित संस्कृत विषय के अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची मूल फोल्डर के साथ सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 814 दिनांक 14.03.2023 द्वारा प्राप्त हुई है।

उक्त के आलोक में अनुशंसित संस्कृत विषय के सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के पूर्व उनके शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्रों की जांच/काउन्सेलिंग इस कार्यालय के ज्ञापांक 517 दिनांक 21.03. 2023 द्वारा **दिनांक 23.03.2023** के **पूर्वाह्न 10:00 बजे** विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त, गुमला के सभागार में आयोजित की गयी थी जिसमें कुल 11 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।

शेष 09 अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.04.2023 को **पूर्वाह्न 10:00 बजे** विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त, गुमला के सभागार में काउन्सेलिंग हेतु निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गुमला।

PR 293922 (Jharkhand Education Project Council) 22-23 (D)

## Office of The Executive Engineer
## Drinking water & Sanitation Division Latehar

### E-Procurement Short Tender Notice

**Tender Ref No- DWSD/LTR/SVS-18/2022-23 (1st Call)** **Dt-29.03.2023**

1- Name of Department :- Drinking Water & Sanitation Department
2- Date & Time of Tender Uploading in Website :- 05.04.2023 at 04:00 P.M
3- Last Date of Receipt of Bid :- 15.04.2023 at 05:00 P.M
4- Last Date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money :- 17.04.2023 at 05.00 P.M
1. EE DW& S Div Latehar
2. SE DW& S Circle Medininagar
3. RCE DW& S Dept. Ranchi Zone Ranchi Jharkhand
5- Date of Opening Tender :- 18.04.2023 at 04:30 P.M
6- Name & Adress of Tender Inviting Authority :- Ex. Engineer DW & S Div Latehar
7- Contact No of Procurement Office :- 9430725642 & 6201242103

**Detail of Work:-**

| Sl | Name of Work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Eastimated Cost | Earnest Money | Cost of BoQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Const of Rural Water Supply for SVS under JJM in Different Village of Latehar District with FHTC work under DW & S Division Latehar for F.Y 2023 | SVS Bhusur-2 | 9 | 141 | 6176226.00 | 124000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 02 | | SVS Chorha | 8 | 225 | 8020500.00 | 161000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 03 | | SVS Gari-1 | 8 | 202 | 6344674.00 | 127000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 04 | | SVS Gari-2 | 9 | 220 | 7302912.00 | 147000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 05 | | SVS Lukumkhar | 9 | 171 | 6536392.00 | 131000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 06 | | SVS Parsahi | 7 | 231 | 6390096.00 | 128000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 07 | | SVS Rabdi | 12 | 239 | 8801575.00 | 177000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 08 | | SVS Hosir | 7 | 135 | 4794900.00 | 96000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 09 | | SVS Patratu-2 | 7 | 110 | 4124438.00 | 83000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 10 | | SVS Latdag | 11 | 150 | 7983449.00 | 160000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 11 | | SVS Harnamar | 9 | 123 | 4794345.00 | 96000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 12 | | SVS Damodar | 9 | 142 | 6817986.00 | 137000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 13 | | SVS Durangi Khurd | 6 | 177 | 5378156.00 | 108000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 14 | | SVS Chatuwag-2 | 7 | 90 | 4926900.00 | 100000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 15 | | SVS Bhusur-1 | 8 | 137 | 6281600.00 | 126000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 16 | | SVS Hotbag | 11 | 201 | 8929528.00 | 179000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 17 | | SVS Durangi Kala | 11 | 245 | 8931208.00 | 179000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 18 | | SVS Ker-1 | 14 | 387 | 12279198.00 | 246000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 19 | | SVS Batheth | 18 | 244 | 12539579.00 | 251000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 20 | | SVS Aan | 18 | 444 | 14333084.00 | 287000.00 | 10000.00 | 03 Month |

1- Eastimated cost & earnest Money may Be Changed
2- Further Detail can Be seen on website http//:jharkhandtender.gov.in
3- Only Registered Contractor in this Department in (Appropriate class) Participate in said Tender.

**Executive Engineer**
**D.W & S Division Latehar**

**PR 293948 Drinking Water and Sanitation(22-23).D**

# धनबाद : सदका-ए-फितर 65 रुपये निकाला जाए : तंजीम अहले सुन्नत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : मौलाना यूनुस रजा फैजी ने बताया के रहमतगंज स्थित मदरसा तेगिया अनवारूल उलूम में तंजीम अहले सुन्नत के सेक्रेटरी मौलाना गुलाम सरवर कादरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें मदरसा तेगिया अनवारूल उलूम रहमतगंज के प्रिंसिपल मौलाना यूनुस रजा फैजी, जामिया फैजुल बरकात के प्रिंसिपल अलहाज मुफ्ती अलाउद्दीन अफरीदी, जामिया अब्दुल हाई अशरफ गुलजारबाग के प्रिंसिपल अलहाज कारी गुलाम मोहिउद्दीन अशरफी, मदरसा अहले सुन्नत आलिया कादरिया के प्रिंसिपल मुफ्ती रिजवान अहमद सादी, अत्तौहीद एजुकेशन सेंटर के प्रिंसिपल मौलाना गुलाम मोहिउद्दीन सहित धनबाद के कई उलमा एवं मस्जिदों के इमामों ने सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया है की 2 किलो 45 ग्राम गेहूं की कीमत करीब 65 रुपए होगी। लिहाजा धनबाद जिले के मुसलमान इस साल 2023 के रमज़ान मे अपने और अपने घर वालों के जानिब से 65 रुपए सदका ए फितर अदा करें। इस बैठक में कारी तय्यब अली फैजी, गुलाम मोहम्मद अत्तारी, कारी इमरान रजा सहित धनबाद शहर के कई ओलामा उपस्थित थे।

वहीं जामिया अब्दुल हाई अशरफ गुलजारबाग के प्रिंसिपल हाजी कारी गुलाम मोहिउद्दीन अशरफी ने बताया है की सदका ए फितर मुसलमानों पर वाजिब है। सदका ए फितर गरीबों मिस्कीनों और बेसहारों को दिया जाता है जिससे फितराना भी कहते हैं। इसका अदा करना हर मालदार व्यक्ति के लिए जरूरी है ताकि गरीब मिस्कीन और बेसहारा लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। ईद के नमाज से पहले फितरा अदा कर देना जरूरी है।

वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की बलियापुर स्थित घोघाबांध ग्राम को मॉडल ग्राम बनाने की योजना

# युवक-युवतियों को बांस से बने उपयोगी उत्पादों के लिए दिया गया प्रशिक्षण

## वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार ने उपलब्ध कराई प्रशिक्षक, रॉ मैटेरियल, सभी प्रशिक्षुओं को 15000 रुपए स्टाइपेंड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : यदि आप धनबाद के गोल्फ ग्राउंड मे बाँस से बने कलात्मक हस्तशिल्प को देखा हो तो अनुमान नहीं होता कि ये हमारे बलियापुर प्रखण्ड के घोंगाबाद के मोहली समाज के हस्तशिल्पिओं द्वारा बनाया गया है। इसके पीछे की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। बलियापुर के घोघाबांध ग्राम में मोहली समाज के 30 स्थानीय युवक युवतियों को बांस से बनने वाले हस्तशिल्प उत्पादों के लिए प्रशिक्षण वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के विकास आयुक्त हस्तशिल्प द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में 30 प्रशिक्षुओं को उत्पाद बनाने के लिए अनुभवी प्रशिक्षक और समस्त रॉ मैटेरियल विभाग द्वारा दिया गया। साथ ही प्रत्येक प्रशिक्षु को 15000 रुपया स्टाइपेन्ड (भत्ता) भी दिया जायेगा। इन सारे प्रशिक्षुओं को सर्वप्रथम चौपाल के माध्यम से शिल्पी पहचान पत्र उपलब्ध कराकर जोड़ा गया। प्रशिक्षण के बाद बाजार उपलब्ध कराने के लिए गांधी शिल्प बाजार में उत्पादों के प्रदर्शन एवं टेस्ट मार्केटिंग के लिए स्टॉल प्रदान किया गया था। वस्त्र मंत्रालय विभाग के सहायक निदेशक भूवन भास्कर ने बताया प्रशिक्षु शिल्पकारों को सतत् जीविका उपलब्ध कराने एवं उनके बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं समाज के मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है और स्थानीय ग्रामीण लोगों के लिए शिल्पकला का प्रशिक्षण कार्यक्रम विभाग द्वारा क्रियान्वित होता रहेगा। शिल्पकारों को प्रशिक्षण देने के लिए विभाग द्वारा मुंबई की टिंकरहॉट इनोवेशन फाउंडेशन को विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत जोड़ा गया ताकि प्रशिक्षण के बाद जिला स्तर पर हस्तशिल्पओं को लगातार सहयोग उपलब्ध होता रहे। टिंकरहॉट इनोवेशन फाउंडेशन के को फाउंडर दीपिका सिंह ने बताया कि आने वाले दिनो में धनबाद जिले के बलियापुर ब्लॉक के घोघाबांध ग्राम, सरिताकुंडी ग्राम एवं बेलगड़िया ग्राम के आर्टिसन को हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर एवं अन्य विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे ताकि धनबाद जिले के इन तीनों ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाया जा सके। इस दिशा में हमारी संस्था कार्यरत है। स्थानीय बांस एवं अन्य शिल्पकारों के उत्थान के लिए सभी विभागों से सम्पर्क कर जीविका एवं शिक्षा क्षेत्र में संचालित योजनाएँ का लाभ दिलाने का पुरा प्रयास करेगी।



## सद्दाम हुसैन के प्रयास सेकोमल परवीन को मिला ट्राई साइकिल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झामुमो नेता सह वार्ड संख्या 18 के पार्षद उम्मीदवार मोहम्मद सद्दाम हुसैन के प्रयास से कोमल परवीन को रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा ट्राई साइकिल दिया गया। कोमल परवीन दोनों पैरों से दिव्यांग है। दिव्यांग होने के कारण कोमल परवीन को कहीं आने जाने में बड़ी कठिनाई होती थी। ट्राई साइकिल पाकर कोमल बहुत खुश हुई। सद्दाम हुसैन ने बताया कि विकलांग होने के कारण कोमल अपनी पढ़ाई भी नहीं कर पा रही थी। अब ट्राई साइकिल मिल जाने से कोमल स्कूल भी जा सकती है। साथ मे सद्दाम हुसैन ने यह भी कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही मेरा लक्ष्य है। मौके पर श्वेता, मोहम्मद कमाल हसन, जुबेर आदि लोग उपस्थित थे।



## बीस सूत्री कार्यालय का किया गया उद्धाटन

**पूर्वी टुंडी( प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बीस सूत्री कार्यालय का उद्धाटन विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक महतो ने 20 सूत्री अध्यक्ष नरेश मुर्मू,उपाध्यक्ष प्रभु हेंब्रम, सदस्य अजीत मिश्रा, ऐनुल अंसारी,तपन मंडल को विधायक महतो ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक श्री महतो ने कहा कि 20 सूत्री के द्वारा ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर बीडीओ यस्मिता सिंह,सीओ राकेश भूषण सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र मुर्मू, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, सुनील मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## बाघमारा सीओ ने कार्रवाई करते हुए कोयला लदा दस ट्रक को पकड़ा

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत राजगंज के एक कांटा घर के पास एसडीओ के आदेश पर कोयला लदा ट्रक को पकड़ा। राजगंज थाना क्षेत्र के एक कांटा घर मे इन दिनों अवैध कोयला कांटा करने के लिए ही मुख्य रूप से संचालन किया जा रहा है। गुप्त सूचना कुछ दिन पूर्व ही एसडीएम को मिली थी, बताया जाता है कि जिसके बाद एसडीएम ने उस मामला को संज्ञान में लेते हुए बाघमारा सीओ को करवाई करने का निर्देश दिया। बाघमारा सीओ ने करवाई करते हुए दस ट्रक को पकड़ है। समाचार लिखे जाने तक कागजात की जांच चल रही थी।

## बजरंगबली मंदिर में सुंदर काण्ड पाठ का हुआ आयोजन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय परिसर में विराजे बजरंगबली मंदिर में रामनवमी के शुभ बेला में श्री श्री मानस सत्संग समिति बरारी बाजार डिगवाडीह के ह्रदयानंद तिवारी एवं भगवान दास शर्मा को भजन मंडलियों द्वारा संगीतमय एवं सुन्दर कांड पाठ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया कार्यक्रम में यजमान के रूप में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के द्वारा पंडित बी एम चतुर्वेदी के सानिध्य में क्षेत्र की जनताओं की खुशहाली एवं उन्नति के लिए पूजा अर्चना की गई भक्तजनों के लिए भंडारा में खिचड़ी प्रसाद की भी व्यवस्था की गयी थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार का काफी सराहनीय योगदान रहा। मौके पर अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी, थाना प्रभारी शारदा रंजन प्रसाद सिंह,बीईईओ मूरत महतो, बीपीओ विशाल महतो, सहायक अभियंता अभिषेक मेहता, कनीय अभियंता अशोक पूर्वे, कृषि पदाधिकारी बबलेश, बी एच ओ अनिल कुमार, कोल्हर मुखिया विजय कुमार, जय नारायण, भाजपा नेता, पंचायत समिति सदस्य, विधायक के निजी सचिव, झामुमो नेता, कामेश्वर, झामुमो टुंडी प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की, नित्यानंद, सहजाद, गौरीशंकर, पत्रकार दीपक समेत कई बजरंगबली भक्त उपस्थित थे।

# बाइक जुलूस निकाला गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी** : विश्व हिंदू परिषद टुंडी प्रखंड के द्वारा टुंडी बराकर नदी के किनारे श्री नंदा नाथ मंदिर से श्री राम जन्म महोत्सव के उपलक्ष में बाइक जुलूस निकाला गया। नंदानाथ मंदिर से यह जुलूस निकालकर टुंडी बाजार होते हुए लोधरिया ,महाराजगंज तथा रामपुर मोड़ सुंदर पहाड़ी हनुमान मंदिर तक पहुंचे फिर यहां से महाराजगंज दुर्गा मंदिर प्रांगण में समापन किया गया। बाइक रैली में सैकड़ों की तादाद में मोटरसाइकिल के साथ सैकड़ों बजरंग दल के कार्यकर्ता सवार थे। सभी गाड़ियों में महावीर झंडा तथा भगवा पताका लहर रहा था। जय श्री राम जय हनुमान के जयघोष से पूरे रास्ते भर भगवामय के साथ जय श्री राम का जय घोष पूरे रास्ते भर भगवा फताका लहरर। लोधरिया मे सभी बजरंगी को शरबत पिलाया गया तथा महाराजगंज दुर्गा मंदिर में श्री राम खिचड़ी का खिलाया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल के जुझारू कार्यकर्ता विक्रम सिंह वीर (गोरक्षा प्रमुख )टुंडी प्रखंड ।रविंद्र मंडल पवन पांडे हितेश मिश्रा सुभाष मंडल जयप्रकाश पांडे सोनू मंडल रुपेश पांडे जी कर रहे थे ।

# अवैध लॉटरी के सात घाघ कारोबारी गिरफ्तार, हजारों टिकट जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय वन) अमर कुमार पांडे ने गोबिंदपुर इलाके में सक्रिय प्रतिबंधित लॉटरी टिकट के घाघ कारोबारियों को जबरदस्त झटका दिया है। हजारों की संख्या में लॉटरी टिकट के साथ गिरोह के सात सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। जीटी रोड पर बरवाअड्डा, गोबिंदपुर से लेकर निरसा तक लॉटरी का अवैध कारोबार धडल्ले से जारी था। बाजार, हाट, सार्वजनिक स्थानों पर गिरोह के गुर्गे निडर होकर प्रतिबंधित टिकट बेच रहे थे। धनबाद का एक घाघ खिलाड़ी जो गोबिंदपुर इलाके में शिफ्ट कर गया है, अपने संगठित गिरोह से करोड़ों का टिकट बेचवाता था। दैनिक मजदूर, ग्रामीण, खोमचा वाले इनके हाथों लूटते रहते थे। पुलिस उपाधीक्षक अमर कुमार पांडे को जब इस गोरख धंधे की शिकायत मिली तो उन्होंने फौरन एक टीम बना इस गिरोह पर हमला बोल दिया। श्री पांडे ने बताया कि लॉटरी टिकट के साथ महताब आलम से जानकारी मिली कि निरसा का अजीत साव उन्हें लौटरी टिकट देता है।

श्री पांडे के अनुसार छापामार दल ने विनोद, शहाबुद्दीन, मृदुल बिष्टु, रमेश बाउरी, साबिर साह और अमित दस को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 7869 और 136 सेट लॉटरी टिकट जब्त किया गया है।



# सहायक अध्यापक संघ का टुंडी प्रखंड कमिटी का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी/धनबाद** : झारखंड प्रदेश सामुदायिक प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ का बैठक प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर टुंडी में किया गया बैठक की अध्यक्षता राधेश्याम तिवारी व संचालन जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह व गोविंद साव ने संयुक्त रूप से कियाबैठक में मुख्य रूप से धनबाद जिला अध्यक्ष निरंजन कुमार दे, प्रधान सचिव नवीन चंद्र सिंह, जिला संरक्षक श्रीनिवास पांडे , जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह , जिला प्रवक्ता नयन कुमार मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष लीला नाथ मंडल, जिला मीडिया प्रभारी कल्याण चक्रवर्तीआदि शामिल हुए साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए टुंडी विधानसभा कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से टुंडी प्रखंड कमेटी अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय, सचिव शत्रुघन कुमार, कोषाध्यक्ष गिरीश चंद्र साव, प्रधान सचिव रामेश्वर मंडल संगठन मंत्री राजेश टूडू, प्रवक्ता महेंद्र पांडे, मीडिया प्रभारी पंकज विश्वकर्मा के साथ टुंडी प्रखंड कमेटी में उपाध्यक्ष के पद पर बाबूलाल मंडल सह सचिव में संजय कुमार, राम प्रसाद ओझा, एवं संरक्षक वरुण कुमार सिंह, हरेंद्र नाथ किस्कू, अनोज कुमार शर्मा एवं परेश दत्ता का चयन सर्वसम्मति से किया गया। धनबाद जिला अध्यक्ष व प्रधान सचिव द्वारा संयुक्त बयान जारी कर कहा गया वर्तमान सरकार विधानसभा चुनाव से पूर्व यदि बिहार के तर्ज पर राज्य के 62000 सहायक अध्यापकों को वेतनमान नहीं देती है तो जोरदार आंदोलन कर इस सरकार को सबक सिखाने का काम किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पवन मंडल, प्रकाश रजवार, भागीरथ प्रसाद सिंह, समीर मंडल, सुधीर पांडे, विश्वनाथ रजक, अनिल मरांडी, फिलिमन टुडु, हरेंद्र किस्कू, मल्याशीष बनर्जी, सिराजुद्दीन अंसारी, रामकृष्ण हेंब्रम, सुशील किस्कू , बाबूजन मरांडी आदि उपस्थित रहे।

# रामनवमी पूजा को लेकर अनुमंडल पुलिस व प्रशासन का फ्लैग मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया** : रामनवमी पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर सरिया अनुमंडल पुलिस एवं प्रशासन काफी सजग है, इस कड़ी में एसडीएम कुंदन कुमार एवं एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में बुधवार को सरिया थानाक्षेत्र के केसवारी,मोकामो एवं सरिया बाजार में फ्लैग मार्च व एरिया डोमिनेटिंग किया गया।

इस बाबत एसडीपीओ ने बताया कि त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में गुजरे, किसी प्रकार की कोई विधि व्यवस्था की समस्या न हो इसको लेकर हम सजग हैं, कई चरण में फ्लैग मार्च किया गया जा रहा है। साथ ही साथ इन्होंने लोगों से शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील किया है। कहा कि इलाके में कहीं कोई गड़बड़ी समझ आये तो फौरन पुलिस को सूचित करें। फ्लैग मार्च के दौरान इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह, थाना प्रभारी संतोष मौर्य, एस आई मनीष गुप्ता समेत दर्जनों की संख्या में पुलिस बल शामिल थे।



# जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का शुभारंभ, शामिल हुए प्रदेश सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया** : सरिया प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा जय भारत सत्याग्रह की शुरुआत सरिया प्रखंड के विवेकानंद चौक से की गई इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर आए हुए नेताओं ने माल्यार्पण किया इसके बाद एक नुक्कड़ सभा सत्याग्रह के रूप में की गई इस सभा को बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नरेश वर्मा ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है देश में बिल्कुल आजादी के पहले के हालात हो चले हैं आज देश में एकमात्र दल की तानाशाही चल रही है आज जरूरत है हम सभी को इसके खिलाफ जागरूक होने की आज यह कार्यक्रम जनता को जागरूक करने के लिए जनता को इन बातों जानकारी देने के लिए है जो बातें मीडिया के माध्यम से उन तक नहीं पहुंच पाती आज विपक्ष की मांग पर देश में कई बार संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया जिसमें हर दल के लोग होते हैं आज अडानी के खिलाफ जब संपूर्ण विपक्ष ने जेपीसी जांच की मांग किया तो मोदी जी क्यों आज पीछे हट रहे है पूरा देश आज ये सवाल समझ नहीं पा रहा है लोग कहते हैं कि दाल में कुछ काला है मेरा कहना है कि पूरी दाल ही काली है इस कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद इकबाल ने संबोधित करते हुए कहा की सेल कंपनियों के माध्यम से आज 20000 करोड रुपए अदानी जी की कंपनियों में जो निवेश किया गया वह किसका पैसा है यह पूछना क्या गुनाह है इस कार्यक्रम को बासुदेव वर्मा मुरली मनोहर मंडल मोहम्मद मुस्तफा विकी जैन सचिन जैन बृजेंद्र माथुर महेंद्र रविदास मनोज रविदास सुरेंद्र दास ने भी संबोधित किया इस कार्यक्रम का संचालन और अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कुशकान्त सिंह ने मौके पार दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



## मां का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गोलगो पंचायत के भंवरडीह में चैती दुर्गा धूमधाम से मनाई जा रही है। नवरात्रा दस्तक के साथ ही पूजा प्रारंभ हो गई है वही शुक्रवार को भव्य मेले का आयोजन भी होगा। बताया जाता है कि भवरडीह चैती दुर्गा मंदिर में 75 वर्षों से वैष्णवी बासंती पूजा होती चली आ रही है। इस पूजा में नौ दिवसीय पूजन के साथ-साथ दुर्गा उपासना की पूजा होती है । पूरी वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ चैती दुर्गा का शुभारंभ पिछ्ले बुधवार से ही कलश यात्रा के साथ शुरू हुई है। भंवरडीह दुर्गा मंदिर के इर्द-गिर्द दर्जनों गांव के श्रद्धालु पूरी आस्था में डूब चुके हैं।

# दिनांक 31.03.2023 से गाजीपुर-तारीघाट नई रेललाईन पर विद्युत लोको से ट्रायल





प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर** : गाजीपुर-तारीघाट नई रेललाईन परियोजना के विद्युतीकरण कार्य हेतु दिनांक 31.03.2023 से इस रेलखंड पर विद्युत इंजन (म्समबजतपब स्वबव) द्वारा ट्रायल प्रारंभ किया जा रहा है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस रेलखंड से दूर रहें।

इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रषासन जिम्मेवार नहीं होगा ।

# एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने किया कतरास बाघमारा सहित विभिन्न क्षेत्र का दौरा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) कमला कांत गुप्ता ने आज कतरास, बाघमारा, तेतुलमारी, बरोरा सहित अन्य थाना क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाघमारा थाना में विभिन्न अखाड़ा दल के साथ बैठक की और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाने को कहा। उन्होंने कहा सभी अखाड़ा दल शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से जुलूस को निर्धारित मार्ग से निकाले। खतरनाक खेल से परहेज करें। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित डीजे का उपयोग नहीं करें। लाउडस्पीकर को कम वॉल्यूम में बजाए। जुलूस के मार्ग में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखें।

# राष्ट्रीय ताईक्कांडो प्रतियोगिता के लिए गिरिडीह के चयनित तीन खिलाड़ी कोटा राजस्थान के लिए रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : राजस्थान के कोटा में कोटा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 से 31 मार्च तक होने वाले 36वा सब-जूनिर और 5वा कैडेट राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गिरिडीह के तीन चयनित खिलाड़ी कोटा राजस्थान के लिए रवाना हुए। गिरिडीह जिला ताईक्कांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि 28 से 31 मार्च 2022 तक राजस्थान के कोटा यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले 36वा सब-जूनिर और 5वा कैडेट राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह के तीन चयनिय खिलाड़ी सब-जूनिर वर्ग के अंडर 18 किलोग्राम में काव्य सिंह ,अंडर 20 किलोग्राम में नव्या सिंह और कैडेट वर्ग के अंडर 52 किलोग्राम में अनिता कुमारी कोच रोहित राय और टीम मैनेजर विनीत पंडित के साथ आज गिरिडीह से कोटा के लिए रवाना हुई उनके कोटा रवाना होने के पूर्व भारी संख्या में गिरिडीह के ताइक्कांडो खिलाड़ी न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन पर पहुँच कर अपनी सुभकामना के साथ उन्हें कोटा के लिए रवाना किए। महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया की इन तीनो खिलाड़ीयो ने पूर्व में हजारीबाग में हुए हुए राज्यस्तरीय ताइक्कांडो प्रतिगिगीता में अपने-अपने आयु और वजन भार में पदक जीत कर अपना स्थान झारखंड टीम में बनाने में कामयाब रही थी जिसके निमित ही ये सभी खिलाड़ी झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए इस राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में खेलने जा रही है। उन्होंने बताया कि इसमें से नव्या सिंह और काव्या सिंह जुड़वा बहने है और सीसीएल डीएभी की छात्रा हैं वही अनिता कुमारी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गांडेय की छात्रा है। उन्होंने कहा कि ये तीनो खिलाड़ी काफी अनुभवी है और जिस प्रकार ये सभी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीत कर अपना परचम लहराई है और गिरीडीह जिला का नाम रौसन की है उसी प्रकार अब ये तीनो खिलाड़ी इस राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भी पदक जीत कर जिला के साथ साथ पूरे झारखंड का नाम रौसन करेगी।



# महाअष्टमी अनुष्ठान संपन्न, महानवमी की भव्य झांकियों के साथ शोभायात्रा आज

## शांति भंग करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : अरविंद कुमार लाल

**राजेश कुमार गुप्ता@प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला में महानवमी को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। बुधवार को महाअष्टमी की पूजा देर रात पूरी विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। वहीं गुरुवार को नवमी के मौके पर केंद्रीय महावीर मंडल ज़िला अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि रामनवमी महापर्व इस बार पहले की अपेक्षा और बेहतर तरीके से तथा धूमधाम से मनाने की तैयारी जोर शोर से किया गया है।अखाड़ों के विशेष सजावट पर विशेष पारितोषिक देकर अखाड़ों को सम्मानित करने का भी निर्णय केंद्रीय महावीर मण्डल ने लिया है। जबकि मेला स्थल में पहुंचने वाले सभी अखाड़ों को भी सम्मानित किया जायेगा। इसबार की शोभायात्रा हर





मायने में ऐतिहासिक होगी। जिला के सभी अखाड़ा सुनिश्चित समय पर आज की महानवमी शोभायात्रा निकालेगी तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में संध्या 6 बजे तक मेला स्थल मैना बगीचा भी पहुँचेगी साथ ही साथ होनेवाली बाज़ा प्रतियोगिता में अपनी अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करेगी। इन्होंने बतलाया कि शोभायात्रा में अस्त्र शस्त्र संचलन, झाँकी,गाजे बाजे का धुन इत्यादि की भव्यता देखने व सुनने योग्य होगी,वही पिछले कई दिनों से नगर क्षेत्र में लगातार फ्लैग मार्च निकालते हुए नगर वासियों को शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। एसडीओ अरविंद कुमार लाल व एसडीपीओ बीएन सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी एवं जवान फ्लैग मार्च में शामिल हुए। इस दौरान थाना टोली, तेतर तर, महावीर मंदिर, थाना चौक, बड़ा तालाब, टीपू सुल्तान चौक, इमली चौक पुनः वापस बगडू मोड़, पावरगंज चौक, न्यू रोड होते हुए वीर शिवाजी चौक,अंजुमन मुहल्ला, भट्टी ढलान तक फ्लैग मार्च किया गया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन लगातार फ्लैग मार्च कर रही है। मौके पर एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने कहा कि त्यौहार के दौरान विधि व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने एवं शरारती तत्वों का मनोबल कमजोर करने के साथ-साथ आम जनता को सौहार्द्रपूर्ण और सुरक्षित माहौल उत्पन्न कराने के लिए इस प्रकार की गतिविधि आवश्यक है। जिलेवासी शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने परिवार के साथ त्यौहार मनाएं। किसी भी तरह के अफवाहों से बचें और अफवाह फैलाने वालों की सूचना प्रशासन को दें। जिला पुलिस माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। जिला पुलिस सभी स्थितियों से निपटने को ले तैयार है। जिले को 36 जोन में बांटकर निगरानी की जा रही है। इसके साथ साथ कंट्रोल रूम में सीसी टीवी से भी लगातार नजर रखी जा रही है। त्योहार में खलल डालने और जिले की शांति को भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तरफ से उपायुक्त लोहरदगा एवं पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता के तहत लोहरदगा पुलिस विभाग ने एंबुलेंस एवं पीटीजेड कैमरा सीटी सर्विलांस गाड़ी भी आयोजन स्थल पर निरीक्षण करती रहेगी। जिले के विभिन्न जगहों पर ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जाएगी मौके पर जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बीएन सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, सदर थाना प्रभारी, अनिल उरांव, सनी कुमार, टीनू साहू सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहेंगे।

## लापता युवक की खोजबीन हेतु परिवार ने लगाई मीडिया से गुहार



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मामला सदर थाना क्षेत्र के भट्टखिजरी पंचायत अंतर्गत बकरनी गांव की है जहां एक 30 वर्षीय युवक पिछले 4 दिनों से लापता है,लापता युवक के पिता ने बताया कि 25 मार्च को बकरनी ग्राम निवासी शिबू उरांव का 30 वर्षीय पुत्र किशन दयाल उरांव जो कि मानसिक रूप से विक्षिप्त है ना सुन पाता है ना बोल पाता है जिसका अभी तक काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पाया है। पीड़ित परिवार ने मीडिया से गुहार लगाई है की इस युवक की खोजबीन हेतु उनकी मदद की जाए जिसके लिए मोबाइल नंबर 9693248646 पर कर सकते है। हालांकि इस मामले में अभी तक किसी प्रकार की मामले थाने में दर्ज नहीं किए गए हैं।

## उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कुल 32 मामलों की समीक्षा हुई जिनमें आंख की बीमारी, ब्लड कैंसर, पथरी, लकवा, नस की बीमारी, किडनी संबंधी बीमारी, सियाटिका जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों के आवेदन शामिल थे। इसमें बीमारी अनुसार सहायता राशि भुगतान संबंधी निर्णय लिये गये व भुगतान हेतु आवश्यक निदेश पदाधिकारियों को दिये गये। आज की बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल,जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, डॉ डीएन सिंह, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि बीरेंद्र उरांव उपस्थित थे।

## मंगलवारी जुलूस में लोग ऐसे झूमे जैसे साक्षात धरती में राम और राम भक्त हनुमान उतर आए



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय महावीर मण्डल के नेतृत्व में मंगलवारी जुलूस निकाला गया। जिसमें नगर के लगभग 30 अखाड़ों का एक साथ मिलन स्थानीय शोक विनाशक संकट मोचन मन्दिर, गुदरी बाजार एवम देवी मण्डप मन्दिर पावरगंज चौक में हुआ। जहाँ भगवान राम एवम बजरंग बली का पूजा पाठ एवम महाआरती की गयी। इस दौरान नगर के सभी क्षेत्रों से आये बजरंगी आखाड़ों द्वारा ढोलकों  के थाप एवं नगाड़ों की गूँज के साथ राम धुन व बजरंग बली की जय इत्यादि राग पर बाजा बजाया गया। जिसमे युवाओ द्वारा मदमस्त भक्ति में लीन होकर जब सभी अखाड़े के लोग एक साथ बाजा बजाना प्रारम्भ किये तब अखाड़े में शामिल सभी सनातन युवा,बच्चे, बुजुर्ग मदमष्त होकर इस प्रकार झूमें,जैसे साक्षात धरती में भगवान राम व बजररंग बली का अवतरण हो गया हो और सभी उनके भक्तिरस में गोते लगाने को आतुर हों।पूरा वातावरण राममय हो चुका था। 5 साल के बच्चों से लेकर 75 साल के बुजुर्गों का उल्लास व उत्साह देखने योग्य था। सभी ढोलक व नगाड़ो के थाप पर भक्तिरस में डूबकर इस तरह आनन्दित होकर थिरक रहे थे,जैसे उन्हें अपने ईष्ट का दर्शन हो गया हो और लग रहा हो कि जीवन के इस पल में जो शुकुन और सुख है, इससे बढ़कर दुनिया का और कोई सुख हो ही नही सकता। शोक विनाशक संकट मोचन मन्दिर, गुदरी बाजार में पहुंचने वाले अखाड़ों में बजरंग दल, अमला टोली, थाना टोली, शास्त्री चौक,र घुनंदन लेन, अंबेडकर नगर, तेतर तर, हटिया गार्डेन, बाउली बगीचा दुर्गा मंदिर, तेवारी दुरा, लहेरी मुहल्ला, बरवा टोली, मोटिया संघ, पुराना शुक्र बाज़ार के लोग शामिल हुए जबकि देवी मण्डप मन्दिर पावरगंज चौक में कुटमु, ब्रह्मण्डीहा, धोड़ा टोली, किस्को मोड़, नीम मुहल्ला, नव युवक संघ पावरगंज चौक, बाल्मीकि नगर के लोग सहभगिता निभायी।

## विधिवत पूजा अर्चना कर निकाला गया अष्टमी का जुलूस

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी मेला आयोजित को लेकर विधिवत पूजा अर्चना कर निकाला गया अष्टमी का जुलूस। प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डाँडू में रामनवमी के मेला आयोजित करने को लेकर बुधवार को भक्तो द्वारा चैत शुक्ल पक्ष अष्टमी के अवसर पर अपने अपने घरों में विधिव हनुमानजी का पूजन कर केंद्रीय महावीर मेला समिति बाजार डाँडू के नेतृत्व में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस  बाजार डाँडू से प्रारम्भ होते हुए चौकनी, निमटोली, तोड़ार, डोका, हेसवे सहित विभिन्न गांवोंका भ्रमण करते हुए अपने गंतव्य जगह बाजार डाँडू वापस आया। जगह जगह ग्रामीणों द्वारा  गुड़, चना, सरबत और पानी दे कर जुलूस का स्वागत किया गया।  वही बच्चे, नवजवान और बुजुर्ग सभी जुलूस में पारंपरिक हथियार, ढोल, नगाड़ा, बैंड और महावीरी झंडा लेकर नाचते हुए लोग घूम रहे थे। वही लोगो के द्वारा  लाठी, डंडा, भला, तलवार का भी खेल का प्रदर्ज़हन किया गया। साथ ही जुलूस भ्रमण करते हुए।

## रामनवमी व भरत-मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम के निमित्त कैरो प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 28 मार्च मंगलवार को कैरो प्रखंड, अंचल, व थाना प्रशासन के द्वारा रामनवमी त्योहार व भरत-मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम के निमित्त प्रखंड क्षेत्रों में निकला गया फ्लैग मार्च। उक्त फ्लैग मार्च प्रखंड क्षेत्र के कैरो मुख्यालय, सढावे, हनहट, नगजुवा, व चरिमा मे किया गया फ्लैग मार्च। फ्लैग मार्च मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलअधिकारी कमलेश उराँव, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक हरिओंध करमाली, सअनि संजय कुमार राय, वर्मा उराँव, देवनाथ मराण्डी,व कैरो थाना के पूलिस बल के फ्लैग मार्च यह दर्शा रहा था कि त्योहार मे शांति व्यवस्था मे व्यवधान पहूँचाने वाले असमाजिक गतिविधियों व त्योहार



मे कानून व्यव्स्था पर  व्यवधान उत्पन्न करने वालो से निपटने के लीये प्रशासन तत्पर हैं। विदित है कि श्री रामनवमी पुजा के अवसर पर 31 मार्च दशमी को कैरो मुख्यालय पर महाबीर मंडल आयोजन समिति की और से भरत-मिलाप की भव्य शोभायात्रा आयोजित की जाती रही है उक्त शोभायात्रा कार्यक्रम मे 04 जिले के सैकड़ो अखाड़े, महाबीरी झंडे, गाजे बाजे, व आकर्षक झाँकियाँ व कलाकार खिलाड़ी मुख्यालय कैरो पर पहूँचती है जिससे काफी भीड़ इकट्ठा होकर मेला मे तब्दील हो जाती है। त्योहार मे किसी भी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों से निपटने के लिए लीये कैरो प्रखंड प्रशासन फ्लैग मार्च के माध्यम से चुस्त दुरुस्त दिखाई दिये।

## रमजान और रामनवमी दोनों का एक ही संदेश त्याग, संयम, करूणा, दया और भाईचारगी का पैगाम : अलीरजा अंसारी

### एक साथ कई त्यौहार का आनंद सिर्फ भारतीय ले सकते हैं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** रमजान के पवित्र महीने में रामनवमी का त्यौहार अपने प्यारे मुल्क भारत में सभी समुदायों के बीच शांति, सद्भावना, सहिष्णुता और आपसी विश्वास तथा प्रेम को प्रगाढ़ करने वाला होना चाहिए। मुस्लिमों का पवित्र महीना रमजान हमें गुनाहों से बचने, अल्लाह को राजी करने के लिए अपने प्रिय चीजों का त्याग करने, करूणा और दया के साथ ही उच्च मानवीय और नैतिक मूल्यों की सीख देता है। सदका-ए-फित्र और जकात का कॉसेप्ट विश्व भर में आर्थिक असमानता को दूर करने और सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने का अद्भुत तरीका है। हिंदू धर्म के त्यौहारों में भी रोजा यानि उपवास विशेष महत्व रखता है। नवरात्रि, तीज, गणेश चतुर्थी, कृष्ण जन्माष्टमी इत्यादि त्यौहार में उपवास कर ईश्वर की



आराधना की जाती है। और रामनवमी का त्यौहार तो मां-पिता की इच्छाओं के सम्मान में वैभवपूर्ण जीवन का त्याग,भाई-भाई के बीच अथाह प्रेम, करूणा, वीरता और सद्भावना का प्रतीक ही है। स्पष्ट है कि कोई भी धर्म वैमनस्यता की सीख नहीं देता तो कोई भी त्यौहार में हमारे बीच आपसी विश्वास और भाईचारगी अधिक प्रगाढ़ होनी चाहिए। ये बातें प्रखंड की स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी के संस्थापक एवं दस वर्षों तक चेयरमैन रहे अलीरजा अंसारी ने आज प्रेस से कहीं। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत ही ऐसा देश है जहां जाति-धर्म, बोली-भाषा, रहन-सहन, खान-पान में इतनी विभिन्नता होने के बावजूद सभी एक साथ मिलकर रहते हैं। इसी मिट्टी ने अनगिनत महात्मा, उपदेशक, वलीअल्लाह, धर्मो के संस्थापकों को जन्म दिया है जिन्होंने पूरे विश्व में अमन, शांति, सांसारिक मोह-माया का त्याग और मानव सेवा का संदेश दिया है। वसुदैव कुटुंबकम हिन्दू दर्शन की महत्वपूर्ण सिद्धांत है तो पड़ोसी का ख्याल रखना इस्लाम का बहुत जरूरी पैगाम है।अलीरजा अंसारी ने कहा कि अधकचरी जानकारी,शोसल मीडिया के वाहियात कंटेंट और चंद सिरफिरे लोगों के अफवाह पर आज पढ़े-लिखे युवा जिनसे उनके माता-पिता को ही नहीं समाज और देश को बहुत आशाएं होती हैं, भटक जाते हैं और अपना बेहतरीन कैरियर बर्बाद कर देते हैं।

## ईट भट्ठा और लाह फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों का श्रम विभाग में किया गया निबंधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** श्रम अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर बुधवार को जलडेगा प्रखंड अंतर्गत पतिअम्बा बस्ती टोली स्थित राजेश अग्रवाल के ईंट भट्ठा और लाह फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों ने श्रम विभाग में निबंधन के लिए आवेदन जमा किया। ज्ञात हो कि श्रम अधीक्षक सिमडेगा पुनीत मिंज के निर्देशानुसार मार्च 2023 तक सभी ठेकेदार/भट्ठा मालिक/लाह फैक्ट्री संचालक/ट्रैक्टर मालिक अपने यहां काम करने वाले मजदूरों का हर हाल में निबंधन कराना अनिवार्य है। इसके बाद अप्रैल माह से पूरे क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जायेगा। वहीं जांच के क्रम में बिना निबंधित मजदूर काम करते पाए जायेंगे तो संबंधित मालिक/संचालक के ऊपर कारवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा है कि मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को भी श्रम विभाग में निबंधन कराना अनिवार्य है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 973 छात्र-छात्रओं ने दिया अंग्रेजी की परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के अन्तर्गत बुधवार को अंग्रेजी विषय का परीक्षा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के दो केंद्रों में 973 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया। झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा मैट्रिक की परीक्षा के लिये प्रखंड के दो विद्यालय नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु में 645 में से 633 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया। 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 342 में से 340 छात्र छात्रओं ने परीक्षा लिखा जिसमें दो छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त सम्पन्न हो जिसके लिये प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य और प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार को दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस दौरान परीक्षा केन्द्राधिक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा और अभिषेक गौरव ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कदाचारमुक्त सम्पन्न हुआ। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे ए एस आई रामाधार राम व सुभाष बाउरी दल बल के साथ मौजूद थे।

## बीडीओ ने शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी संपन्न कराने को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में बुधवार को शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी संपन्न कराने को लेकर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रामनवमी में नियुक्त पुलिस, दंडाधिकारी व सहायक कर्मियों के साथ बैठक हुई। बैठक में प्रखंड व अंचल कर्मी सहित सभी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भंडरा प्रखंड में भंडरा, मसमानो, भौंरो व सेमरा में रामनवमी के उपलक्ष्य में मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी जगहों पर अधिकारियों की नियुक्ति की गई। जिसमें किसी भी तरह का कोई दिक्कत आती है,तो नियुक्त अधिकारी अविलंब इसकी सूचना भंडरा प्रखंड कार्यालय में बने कंट्रोल रुम को देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन द्वारा मेला स्थल में एक-एक हेल्प डेस्क स्टॉल व रामनवमी झांकी भ्रमण रूट में सद्भावना मंच स्टॉल लगाया जाएगा। सद्भावना मंच स्टॉल में सभी धर्म के लोग आपसी एकता व सामाजिक सौहार्द का मिशाल प्रस्तुत करेंगे। साथ ही झांकी भ्रमण में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। इसके अलावे बीडीओ ने रामनवमी मेले में नियुक्त सभी कर्मियों की कार्यो की सराहना करते हुए शरारती तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया है।

### महासप्तमी पर अस्त्र शस्त्र चालन व बाजा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## भगवान राम और भक्त हनुमान की अटूट भक्ति का पर्व है रामनवमी : रोहित प्रियदर्शी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नवयुवक मोटिया संघ बरवाटोली के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासप्तमी पर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुख्य संरक्षक निशीथ जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह डीएसओ अमित बेसरा,नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार समेत अन्य ने विधिवत शुरुआत की। सभी राम भक्तों को सम्बोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि हमारी आस्था,अटूट श्रद्धा और विश्वास का पर्व रामनवमी की अग्रिम बधाई देता हूँ। भगवान राम



और भक्त हनुमान के अटूट भक्ति का पर्व रामनवमी में सभी लोग उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारे। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान मंदिर में नारियल फोड़कर और दीप जलाकर की गई। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंग बली की आरती अतिथियों ने की। इसके बाद मोटिया संघ के संस्थापक सदस्य स्व प्राण प्रसाद जायसवाल की फ़ोटो पर माल्यार्पण के बाद मुख्य अतिथि रोहित प्रियदर्शी उरांव, एसडीओ, एसडीपीओ, डीएसओ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा लाठी खेलकर खेल का शुभारंभ किया गया। कमिटी के अध्यक्ष निशीथ जायसवाल ने कहा कि मोटिया संघ का गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे पिता स्व प्राण प्रसाद जायसवाल कई वर्षो से कमिटी की सेवा करते रहे है। उनके बाद मैं उन्ही के पद चिन्हों पर चलकर आगे भी अच्छा करने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष रोहित साहु,पूर्व अध्यक्ष सह जिप सदस्य किस्को संदीप कुमार गुप्ता,  सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, डॉ गणेश प्रसाद, खेल प्रशिक्षण संजय नायक, दीपक जायसवाल, संतोष कुमार महतो, सरोज प्रजापति, अशोक रजक, रितेश कुमार, सचिव कुमार, संदीप मिश्रा ओम प्रकाश लकी, ललित ठाकुर, प्रमोद प्रजापति, मोटिया संघ के पदाधिकारी में उदय नायक, रंजीत महली, प्रदीप सिंह, बिनोद महली, नवल नायक, अजय नायक, जागेश्वर साहू, मोहन दुबे, राजीव रंजन, संदीप मिश्रा, लक्की साहू, रमेश साहू, नागेंद्र प्रजापति समेत बड़ी संख्या में सभी अखाड़ो के रामभक्त उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा में स्वास्थ्य मेला आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ उषा मिंज ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वास्थ्य मेला में आकर मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाइक ने कहा कि गांव के लोगों को पी एच सी में आकर उपलब्ध दवाईयों का समुचित लाभ उठाना चाहिए। वहीं कादोपानी मुखिया शशिकला तिर्की  ने कहा इस तरह के स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रम होते रहना चाहिए। वही उपस्थित आयुष चिकित्सक देवतोष भुटिया एवं चिकित्सा प्रभारी ने



स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाने का ग्रामीणों से आग्रह किया साथ ही बताया कि मेले में आने से सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं और सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं शिक्षा विभाग के बीपीओ मनमोहन गोस्वामी ने कहा कि सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना जरूरी है। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे जिसमें सुगर, बी पी, मलेरिया, यक्षमा, कुष्ट रोग एवं अंधापन आदि से संबंधित बीमारियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। एवं दवाई भी मुफ्त में दी गई। आयुष विभाग के द्वारा भी स्टॉल लगाया गया एवं दवा वितरण किया गया।मौके पर राबर्ट सुरीन,राजश्री कुमारी, रोहित कुमार, सोनी देवी, रंजित कुमार, विद्या सागर सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी लोगों को सेवा देने का कार्य कर रहे थे।

## चलते चलते एक नजर

### अप्रैल से मॉर्निंग शिफ्ट में चलेंगे सरकारी और निजी स्कूल

**रांची (प्रभात मंत्र)** : राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूल गर्मी के दिनों में मॉर्निंग शिफ्ट में संचालित होंगे। यह व्यवस्था अप्रैल महीने से लागू होगी। अभी तक सभी स्कूलों में क्लासेस नौ बजे से शुरू होते हैं, जो अप्रैल महीने से सुबह सात बजे से शुरू होंगे। यह व्यवस्था अगले तीन महीने 30 जून तक बनी रहेगी। एक अप्रैल शनिवार होने के चलते मॉर्निंग शिफ्ट का शेड्यूल तीन अप्रैल से लागू होगा। टाइम टेबल में बदलाव होने के साथ ही मध्याह्न भोजन देने के समय में भी बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। मॉर्निंग शिफ्ट में स्कूल शुरू होते ही 11 से 11:30 तक का समय मध्यान्ह भोजन का होगा। शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक स्कूल की छुट्टी होने से 10 मिनट पहले बच्चे एकजुट होकर प्रार्थना करेंगे। इसके बाद एक घंटे का समय स्पोर्ट्स का होगा। मौसम की स्थिति को देखते हुए यह इनडोर और आउटडोर दोनों हो सकता है। हालांकि, स्पोर्ट्स के लेकर असमंजस की स्थिति है। मॉर्निंग शिफ्ट में स्कूल शुरू होने के बाद छुट्टी होने का समय दोपहर एक का होगा। इसके बाद गर्मी के दिन में स्पोर्ट्स मुश्किल होगा। ऐसे में शिक्षक संघ ने भी शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि इस पर विचार किया जाए। शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से जो निर्देश जारी किया गया है उसके अनुसार स्कूल खुलते ही शुरू की दो घंटी 45-45 मिनट की होगी। सात बजे से स्कूल शुरू होगा। शिक्षकों को 6:45 तक स्कूल पहुंचना होगा। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 7:00 बजे से 7:15 बजे तक प्रार्थना होगी। इसके बाद क्लास में हाजिरी ली जाएगी और फिर 7:25 से पहली घंटी होगी। पहली दो घंटे की पढ़ाई पूरा होने के बाद 5 मिनट का ब्रेक भी दिया जाएगा। इसके बाद तीसरी चौथी और पांचवीं घंटी 40-40 मिनट की होगी। पांचवीं घंटी के बाद मध्यान्ह भोजन का समय होगा। मध्यान्ह भोजन के बाद छठी घंटी 40 मिनट की होगी। इसके बाद पांच मिनट का ब्रेक मिलेगा और फिर छुट्टी से पहले सातवीं घंटी 35 मिनट की होगी।

### सदन में बातों को म्यूट कर देंगे लेकिन बाहर उनकी आवाज को नहीं रोक पाएंगे : सिंह

**रांची (प्रभात मंत्र):** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जब तथ्यों के साथ सदन में मोदी सरकार से सवाल पूछते हैं तो उन सवालों के जवाब देने के बजाए उनकी आवाज को म्यूट कर दिया जाता है। सिंह बुधवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सदन में बातों को म्यूट कर देंगे लेकिन बाहर उनकी आवाज को नहीं रोक पायेंगे। सिंह ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार हो रहा है। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। ये बात हम नहीं पूरा देश और पूरा विपक्ष कह रहा है। ये दिखायी भी दे रहा है। प्रधानमंत्री हर दिन किसी न किसी तरीके से लोकतंत्र को क्षति पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लोकतंत्र संवाद से मजबूत होता है, विचारों के अदान-प्रदान से मजबूत होता है। यही लोकतंत्र है। यदि आप प्रश्न कर रहे हैं तो सत्ता को वो नागवार गुजर रहा है, चाहे वो कोई नेता हो, सामाजिक संगठन हो उन्हें नीति के विरुद्ध माना जा रहा है।

# रामचरितमानस को अपने जीवन में उतारने की जरूरत : अविनाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** बुधवार को अपने डाल्टेनगंज विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखण्ड अंतर्गत कोशियारा ग्राम में रामचरितमानस नवाह परायण महायज्ञ में झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव शामिल हुए। यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने फूलमाला अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर स्वागत उनका किया। अविनाश देव ने यज्ञशाला का परिक्रमा एवं रामदरबार का दर्शन किया। उन्होंने अयोध्या से आयीं मानस प्रवक्ता को आरती उतारा, फूलमाला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और आशीर्वाद



लिया। अल्पकालिक समय में अपनी बात को रखते हुए अविनाश देव ने कहा कि सात सौ सालों से भारतवर्ष के पावन भूमि पर रामचरित मानस का पवित्र पाठ हो रहा है। इसके बावयुद बहस छिड़ा है। अगर रामचरित मानस को वाद से मुक्त कर दिया जाए और सच में आर्थिक लाभ से ऊपर हिमालय के गुफाओं में तपलीन ऋषियों के भांति निःस्वार्थ दिखावेपन से दूर जनमानस के लिए राम के चरित्र का वर्णन किया जाए तो रामचरित मानस महज महाकाब्य नहीं बल्कि जनमानस के सूत्रवाक्य हो जायेगा और सरहद पार भी इसकी महत्ता बढ़ जायेगी।

हमे पुनर्विचार करना चाहिए। ईसाई, इस्लाम, बौद्ध व अन्य विचार पूरी दुनिया मे क्यों प्रसारित हुआ। आज जरूरत है जाति,धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर रामचरित मानस को ले जाने की. तभी हम रामराज्य की परिकल्पना कर सकते हैं। तभी हम गंगा यमुना के धारा को निर्मल रख सकते हैं।

# टेंडर डालने से रोका तो खैर नहीं : महापौर


प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर के पास कुछ संवेदको ने आकर शिकायत की। इनलोगों ने उन्हें कहा कि निगम के बाहर गेट पर टेंडर डालने से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रोका जा रहा है। और 2 दिनों तक टेंडर न डालने की धमकी भी दी जा रही है। जिस पर महापौर ने कड़े तेवर में तुरंत एक्शन लेते हुए सारा टेंडर पेपर संवेदको का लेकर अपने अंगरक्षक के साथ कार्यालय भेज कर डलवा दी। कहा कि कोई भी रंगदारी निगम में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो लोग भी टेंडर डालना चाहते हैं वे डालें। अगली बार से किसी भी संवेदक को रोका गया तो रोकने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।



महापौर ने यह भी कहा कि जो संवेदक निगम के कार्यों में टेंडर डालना चाहते हैं वे स्वतंत्र होकर डालें। दिक्कत हो तो डरे नहीं, मुझे बताएं। टेंडर मैं डलवागी।

# सरकारी स्कूलों की छात्राओं को मिलेगी मुफ्त सेनेटरी नैपकिन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली वर्ग 6 से 12वीं तक की छात्राओं को मुफ्त में सेनेटरी नैपकिन मिलेगा। इनकी संख्या करीब 10 लाख है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 52 लाख 61 हजार रुपये का आवंटन किया गया है। इस बाबत झारखंड के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख को पत्राचार कर आवंटित राशि की जानकारी दी है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य योजना से नैपकिन खरीदा जाएगा। आवंटित राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा हैं, जो एकमुश्त राशि प्रबंध निदेशक, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के खाते में करेंगे जबकि पूरी राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। आवंटित की जाने वाली राशि का व्यय सरकार की ओर से निर्धारित वित्तीय प्रावधानों के आलोक में प्रक्रिया अपनाते हुए किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लड़कियों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ जीवन जीने में मदद के लिए सेनेटरी नैपकिन बांटने की योजना की शुरूआत हुई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने साल 2014 में इसकी शुरूआत की थी। स्कूलों में वेंडिंग मशीन लगाने की योजना बनाई गयी थी लेकिन घोषणा सिर्फ घोषणा बनकर रह गयी।

# डिवाइन वर्ल्ड सोसायटी का लंगर सेवा 30 मार्च को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** श्री रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर सभी राम भक्तो के स्वागत में मेदिनीनगर के बीचों बीच स्थित छः मुहान चौक के समीप डिवाइन वर्ल्ड सोसायटी के द्वारा लंगर का आयोजन 30 मार्च को किया गया है। जिसमे सोसायटी के सभी सदस्यों ने अपने सामर्थ्य अनुसार सहयोग किया है। जिसमे सोसायटी के आशीष सिंह ने 1 टैंकर पानी व 1.5 क्विंटल आलू व 60द्मद्द प्याज, अजय प्रसाद ने 2100 रुपए, धीरज तिवारी ने 2 क्विंटल आटा, हिमांशु सोनी ने हलवा का सामग्री, आलोक शुक्ला ने 2001रुपए,सुमित कुमार ने 2100 रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया है। सोसायटी के सूर्यकांत कुमार ने





कहा की सोसायटी सोशल-ह्यूमेनटीज, आर्ट व एंटरटेनमेंट से संबंधित वर्ष 2015 से ही स्थापित है। जो समय समय पर सामाजिक सेवा के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करते आ रहा है। अभी हाल में ही डिवाइन वर्ल्ड सोसायटी के द्वारा एक रियलिटी शो सर्च टैलेंट का आयोजन काफी ग्रैंड तरीके से कराया गया था और अभी लंगर सेवा का आयोजन किया गया है। डिवाइन वर्ल्ड सोसायटी के सूर्यकांत कुमार ने अपने सदस्यों के साथ बैठक कर लंगर सेवा में शीतल पेयजल, हलवा, पूड़ी सब्जी, व शरबत बनवाने का निर्णय लिया और 5001 रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया।

# सांसद वीडी राम ने बंशीधर महोत्सव समारोह का उद्घाटन करने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री को किया अनुरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : नई दिल्ली में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के श्री बंशीधर नगर में दिनांक 8 एवं 9 अप्रैल 2023 को आयोजित दो दिवसीय श्री बंशीधर महोत्सव समारोह का उद्घाटन करने का अनुरोध किया।

श्री राम ने उन्हें बताया कि पलामू के अंतर्गत दो जिले आते है पलामू एवं गढ़वा। गढ़वा जिला झारखण्ड राज्य के उत्तर पश्चिम में स्थित है और बिहार का रोहतास, उत्तर प्रदेश का सोनभद्र और छतीसगढ़ का सरगुजा जिलों की सीमाएं इससे लगती है। इसलिए इसे कभी गेटवे आंफ छोटानागपुर कहा जाता था। झारखण्ड की राजधानी रांची से गढ़वा जिले की दूरी 205 किलोमीटर है। गढ़वा से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर नगर उंटारी अनुमंडल स्थित है जहॉ पर शताब्दियों प्राचीन श्री वंशीधर मंदिर अवस्थित है। इस मंदिर में राधा एवं कृष्ण की साढे चार फीट उंची और बतीस मन की स्वर्ण निर्मीत एक अत्यंत मोहक प्रतिमा विराजमान है। यह अद्भुत प्रतिमा भूमि में गढ़े शेषनाग के फन पर निर्मीत चैबीस



पंखुडियों वाले विशाल कमल पर विराजमान है, नगर उंटारी राज परिवार के संरक्षण में यह वंशीधर मंदिर देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहा है, कई दशकों से यहॉ प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने भर यहॉ आकर्षक एवं विशाल मेला लगता आ रहा है। मंदिर के प्रस्तर लेख और उसके पुजारी के अनुसार सम्वत् 1885 में नगर उंटारी के महाराजा भवानी सिंह की विधवा रानी शिवमानी कुवंर ने लगभग बीस किलोमीटर दूर शिवपहरी पहाड़ी में दबी पड़ी इस कृष्ण प्रतिमा के बारें में स्वप्न देख कर जाना, इतिहासकार ऐसा अनुमान लगाते है कि यह प्रतिमा मराठो के द्वारा बनवाई गई होगी जिन्होंने वैष्णव धर्म का काफी प्रचार किया था और मूर्तियॉ भी बनवाई थी, मुगलों के आक्रमण से बचाने के लिए मराठों ने इसे शिवपहरी पहाड़ी की कंदराओं में छुपा दिया था। सांसद ने बताया कि मेरे अनुरोध पर माननीय राज्यमंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी ने दिनांक 8 अप्रैल 2023 को श्री बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन करने की सहमति प्रदान कर दी है। उम्मीद है कि बहुत जल्द उनका कार्यक्रम जिला प्रशासन को उपलब्ध हो जाएगा।

### शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है आतंकवाद : डोभाल

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा कि शांति और सुरक्षा क लिए सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डोभाल ने बुधवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इससे निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों सहित काउंटर टेररिज्म प्रोटोकॉल के प्रति सभी देशों को सजग रहना होगा। उन्होंने बैठक के दौरान यह भी कहा कि चार्टर सदस्य देशों को एक दूसरे देश की संप्रभुता, राज्यों की क्षेत्रीय अखंडता आदि का सम्मान करना चाहिए। चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, भारत, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, रूस, और उज्बेकिस्तान इस संगठन के सदस्य हैं । वर्ष 2023 के लिए भारत ने एससीओ की अध्यक्षता ग्रहण की थी।

# निर्वाचित नेताओं का विचार प्राचीन भारत में शेष विश्व से बहुत पहले आम बात थी : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए बुधवार को कहा कि निर्वाचित नेताओं का विचार प्राचीन भारत में शेष विश्व से बहुत पहले आम बात थी। उन्होंने कहा कि भारत का मार्गदर्शक विचार सबका साथ, सबका विकास है, जिसका अर्थ समावेशी विकास के लिए मिलकर प्रयास करना है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को वर्चुअल माध्यम से लोकतंत्र के दूसरे शिखर सम्मेलन में नेता स्तरीय पूर्ण सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से शुभकामनाएं लेकर आये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि निर्वाचित नेताओं का विचार प्राचीन भारत में शेष विश्व से बहुत पहले एक सामान्य विशेषता थी। हमारे प्राचीन महाकाव्य महाभारत में नागरिकों का पहला कर्तव्य अपने नेता को चुनने के रूप में वर्णित किया गया है। हमारे पवित्र वेद, व्यापक-आधारित परामर्शी निकायों द्वारा राजनीतिक शक्ति का प्रयोग करने की बात करते हैं। प्राचीन भारत में गणराज्य राज्यों के कई ऐतिहासिक संदर्भ भी हैं, जहां शासक वंशानुगत नहीं थे। भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल एक ढांचा नहीं है, यह एक आत्मा भी है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि हर इंसान की जरूरतें और आकांक्षाएं समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। इसीलिए भारत में, हमारा मार्गदर्शक दर्शन ÷सबका साथ, सबका विकास÷ है, जिसका अर्थ





समावेशी विकास के लिए एक साथ प्रयास है। उन्होंने कहा कि चाहे जीवन शैली में परिवर्तन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से लड़ने का हमारा प्रयास हो, वितरित भंडारण के माध्यम से जल संरक्षण करना हो, या सभी को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन प्रदान करना हो, हर पहल भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के दौरान, भारत की प्रतिक्रिया लोगों द्वारा संचालित थी। यह वे हैं, जिन्होंने मेड इन इंडिया टीकों की 2 बिलियन से अधिक खुराक देना संभव बनाया है। हमारी वैक्सीन मैत्री पहल ने लाखों टीकों को दुनिया के साथ साझा किया। यह वसुधैव कुटुम्बकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की लोकतांत्रिक भावना से भी निर्देशित था। प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र के गुणों को लेकर कहा कि भारत, कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, आज सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। यह अपने आप में दुनिया में लोकतंत्र का सबसे अच्छा विज्ञापन है।

# भारतीय सूचना सेवा और भारतीय नौसेना आयुध सेवा के अधिकारियों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के अधिकारियों को तेजी से फैलने वाली फर्जी सूचनाओं 'फेक न्यूज' से निपटने की जिम्मेदारी लेनी होगी। सोशल मीडिया के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को रोकने के लिए उन्होंने अधिकारियों से समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया।

भारतीय सूचना सेवा (2018, 2019, 2020, 2021 और 2022 बैच) के अधिकारियों व अधिकारी प्रशिक्षुओं और भारतीय नौसेना आयुध सेवा के परिवीक्षाधीनों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और इसके कामकाज के बारे में नागरिकों को जागरूक बनाने में संचार एक महत्वपूर्ण कारक है। प्रभावी संचार के माध्यम से और सही जानकारी के साथ, आईआईएस अधिकारी नागरिकों को देश की प्रगति में सूचित भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज सूचनाओं के व्यापक और त्वरित प्रसार के साथ ही समान रूप से तेजी से फैलने वाली फर्जी सूचनाओं की चुनौती भी सामने आई है। आईआईएस अधिकारियों को फेक न्यूज से निपटने की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने उनसे प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और झूठे आख्यान बनाने के लिए मीडिया, विशेष रूप से सोशल मीडिया के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की छवि को निखारने में आईआईएस अधिकारियों की अहम भूमिका है। भारत ने हमेशा दुनिया को शांति और भाईचारे का संदेश दिया है। संपूर्ण मानवता के लिए सांस्कृतिक संदेशों के माध्यम से भारत की सॉफ्ट पावर को फैलाना एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहां वे एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं।भारतीय नौसेना आयुध सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें भारतीय नौसेना और भारतीय तट रक्षक दोनों को एक कुशल और सुरक्षित आयुध रसद वितरण प्रणाली प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति और अत्याधुनिक हथियारों की शुरूआत के साथ, उन्हें स्वदेशीकरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नवाचार के लिए प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि जहां पिछले दशकों में स्वदेशीकरण की दिशा में काफी कुछ हासिल किया गया है, वहीं अब समय आ गया है कि मेक इन इंडिया के विजन के अनुरूप भारत में तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण कर आत्मनिर्भरता का एक नया चरण शुरू किया जाए। उन्होंने आईएनएएस अधिकारियों से नौसेना आयुध के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में पूरे दिल से योगदान देने का आग्रह किया।राष्ट्रपति ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे हमेशा याद रखें कि उनके पद बड़ी जिम्मेदारी और जवाबदेही वाले होते हैं।

### छह सप्ताह के प्रशिक्षण पर जाएंगे रांची के 17 इंस्पेक्टर

**रांची** : रांची जिला बल के 17 इंस्पेक्टर छह सप्ताह के प्रशिक्षण पर जाएंगे। इसको लेकर रांची एसएसपी ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि डीएसपी में प्रोन्नति से पहले छह सप्ताह का प्रशिक्षण कराए जाने के लिए रांची जिला बल के 17 इंस्पेक्टर को दो अप्रैल तक झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में योगदान करने का आदेश प्राप्त है। प्राप्त आदेश के अनुपालन करते हुए सभी इंस्पेक्टर को निर्देश दिया जाता है कि दो अप्रैल को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। जिन 17 इंस्पेक्टर को छह सप्ताह की ट्रेनिंग मिलेगी, उसमें राधिका रमन मिंज, वेंकटेश कुमार, रमेश कुमार,राजीव रंजन लाल ,संजीव कुमार, राजकुमार यादव, नीरज, अरविंद कुमार सिंह, प्रवीण कुमार ,दयानंद कुमार, शैलेश प्रसाद, श्याम किशोर महतो, रमेश कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, राय सौमित्र पंकज भूषण, सुनील कुमार तिवारी और आलोक सिंह के नाम शामिल हैं।

# दीपक प्रकाश ने रास में उठाए तीन सवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को झारखंड के पंचायतों में इंटरनेट की सुविधा, झारखंड में जल मार्गो का विकास एवं राज्य में लावारिश गायों की देखभाल के लिए भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड की ओर से नियंत्रण में लिए गए गोशालाओं की स्थिति पर सवाल पूछे।

प्रकाश के सवालों का जवाब देते हुए पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने बताया कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत पंचायती राज मंत्रालय देश के सभी राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों में ई पंचायत मिशन मोड परियोजना को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य पंचायतों में कामकाज में सुधार करना, उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है।

उन्होंने बताया कि उच्च बैंड विड्थ क्षमता प्रदान करने, ग्रामीण दूर दराज के क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं के विस्तार और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिए भारत नेट परियोजना को दूरसंचार विभाग द्वारा देश में लगभग



255,000 सभी ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए नेटवर्क बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। अबतक देश में भारत नेट परियोजना के तहत 1,93,531ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया जा चुका है। साथ ही परियोजना को 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है।

पंचायती राज राज्यमंत्री ने बताया कि झारखंड में ग्राम पंचायतों और समकक्ष की कुल संख्या 4345 है, जिसमें ऑन बोर्ड ग्राम पंचायतों की संख्या 4342, ऑनलाइन भुगतान वाले ग्राम पंचायत 4337, ऑन बोर्ड ब्लॉक 264, ऑनलाइन भुगतान वाली ब्लॉक पंचायत 263 ऑन बोर्ड जिला पंचायत 24 तथा ऑनलाइन भुगतान वाली जिला पंचायतें भी 24 हैं।

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परशोत्तम रूपाला ने विभागीय प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया कि भारतीय जीवजंतु कल्याण बोर्ड ने झारखंड राज्य में आवारा बोवाइनो की देखभाल के लिए किसी गोशाला को अपने नियंत्रण में नहीं लिया है। भारतीय जीवजंतु कल्याण बोर्ड उन पशु कल्याण संगठनों को मान्यता प्रदान करता है जो बोर्ड के पास मान्यता के लिए आवेदन करते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आवारा गो पशुओं को रखने के लिए स्थानीय नगर निकाय, पंचायतों को कांजी हाउस, गोशाला आश्रय गृह स्थापित करने और चलाने के लिए जिम्मेवार हैं। देश के कई राज्य सरकारें गोशालाओं की सहायता के लिए विभिन्न योजनाएं लागू कर रही हैं।

इसके अतिरिक्त भारतीय जीवजंतु कल्याण बोर्ड गोशालाओं सहित मान्यता प्राप्त पशु कल्याण संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए नियमित अनुदान, आश्रय गृह स्थापना, रख-रखाव संबंधी योजना, संकटग्रस्त पशुओं के लिए एंबुलेंस सेवा योजना तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पशुओं को राहत प्रदान करने संबंधी योजना लागू कर रहा है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने जलमार्ग संबंधी प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय ने विश्व बैंक से वित्तीय सहायता सहित सरकारी बजटीय सहायता के माध्यम से राष्ट्रीय जलमार्गों पर मल्टी मॉडल टर्मिनल (एमएमटी), इंटर मॉडल टर्मिनल (आईएमटी) का निर्माण किया है।